CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :20°C
न्यूनतम: 06°C

लखनऊ, शनिवार 24 जनवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 80 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चुनाव प्रबंधन निकायों का तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न पेज 2



सुधार की गुंजाईश हमेशा रहती है: अभिषेक शर्मा खेल टाइम्स



बालिकाओं के साथ बढ़ते हैवानियत के मामले चिंताजनक सम्पादकीय




ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनकर फैमिली बिजनेस बढ़ाया पेज 12

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश हुए विमान में पहले से खराबी थी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में 12 जून 2025 को क्रैश हुए एयर इंडिया के बोइंग 787 विमान में पहले से कई गंभीर तकनीकी दिक्कतें थीं। चार साल पहले प्लेन में आग भी लगी थी।

अमेरिका स्थित फाउंडेशन फॉर एविएशन सेफ्टी (एफएएस) ने दावा किया है कि विमान में इलेक्ट्रिकल सिस्टम फेल होने से एक के बाद एक कई सिस्टम बंद हुए। हो सकता है कि यही हादसे की वजह बना हो। विमान टेकऑफ के कुछ ही सेकेंड बाद अहमदाबाद के रिहायशी इलाके में गिर गया था। इस हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। सिर्फ एक शख्स जिंदा बचा था। एफएएस के मुताबिक, यह बोइंग 787 विमान 2014 से उड़ानों में इस्तेमाल हो रहा था। व्हिसलब्लोअर के दस्तावेजों के आधार पर संगठन का दावा है कि विमान में शुरुआत से ही बार-बार तकनीकी और सिस्टम से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। 2022 में एक बार उड़ान के दौरान विमान में आग भी लगी थी।

# उत्तर भारत में यकायक बदला मौसम का मिजाज, लौटी ठंड

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ राजस्थान-यूपी में जमकर बारिश, शीतलहर चली, शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी, श्रीनगर एयरपोर्ट पर चार इंच बर्फ, सभी फ्लाइट्स कैंसिल, वैष्णो देवी यात्रा रुकी, कई स्थानों पर तापमान में भारी गिरावट

**उत्तर भारत** में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से मौसम बदल गया है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में देर रात से बारिश हो रही है। तेज हवाएं चल रही हैं। कई जिलों में तापमान घट गया है। हिमालय के राज्यों में भी बारिश-बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है।

हिमाचल के शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इससे साढ़े तीन महीने से चल रहा ड्राई स्पेल खत्म हो गया है। जम्मू-कश्मीर के मैदानी और पहाड़ी जिलों में बर्फबारी जारी है। श्रीनगर एयरपोर्ट पर 4 इंच तक बर्फ जम गई है, इसके कारण शुक्रवार के लिए सभी फ्लाइट कैंसिल कर दी गई हैं। श्रीनगर-जम्मू हाईवे भी बंद है। नवयुग टनल के पास ट्रैफिक रोक दिया गया है। मुगल, सिंथन रोड भी बंद हैं। कटरा में बर्फबारी के कारण वैष्णो देवी यात्रा रोक दी गई है। राजौरी, पुंछ और कठुआ में स्कूल बंद हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, 26 जनवरी को दूसरा स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। इससे उत्तर भारत के 9 राज्यों में बारिश और पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ या वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, पश्चिम से आने वाली हवा और बादलों का एक सिस्टम होता है। इसके एक्टिव होने से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी, मैदानी क्षेत्रों में बारिश होती है। तापमान में गिरावट, पाला और कोल्डवेव के हालात बनते हैं। जम्मू-कश्मीर में उधमपुर पुलिस ने बर्फबारी में फंसे महिलाओं और बच्चों समेत 12 लोगों को सफलतापूर्वक बचा लिया। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोग चोचरू गल्ला इलाके में खराब मौसम के कारण फंस गए थे। चोचरू गल्ला इलाके से लगभग 12 किलोमीटर दूर संघ में पुलिस पोस्ट को एक इमरजेंसी कॉल मिली। इसके बाद अधिकारियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। उधमपुर पुलिस अधिकारियों को उस इलाके तक पहुंचने में तीन घंटे लगे जहां स्थानीय लोग फंसे हुए थे। शिमला में भी सीजन की पहली बर्फबारी हुई। घरों के बाहर सड़कों पर खड़ी गाड़ियों पर मोटी बर्फ की परत जम गई है। हिमाचल के मनाली में शुक्रवार सुबह से बर्फबारी शुरू हो गई, जिससे पूरी घाटी सफेद चादर से ढक गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### छगन भुजबल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 20 साल बाद बरी

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से चले आ रहे एक बड़े कानूनी मामले में राकांपा नेता और मंत्री छगन भुजबल को बड़ी राहत मिली है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने महाराष्ट्र सदन निर्माण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें आरोपों से बरी कर दिया है। अदालत ने साफ कहा कि भुजबल के खिलाफ आरोप तय करने लायक ठोस सबूत पेश नहीं किए जा सके। यह मामला वर्ष 2005-06 का है। उस समय भुजबल महाराष्ट्र सरकार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री थे। आरोप था कि नई दिल्ली में महाराष्ट्र सदन के निर्माण का ठेका एक निजी कंपनी को गलत तरीके से दिया गया। ईडी ने दावा किया था कि इस सौदे के बदले भुजबल और उनके परिजनों को कथित रूप से रिश्वत मिली थी, जिसे मनी लान्ड्रिंग बताया गया। ईडी का आरोप था कि निर्माण कंपनी केएस चमनकर ने भुजबल परिवार को किकबैक दिया। जांच एजेंसी के मुताबिक यह पैसा उन कंपनियों में भेजा गया, जिनमें भुजबल के बेटे पंकज भुजबल और भतीजे समीर भुजबल निदेशक थे।

### जम्मू-कश्मीर के कठुआ में जैश का आतंकी ढेर

**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में शुक्रवार शाम सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी को मार गिराया। आईजीपी जम्मू ने आतंकी के मारे जाने की पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक मारे गए आतंकी नाम उस्मान है। अभी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। सुरक्षाबलों की मुठभेड़ आतंकियों के ग्रुप से हुई है। बिलावर इलाके में अभी भी एनकाउंटर जारी है। सुरक्षाबलों की जाइंट टीम ने बिलावर इलाके में आतंकियों के 3 ठिकानों का भंडाफोड़ किया था।

### बारिश के बीच गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर शुक्रवार को बारिश के बीच गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। बारिश के बावजूद सेना के जवानों ने कदमताल करते हुए मार्च किया। रिहर्सल में कई मंत्रालयों और विभागों की झांकियां भी शामिल रहीं। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर और संस्कृति मंत्रालय ने वंदे मातरम् थीम पर झांकी निकाली। बारिश के बावजूद दर्शक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उन्होंने छाते लेकर परेड और झांकियां देखीं।

## जज को उसकी लिमिट बताने वाले वकील को सीजेआई ने लगाई फटकार

# आंख दिखाना चाहता है, तो दिखाए

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ वकील महेश तिवारी ने जस्टिस कुमार से कहा था कि वे अपनी हद पार न करें

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट** ने शुक्रवार को उस वकील को कड़ी फटकार लगाई, जिसने जज को लिमिट बताने की कोशिश की थी। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने वकील से कहा कि अगर वह आंखें दिखाना चाहता है तो दिखाए, हम भी यहां बैठे हैं। हम भी देखेंगे। वकील का नाम महेश तिवारी है।

उन्होंने पिछले साल कोर्टरूम की कार्यवाही के दौरान झारखंड हाईकोर्ट के एक जज के साथ मौखिक बहस के लिए जारी किए गए आपराधिक अवमानना नोटिस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। दरअसल, वकील महेश तिवारी 16 अक्टूबर को झारखंड हाईकोर्ट के जज राजेश कुमार के साथ बहस की थी। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। बहस के दौरान वकील महेश तिवारी ने जस्टिस कुमार से कहा था कि वे अपनी हद पार न करें। इसके बाद झारखंड हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना घ्ध्का नोटिस जारी किया। इस पर वह सुप्रीम कोर्ट चले गए। हालांकि, अब सुप्रीम कोर्ट से वकील तिवारी को झटका लगा है। सीजेआई सूर्यकांत ने हाईकोर्ट की अवमानना कार्यवाही के खिलाफ अपील करने के लिए वकील महेश तिवारी को फटकार लगाई और कहा कि वह बस सुप्रीम कोर्ट से एक आदेश चाहता है, ताकि यह दिखा सके कि मेरा क्या बिगाड़ लिया। मामला तब सुलझ गया जब महेश तिवारी ने अपनी क्लाइंट को 50,000 रुपये जमा करने पर सहमति जताई। हालांकि, तिवारी का मामला खत्म होने के बाद यह मुद्दा और बढ़ गया। जैसे ही कोर्ट ने अगला मामला लिया, जस्टिस कुमार ने कथित तौर पर महेश तिवारी के तर्क पेश करने के तरीके के बारे में टिप्पणी की। इसके बाद कोर्ट ने उस वक्त अदालत में ही मौजूद झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन से वकील के आचरण का संज्ञान लेने को कहा। इसके बाद तिवारी खड़े हुए, बेंच के पास गए, और जज की ओर इशारा करते हुए कहा कि मैं अपनी तरह से बहस कर सकता हूं, आपके बताए तरीके से नहीं। कृपया इस बात का ध्यान रखें, किसी भी वकील को अपमानित करने की कोशिश न करें, मैं आपको बता रहा हूं। इस पर जज ने पलटकर जवाब दिया और कहा कि आप यह नहीं कह सकते कि कोर्ट अन्याय कर रहा है। इसके बाद वकील महेश ने कहा कि क्या मैंने ऐसा कहा। इसके बाद जज से लाइव वीडियो रिकॉर्डिंग देखने के लिए कहा, यह इशारा करते हुए कि यह कोई और वकील था, जिसने बहस की वह लाइन इस्तेमाल की थी, जिसे जस्टिस कुमार ने अपमानजनक पाया। बयान अधिवक्ता महेश तिवारी द्वारा अदालत की कार्यवाही के दौरान दिया गया बताया जा रहा है। वकील ने कहा कि कृपया रिकॉर्डिंग देखिए। मैंने केवल आपके समक्ष प्रार्थना की थी, देश न्यायपालिका को लेकर जल रहा है, ये मेरे शब्द हैं। किसी भी अधिवक्ता को अपमानित करने की कोशिश मत कीजिए, आप जज हैं, इसलिए सब जानते हैं और हम अधिवक्ता कुछ नहीं, मैं अपने तरीके से बहस करूंगा, सीमा पार मत कीजिए।

### अगर वह माफी मांगना चाहता है, तो उसे माफी मांगनी चाहिए

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अगर वह माफी मांगना चाहता है, तो उसे माफी मांगनी चाहिए, अगर वह जजों को आंखें दिखाना चाहता है, तो वह आगे बढ़ सकता है। हम यहां बैठे हैं, और हम भी देखेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट से यह भी कहा कि अगर वह माफी मांगता है, तो सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाए। महेश तिवारी का जस्टिस राजेश कुमार के साथ तीखी बहस तब हुई, जब वह अपनी क्लाइंट (एक विधवा) के लिए राहत मांग रहे थे, जिसकी बिजली लाइन 1.30 लाख रुपये के बकाया के कारण काट दी गई थी। सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा था कि उनकी क्लाइंट कनेक्शन दोबारा लगवाने के लिए 25,000 रुपये जमा करने को तैयार है। हालांकि, जस्टिस कुमार ने एक न्यायिक मिसाल का हवाला दिया, जिसमें कुल बकाया राशि का 50 प्रतिशत जमा करने की आवश्यकता थी।

# तमिलनाडु में डीएमके सरकार का काउंट डाउन शुरू: पीएम



**तिरुवनंतपुरम।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु और केरल का दौरा किया। यहां उन्होंने दो रैलियों को संबोधित किया। केरल के तिरुवनंतपुरम में 55 मिनट की स्पीच में पीएम ने कहा कि 1987 के पहले गुजरात में बीजेपी एक हाशिए की पार्टी थी। अखबार में दो लाइन नहीं छपती थीं। 1987 में पहली बार अहमदाबाद में नगर निगम में जीत हासिल की, वैसे ही बीजेपी ने तिरुवनंतपुरम में हासिल की। यहां से केरल में भाजपा की नींव पड़ गई है।

तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में पीएम ने कहा कि राज्य के लोग डीएमके के कुशासन से मुक्ति चाहते हैं। डीएमके सरकार का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। पीएम ने गांधी परिवार का नाम लिए बिना कहा कि तमिलनाडु सरकार बस एक परिवार की जी हुजूरी में लगी है। पीएम का तमिलनाडु और केरल का दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि इसी साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। मोदी नेकहा कि डीएमके ने वादे बहुत किए, लेकिन काम जीरो रहा। डीएमके सरकार को लोग भ्रष्ट सरकार बोल रहे हैं। यानी करप्शन माफिया और क्राइम को बढ़ावा देने वाली सरकार। तमिलनाडु की जनता डीएमके को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। यहां एनडीए की डबल इंजन सरकार बनना तय है। डीएमके में वही आगे बढ़ता है जिसके पास करप्शन रूट, एब्यूज वूमेन रूट और एब्यूज अवर कल्चर रूट हैं। यही कारण है कि डीएमके में वहीं लोग आगे बढ़ रहे हैं जिन्हें ए सब काम आते हैं। तमिलनाडु का बच्चा बच्चा जानता है कि कहां कितना करप्शन हो रहा है और ये कमाई किसकी जेब में जा रही है। बीते 11 सालों में एनडीए की केंद्र सरकार ने अभूतपूर्व काम किया है। 2014 से पहले दिल्ली में जब कांग्रेस गठबंधन की सरकार थी। तब तमिलनाडु के विकास के लिए कम फंड दिया जाता था। पिछले 11 साल में एनडीए सरकार ने 3 लाख करोड़ रुपये तमिलनाडु को दिए हैं। ये कांग्रेस सरकार की तुलना में करीब 3 गुना है। एनडीए सरकार ने तमिलनाडु के वेलफेयर के लिए करोड़ों रुपये दिए हैं। कांग्रेस गठबंधन के कार्यकाल में गरीब, एससी, एसटी, ओबीसी के वेलफेयर के नाम पर सिर्फ घोटाले होते थे।

# धार की जमीन ने दिया धीरज का परिचय

■ विवादित भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक हुई पूजा, अमन-चैन के बीच जुमे की नमाज भी अदा कराई गई

**धार।** धार की भोजशाला में शुक्रवार को पड़ी वसंत पंचमी शांति से संपन्न हो गई। कड़ी सुरक्षा के बीच भोजशाला में मां सरस्वती की पूजा और नमाज अदा कराई गई। इस दौरान किसी भी तरह से विवाद को स्थिति निर्मित नहीं हो पाई। तय संख्या में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने नमाज पढ़ी और भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक मां सरस्वती की पूजा और हवन जारी रहा।

पूर्णाहूति के बाद हवन पूर्ण हुआ और धारवासियों ने चौन की सांस ली। आस्था और इबादत की दोनों धाराएं शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच एक जगह और एक समय पर मिलीं, लेकिन इस बार विवाद नहीं हुआ। न पत्थर चले और न ही आंसू गैस के गोले छोड़े गए। बीते वर्षों में जब भी वसंत पंचमी शुक्रवार को आई थी, धार के हालात बिगड़े थे, लेकिन इस बाद प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी थी और धार के लोगों ने भी धीरज धरा। वसंत पंचमी और जुम्मे की नमाज निर्विघ्न तरीके से सम्पन्न हुई। भोज उत्सव समिति ने धर्मसभा भी आयोजित की। जिसमें वर्ष 2034 तक धार में भव्य मंदिर बनाने की बात कही गई। शांतिपूर्ण तरीके से पूजा और नमाज कराना प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश ने राह आसान कर दी। भोजशाला की मस्जिद में दोपहर 2 बजे नमाज भी अदा कराई गई। वज्र वाहन में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों को सुरक्षा के साथ लाया गया। 20 मिनट तक नमाज अदा होने के बाद समाजजनों को वापस ले जाया गया। 15 से अधिक संख्या में मुस्लिम समाज के लोग आए थे। इसके लिए प्रशासन ने पास भी जारी किए। वसंत पंचमी पर धार शहर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। भोजशाला जाने वाले हर रास्ते पर पुलिस का पहरा था और बैरिकेड लगाए गए थे। आसमान पर ड्रोन मंडरा रहे थे। घरों की छतों से लेकर गलियों तक कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। धार में जब-जब शुक्रवार और वसंत पंचमी का मिलन हुआ, धार में तनाव और संघर्ष ने भी दस्तक दी, इसीलिए प्रशासन ने सुरक्षा में कोई कसर बाकी नहीं रखी।

# पाक को लेकर बड़ा खुलासा

■ भारत की एंटी ड्रोन शील्ड चेक कर रहा पाकिस्तान, ऑपरेशन सिंदूर के बाद से 800 ड्रोन भेजे

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ लड़ने का एक खतरनाक और सस्ता युद्ध मॉडल अपनाया है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, इस ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान की तरफ से 800 से ज्यादा ड्रोन भारतीय हवाई सीमा में भेजे गए। इसे लो लेवल ड्रोन वॉरफेयर (कम ऊंचाई पर ड्रोन युद्ध) कहा जाता है।

सूत्र बताते हैं कि यह सिर्फ इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं, बल्कि भारत की एयर डिफेंस और एंटी ड्रोन शील्ड परखने की सैन्य रणनीति का संकेत है। ये ड्रोन कम ऊंचाई पर उड़ते हैं, जिससे रडार को चकमा दे सकते हैं। ज्यादातर ड्रोन राजस्थान और पंजाब की सीमा पर देखे गए। भारतीय सुरक्षा बलों ने 800 में से करीब 240 ड्रोन मार गिराए। 5 ड्रोन में हथियार या युद्ध से जुड़ा सामान मिला। 160 से ज्यादा ड्रोन दूसरे सामान गिराने के लिए आए थे, जबकि करीब 72 ड्रोन नशीले पदार्थ लेकर आए थे। इस साल जनवरी में अब तक ड्रोन घुसपैठ की 12 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। सूत्रों के अनुसार, ज्यादातर ड्रोन सर्विलांस करने आए थे। इनका मकसद भारतीय सेना की तैनाती और उसका पैटर्न पता लगाना था। पाकिस्तान ऐसे सर्विलांस से आतंकियों की घुसपैठ के रास्ते खोजता रहा है। सैन्य संचालन- महानिदेशक स्तर पर हॉटलाइन पर होने वाली वार्ता में भारत ने ड्रोन एक्टिविटी पर आपत्ति दर्ज कराई है।

# साढ़े चार करोड़ नौकरियां, लाखों कारोबार दांव पर: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मोदी जवाबदेह, न राहत दी, न अमेरिकी टैरिफ पर कुछ बोले, यह हमारी डेड इकानोमी की सच्चाई: कांग्रेस सांसद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि अमेरिकी टैरिफ से कपड़ा निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ है। राहुल ने कहा 4.5 करोड़ से अधिक नौकरियां और लाखों कारोबार दांव पर लगे हैं, लेकिन मोदी ने न तो कोई राहत दी है और न ही अमेरिकी टैरिफ पर कुछ कहा। मोदी जी, आप जवाबदेह हैं, कृपया इस मुद्दे पर ध्यान दें। राहुल ने वीडियो के साथ एक्स (ग) पर किए गए पोस्ट में कहा,अमेरिका में 50 फीसदी टैरिफ और अनिश्चितता भारत के कपड़ा निर्यातकों को बुरी तरह नुकसान पहुंचा रही है। नौकरियां जा रही हैं, फैक्ट्रियां बंद हो रही हैं और ऑर्डर कम हो रहे हैं-यह हमारी डेड इकानोमी की सच्चाई है। राहुल कहा कि भारत के लिए यह बेहद जरूरी है कि अमेरिका के साथ ऐसा व्यापार समझौता किया जाए, जिसमें भारतीय कारोबार और मजदूरों के हित सर्वोपरि हों। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को अपनी कमजोरी का असर अर्थव्यवस्था पर और नहीं पड़ने देना चाहिए। राहुल ने हरियाणा की कपड़ा फैक्ट्री के अपने हालिया दौरे का वीडियो सोशल पर शेयर किया। उन्होंने मजदूरों के बात भी की। गांधी ने यही वीडियो यूटडूब पर भी शेयर किया और उसके साथ एक पोस्ट लिखा। मोदी जी, आप जवाबदेह हैं, कृपया इस मुद्दे पर ध्यान दें! वीडियो में राहुल गांधी कपड़ा फैक्ट्री के विभिन्न हिस्सों का दौरा करते हैं। वहां काम कर रहे मजदूरों और अफसरों से बातचीत करते हैं और कपड़ा काटने की प्रक्रिया में खुद भी हाथ आजमाते नजर आते हैं। राहुल ने कहा कि भारत का कपड़ा उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था में दूसरा सबसे बड़ा रोजगार देने वाला सेक्टर है। हमारे कपड़े दुनियाभर में पसंद किए जाते हैं और हमारे कपड़ा कारीगरों की कारीगरी वाकई बेजोड़ है। लेकिन आज यह उद्योग अमेरिकी टैरिफ के कारण गहरी अनिश्चितता और डर का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में 50 फीसदी टैरिफ, यूरोप में गिरती कीमतें और बांग्लादेश व चीन से कड़ी प्रतिस्पर्धा के चलते हमारे कपड़ा निर्यातक हर तरफ से दबाव में हैं। गांधी के मुताबिक इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ रहा है- फैक्ट्रियां बंद हो रही हैं, कच्चे माल की खरीद घट रही है और पूरे सेक्टर में भारी उथल-पुथल है।श्री गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार मनमाने कानून बनाकर लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति-एक वोट' के अधिकार को खत्म करना चाहती है। उनकी मंशा है कि हिंदुस्तान के चुने हुए लोगों के पास ही शक्ति हो और वे जिस तरह से चाहें देश को चलाएं। गरीबों को कुचलने का अधिकार भाजपा अडानी-अंबानी को देना चाहती है ।

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने बाइक टैक्सी से बैन हटाया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में अब बाइक टैक्सी चल सकेंगी। शुक्रवार को कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को परमिट जारी करने का निर्देश दिया।

चीफ जस्टिस विभु बखरू और जस्टिस सी एम जोशी की बेंच ने सुनवाई की। बेंच ने कहा कि ओला, उबर समेत एप बेस्ड एग्रीगेटर कंपनियों की अर्जी स्वीकारी गई है। मौजूदा कानूनों के तहत जरूरी परमिशन पर बाइक को ट्रांसपोर्ट व्हीकल के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। बेंच ने कहा है कि बाइक टैक्सी चलाने वाले वाहन मालिकों या एग्रीगेटर कंपनियों को जरूरी लाइसेंस के लिए आवेदन करना होगा। राज्य सरकार बाइक टैक्सी रेगुलेशन में शर्तें लगा सकती है, लेकिन सिर्फ इसलिए रजिस्ट्रेशन की अर्जी खारिज नहीं कर सकती कि वाहन बाइक है। अप्रैल 2025 में हाईकोर्ट ने बेंगलुरु में बाइक टैक्सी पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जब तक राज्य सरकार मोटर व्हीकल्स एक्ट के तहत नियम नहीं बनाती, तब तक इनपर बैन रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शंकराचार्य को स्नान से वंचित करना घोर अपराध: आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वहां की सरकार ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को स्नान से वंचित करके घोर अपराध और पाप किया है। सिंह ने शंकराचार्य से प्रयागराज में शुक्रवार को मुलाकात करने के बाद कहा कि शंकराचार्य को स्नान से वंचित कर उत्तर प्रदेश की सरकार ने घोर अपराध और पाप किया है। उन्होंने कहा कि उससे भी बड़ी अपमानजनक बात यह है शंकराचार्य से शंकराचार्य होने का प्रमाण मांगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग आज तक अपना डिग्री नहीं दिखा पाए वह शंकराचार्य से शंकराचार्य होने का प्रमाण मांग रहे है।

### योगी ने दी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** स्वाधीनता आंदोलन के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हजरतगंज स्थित नेताजी सुभाष चौक पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। योगी ने कहा कि क्रांतिकारियों के सिरमौर के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारत की आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी। उनका विराट व्यक्तित्व और अदम्य साहस आज भी हर भारतीय को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' और 'दिल्ली चलो' जैसे नारों ने देशवासियों के भीतर आजादी की अलख जगाई और युवाओं में जोश भर दिया।

# उप्र में कौशल क्रांति को मिलेगा नया आयाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

- पश्चिमी उप्र के 18 जिलों के 128 विकास खंडों और 10,323 गांवों से जुड़े एक लाख युवाओं को 28 विभिन्न क्षेत्रों में रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण दिया जाएगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और उद्यमिता को नई गति देने के उद्देश्य से नोएडा परिधान निर्यात क्लस्टर और राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

एमओयू के तहत आगामी पांच वर्षों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 18 जिलों के 128 विकास खंडों और 10,323 गांवों से जुड़े एक लाख युवाओं को 28 विभिन्न क्षेत्रों में अल्पकालिक, रोजगारोन्मुख कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद लगभग 70 हजार युवाओं को औद्योगिक इकाइयों में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

इस पहल की एक प्रमुख विशेषता यह है कि कुल प्रशिक्षुओं में 50 प्रतिशत महिलाएं होंगी, जिससे महिला सशक्तिकरण को नई मजबूती मिलेगी।


देश के अग्रणी परिधान निर्यात क्लस्टरों में शामिल एनएईसी, उद्योग की जरूरतों के अनुरूप विशेषकर गारमेंट एवं संबद्ध क्षेत्रों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा। प्रशिक्षण से लेकर प्लेसमेंट तक की पूरी प्रक्रिया एनएईसी के डिजिटल पोर्टल 'कौशल गंगा' के माध्यम से संचालित की जाएगी। इसके साथ ही 'कौशल आजीविका' और 'कौशल बाजार' पोर्टल प्रशिक्षुओं को आजीविका और बाजार से जोड़ने में सहायक होंगे। इस सहयोग में राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद की अहम भूमिका होगी। भारत सरकार के राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) से मान्यता प्राप्त एससीवीटी प्रशिक्षुओं के मूल्यांकन और प्रमाणन का कार्य करेगी। एमओयू के तहत एनएईसी द्वारा प्रति प्रशिक्षु 1,200 रुपए प्रमाणन शुल्क एससीवीटी को दिया जाएगा। साथ ही एससीवीटी स्वयं स्तर पर पाठ्यक्रम विकसित कर उन्हें राष्ट्रीय परिषद से अनुमोदित भी कराएगी।

### सरकार का लक्ष्य हर युवा कौशल बने: कपिल

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर युवा कुशल बने और उसे रोजगार के लिए भटकना न पड़े। एनएईसी और एससीवीटी के बीच यह एमओयू उद्योग और शिक्षा के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगा। एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम तथा विशेष सचिव एवं निदेशक, एससीवीटी अभिषेक सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल को प्रदेश की कौशल नीति के क्रियान्वयन की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

# महाराष्ट्र सरकार जो निवेश गिनाती है, वह जमीन पर क्यों नहीं दिखता: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने महाराष्ट्र की भाजपा सरकार पर निवेश के आपसी समझौतों पर हस्ताक्षर-एमओयू करने के मामले में झूठे आंकड़े देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य के मुख्यमंत्री जो दावे करते हैं, वैसा जमीन पर कहीं कुछ नहीं है।

महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता अतुल लोढ़े पाटिल ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्विट्जरलैंड के दावोस में हमेशा की तरह इस साल भी 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' की बैठक हुई और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस गाजे-बाजे के साथ इस बैठक में भाग लेने के लिए दावोस गए। फडणवीस अब दावा कह रहे हैं कि आने वाले दिनों में महाराष्ट्र में 30 लाख करोड़ रुपए का निवेश आने वाला है। कांग्रेस नेता ने कहा कि 2023-24 में भी इसी तरह के दावे किए गए थे। तब एकनाथ शिंदे राज्य के मुख्यमंत्री थे और उन्होंने 3 लाख 60 हजार करोड़ रुपए निवेश आने की बात कही थी। फिर जब शिंदे को हटाकर फडणवीस मुख्यमंत्री बने, तो 2024-25 में 15 लाख करोड़ का निवेश आने के दावे किए गए और अब 30 लाख करोड़ की बात हो रही है। उन्होंने सवाल किया कि आंकड़ों के मुताबिक पिछले तीन साल में 50 लाख करोड़ का निवेश महाराष्ट्र में आ चुका है और इस हिसाब से महाराष्ट्र की सारी समस्याएं अब खत्म हो जानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है तो इससे सवाल पूछना लाजमी है कि महाराष्ट्र सरकार ने कितने एमओयू पर हस्ताक्षर किए और जो दावे किए जा रहे हैं उनमें से कितने कार्यान्वित हुए। इस प्रक्रिया के तहत कितने किसानों से भूमि का आंवटन उद्योगों के लिए किया गया, कितने एमओयू हकीकत में बदले और कितने लोगों को रोजगार मिला।

# सवाल उठाने वालों को अपमानित कर रही भाजपा: सपा

लखनऊ, वार्ता

- जो मुख्यमंत्री और भाजपा की गुलामी करेगा वो चार्टर प्लेन से चलेगा

समाजवादी पार्टी ने सतुआ बाबा का जिक्र किए बगैर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में 'भाजपा की गुलामी करने वालों' को वीआईपी सुविधा और सुरक्षा मिलती है, जबकि धर्म और जनता की आवाज उठाने वालों को अपमानित कर हिंसा का शिकार बनाया जाता है।

शुक्रवार को समाजवादी पार्टी ने अपने मीडिया सेल हैंडिल पर पोस्ट करते हुए कहा कि जो मुख्यमंत्री और भाजपा की गुलामी करेगा, वो चार्टर प्लेन से चलेगा, बड़ी-बड़ी करोड़ों की गाड़ियों से चलेगा और उसके दरवाजे पर अफसर रोटियां बेलेंगे। लेकिन जो गौमाता की रक्षा, गंगा मैया की रक्षा और आम आदमी की बात करेगा, उसे हिंदू विरोधी और कालनेमी कहा जाएगा। गौरतलब है कि प्रयागराज माघ मेले में इस बार सतुआ बाबा अपनी गाड़ियों को लेकर खासे चर्चा में हैं। कभी डिफेंडर तो कभी पोर्शे तो कभी बुलडोजर पर बैठ कर फोटो खिंचाने की तस्वीर ज्यादा वायरल हुई है। सपा ने प्रयागराज के स्नान पर्व में धर्माचार्यों के साथ हुई कथित घटनाओं को 'बेहद शर्मनाक' बताते हुए कहा कि जब सतुआ बाबा और भाजपा के गुलाम बाबाओं का बुलडोजर स्नान स्थल तक जा सकता है, तो सदियों पुरानी परंपरा वाली शंकराचार्य की पालकी क्यों नहीं जाने दी गई। पालकी तो बुलडोजर से छोटी होती है, बुलडोजर से एक्सीडेंट की संभावना होती है, फिर भी प्रशासन ने उसे रास्ता दिया और पालकी रोकी। पार्टी ने आरोप लगाया, ये स्पष्ट रूप से शंकराचार्य की हत्या की साजिश थी, जिसे वक्त रहते शंकराचार्य ने पहचान लिया।

## चुनाव प्रबंधन निकायों का तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न

# मतदाता सूचियों की शुद्धता का संकल्प लिया

नई दिल्ली, वार्ता



- चुनाव संचालन, प्रौद्योगिकी के उपयोग और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में मिल कर काम करने पर सहमति
- चुनाव प्रबंधन निकायों का तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'दिल्ली घोषणा-2026' के साथ सम्पन्न

चुनाव आयोग द्वारा लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन पर यहां आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईआईसीडीईएम-2026) शुक्रवार को 'दिल्ली घोषणा-2026' के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें 42 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों ने अन्य बातों के अलावा मतदाता सूचियों की शुद्धता, चुनाव संचालन, प्रौद्योगिकी के उपयोग और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में मिल कर काम करने का संकल्प लिया है।

भारत मंडपम में आयोजित इस सम्मेलन के समापन सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और उनके सहयोगी चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी, 42 देशों निर्वाचन प्रबंधन निकायों के प्रमुख, 70 से अधिक राष्ट्रीय संस्थानों के विशेषज्ञ, चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारी तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 36 मुख्य चुनाव अधिकारी उपस्थित थे।

समापन सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार ने 'दिल्ली घोषणा 2026' को पढ़ा और सम्मेलन में शामिल सभी निर्वाचन प्रबंधन निकायों की ओर से इसे सर्वसम्मति से अपनाया गया। इस घोषणा पत्र में चुनाव निकायों ने पांच क्षेत्रों- निर्वाचक नामावलियों की शुद्धता, चुनावों का संचालन, अनुसंधान एवं प्रकाशन, प्रौद्योगिकी का उपयोग तथा प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण-पर मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया है। प्रतिभागियों ने अपनी प्रगति की समय-समय पर समीक्षा करने तथा 3, 4 और 5 दिसंबर 2026 को भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम), नई दिल्ली में पुन: बैठक करने का प्रस्ताव भी पारित किया। चुनाव आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार उपस्थित सभी चुनाव प्रबंधन निकायों ने विश्व के लोकतंत्रों पर सह- संकलित लोकतंत्र विश्वकोश प्रकाशित करने, सात विषयों पर व्यापक रिपोर्ट तथा 36 विषयों पर रिपोर्ट तैयार करने पर का निर्णय लिया है। इनमें सात विषयों पर व्यापक रिपोर्ट तैयार किए जाने का काम वैश्विक अंतर-सरकारी संस्था इंटरनेशनल आईडीईए के नेतृत्व में तथा 36 अन्य विषयों पर रिपोर्ट बनाने के काम का नेतृत्व आईआईआईडीईएम कर रहा है।

### प्रक्रियाओं के प्रशिक्षण एवं आदान-प्रदान का भी संकल्प लिया

सम्मेलन में चुनाव आयोग के एकीकृत डिजिटल मंच ईसीआईनेट जैसी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के सह-विकास, और आईआईआईडीईएम के माध्यम से पारदर्शी प्रक्रियाओं के प्रशिक्षण एवं आदान-प्रदान का भी संकल्प लिया, ताकि चुनाव संचालन एवं निर्वाचक नामावली की तैयारी में व्यावसायिकता को बढ़ावा दिया जा सके। कुमार ने कहा कि इस सम्मेलन ने अंतर्राष्ट्रीय निर्वाचन मानकों पर महत्वपूर्ण संवाद को प्रोत्साहित किया है। सम्मेलन के दौरान आयोजित 40 से अधिक द्विपक्षीय बैठकों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन बैठकों से आपसी सहयोग, सामूहिक प्राथमिकताओं और दृष्टिकोणों की समझ का विस्तार हुआ है। चुनाव आयुक्त डॉ. संधू ने कहा कि पारस्परिक सम्मान, खुलेपन और एक-दूसरे से सीखने की इच्छा वैश्विक निर्वाचन समुदाय की परिपक्वता और व्यावसायिकता को दर्शाती है। चुनाव आयुक्त डॉ. जोशी ने कहा कि ईसीआईनेट का शुभारंभ भारतीय तकनीकी प्रगति का प्रतीक है और यह इस बात को रेखांकित करता है कि चुनाव आयोग प्रौद्योगिकी को इस प्रकार अपनाता है, जिससे वह विश्वास को सुदृढ़ करे, न कि उसका स्थान ले।



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में फिर गिरावट सेंसेक्स 770 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को शुरुआती तेजी के बाद बिकवाली हावी होने से बीएसई का सेंसेक्स 769.67 अंक (0.94 प्रतिशत) लुढ़ककर 81,537.70 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 241.25 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की गिरावट में 25,048.65 अंक पर रहा। डॉलर की तुलना में रुपए के कमजोर पड़ने से शेयर बाजार में भी निवेश धारणा प्रभावित हुई। अनंतिम जानकारी के अनुसार रुपया आज 42 पैसे टूटकर पहली बार 92 रुपए प्रति डॉलर तक उतर गया। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों का और बुरा हाल रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.94 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 1.95 प्रतिशत की गिरावट में रहा। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी गई और सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। बैंकिंग, रियलटी, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस, ऑटो, वित्त और मीडिया सेक्टरों पर दबाव अधिक रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर 7.5 प्रतिशत से ज्यादा टूटा। इटरनल में छह फीसदी से अधिक और इंडिगो में चार प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व और पावर ग्रिड के शेयर दो से तीन प्रतिशत की बीच टूटे। मारुति सुजुकी, बीईएल, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, ट्रेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज में एक से दो प्रतिशत के बीच गिरावट रही। टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर करीब एक फीसदी ऊपर बंद हुआ। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एशियन पेंट्स और टीसीएस में भी तेजी रही।

# अब देश में बनेंगे वाणिज्यिक विमान मंगलवार को होगी घोषणा

**नई दिल्ली।** अडानी समूह 'मेक इन इंडिया' की दिशा में बड़ी पहल करते हुए देश में वाणिज्यिक विमानों का निर्माण शुरू करने वाला है। अडानी समूह की कंपनी अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने इसके लिए ब्राजील की विमान बनाने वाली कंपनी एंब्रेयर के साथ करार करने जा रही है। आगामी 27 जनवरी को यहां राजीव गांधी भवन स्थित नागरिक उड्डयन मंत्रालय में इसकी घोषणा की जाएगी। दोनों कंपनियों की ओर से मीडिया ब्रीफिंग के लिए जारी संयुक्त आमंत्रण में कहा गया है कि भारत के वाणिज्यिक विमानन की 'मेक इन इंडिया' यात्रा में एक ऐतिहासिक विकास की घोषणा की जानी है। आमंत्रण में यह भी कहा गया है कि यह घोषणा 'एयरोस्पेस में भारत की आत्मनिर्भरता के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर' साबित होगी। इससे पहले मीडिया में इस तरह की खबर आई थी कि दोनों कंपनियों ने भारत में वाणिज्यिक विमानों के निर्माण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। पहले उम्मीद की जा रही थी कि 28 से 31 जनवरी तक हैदराबाद में आयोजित 'विंग्स इंडिया 2026' में इसकी घोषणा की जाएगी। 'विंग्स इंडिया 2026' में एंब्रेयर अपने ई195-ई2 और ई175 विमानों का प्रदर्शन कर रही है। ई195-ई2 एक छोटा नैरोबॉडी वाणिज्यिक विमान है, जिसमें 132.146 सीटें हो सकती हैं।

# केंद्र ने वेतन और पेंशन संशोधनों को दी मंजूरी

नई दिल्ली, वार्ता

- प्रमुख वित्तीय संस्थाओं के 95 हजार से अधिक कर्मचारियों, पेंशनभोगियों को मिलेगा लाभ

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख वित्तीय संस्थाओं के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए व्यापक वेतन एवं पेंशन संशोधनों को मंजूरी प्रदान की। यह कदम सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों (पीएसजीआईसी), राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और भारतीय रिजर्व बैंक के मौजूदा तथा पूर्व कर्मचारियों की आर्थिक कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से लिया गया है।

केंद्र सरकार के इस संशोधन से कुल मिलाकर लगभग 46,322 कर्मचारी (23,570 पेंशनर) और 23,260 परिवार पेंशनर लाभान्वित होंगे। वित्त मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि कर्मचारियों के लिए वेतन संशोधन एक अगस्त 2022 की पूर्ववर्ती तिथि से लागू होगा। इसमें मूल वेतन और महंगाई भत्ता में 14 प्रतिशत वृद्धि की गई है, जिससे कुल वेतन खर्च में 12-41 प्रतिशत वृद्धि होगी। इसके अलावा जो एक अप्रैल 2010 के बाद जुड़े कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में कर्मचारियों का योगदान 10 से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया गया है। परिवार पेंशन में भी 30 प्रतिशत की एक समान वृद्धि की गई है, जो आधिकारिक गजट में प्रकाशन की तिथि से लागू होगी। इन संशोधनों से पीएसजीआईसी पर 8,170.30 करोड़ रुपए का वित्तीय असर पड़ने का अनुमान है। पीएसजीआईसी में जो प्रमुख बीमा कंपनियां शामिल हैं उनमें नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और एग्रीकल्चरल इंश्योरेंस कंपनी शामिल हैं। नाबार्ड के ग्रुप ए, बी और सी के लगभग 3,800 वर्तमान और पूर्व कर्मचारी एक नवंबर 2022 से लगभग 20 प्रतिशत बढ़े हुए वेतन और भत्ते के हकदार होंगे। इसके साथ ही नाबार्ड के उन सेवानिवृत्तों के लिए भी पेंशन संशोधन मंजूर किया गया है, जो एक नवंबर 2017 से पहले जुड़े और सेवानिवृत्त हुए थे, ताकि उनकी पेंशन भी पूर्व आरबीआई-नाबार्ड सेवानिवृत्तों के समान हो सके। केवल वेतन संशोधन से वार्षिक वेतन बिल में लगभग 170 करोड़ रुपए की वृद्धि होगी, जबकि बकाया राशि लगभग 510 करोड़ रुपए होगी।

# कफ सिरप तस्कर भोला प्रसाद की 28.50 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**सोनभद्र।** कोडीन युक्त कफ सिरप की जांच कर रही सोनभद्र पुलिस की एसआईटी टीम ने मुख्य अभियुक्त भोला प्रसाद की अपराध जगत से अर्जित की गई 28.50 करोड़ की संपत्ति न्यायालय के आदेश पर कुर्क कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी के मुख्य अभियुक्त भोला प्रसाद के खिलाफ राबर्ट्सगंज कोतवाली में एनडीपीएस व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। इस मामले की जांच एसआईटी द्वारा किया जा रहा है। एसआईटी ने कफ तस्करी के मुख्य अभियुक्त वाराणसी निवासी भोला प्रसाद को कुछ दिन पहले विदेश पलायन के प्रयास के दौरान दमदम एयरपोर्ट, कोलकाता से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार सोनभद्र में निरुद्ध किया गया है। एसआईटी जांच में प्रकाश में यह तथ्य आया कि अभियुक्त द्वारा कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के लिए संगठित सिंडिकेट का संचालन करते हुए अपराध से अर्जित लगभग 28 करोड़ 50 लाख की चल एवं अचल संपत्ति अर्जित की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त संपत्तियों को चिन्हित करते हुए धारा 107 बीएनएसएस के अंतर्गत कुर्की के लिए न्यायालय में रिपोर्ट प्रेषित की गई थी। न्यायालय द्वारा पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर 22 जनवरी को अभियुक्त की अपराध से अर्जित चल-अचल संपत्तियों को कुर्क किए जाने का आदेश पारित किया गया।

इस आदेश के अनुपालन में आज 23 जनवरी को इण्डियन बैंक शम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय शाखा, वाराणसी में जमा 53 लाख 93 हजार 276 रुपए और 60 लाख रुपए की फिक्स डिपॉजिट और अन्य दो खाते में जमा 68 लाख 96 हजार, एक मर्सिडीज बेंज कार अनुमानित कीमत एक करोड़ 22 लाख 15 हजार रुपए, तीन अचल संपत्ति अनुमानित कीमत एक करोड़ 98 लाख रुपए समेत 23 करोड़ की संपत्ति को जब्त किया गया है। गौरतलब है कि सोनभद्र पुलिस ने कोलकाता से सरगना शुभम जायसवाल के पिता भोला जायसवाल को गिरफ्तार किया था। दोनों ने मिलकर उत्तर प्रदेश के साथ बंगाल और बांग्लादेश तक प्रतिबंधित कफ सिरप का नेटवर्क फैला रखा था। शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला प्रसाद जायसवाल ने शैली ट्रेडर्स फर्म तथा अन्य फर्मों के जरिए करोड़ों रुपए का काला कारोबार प्रतिबंधित कफ सिरप के माध्यम से किया।

# आजादी में बोस के योगदान को मिटाने के कांग्रेस ने किए प्रयास: भाजपा

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कांग्रेस और जवाहर लाल नेहरू सरकार पर देश की आजादी के लिए किए जाने वाले प्रयासों में बाधा डालने और उनके योगदान को मिटाने और कम आंकने का आरोप लगाते हुए निशाना साधा।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पंडित जवाहरलाल नेहरू पर यह आरोप लगाए और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा उन्हें संरक्षण प्रदान करने का भी आरोप लगाया। त्रिवेदी ने नेताजी को लेकर कांग्रेस के साथ-साथ कम्युनिस्ट और तृणमूल कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है, जिसे हम सब पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हैं। नेताजी ने 1943 में भारत



की पहली निर्वासित सरकार बनाते समय किसी वायसराय या गवर्नर जनरल से शपथ नहीं ली थी, जबकि पंडित नेहरू को सरकार बनाते समय दो सितंबर 1946 को वेवल ने और 15 अगस्त, 1947 को माउंटबेटन ने शपथ दिलाई थी। श्री त्रिवेदी ने कहा कि आज पूर्ण स्वतंत्र विचारों से स्वतंत्र भारत की पहली स्वतंत्र सरकार स्थापित करने के प्रथम प्रतीक सुभाष चन्द्र बोस के स्मरण का पर्व है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता में अनेक लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। उसमें नेताजी का योगदान सर्वाधिक अग्रणी और अविस्मरणीय है लेकिन उसे विस्मृत करने के अनेक कुत्सित प्रयास भारत के इतिहास में हुए हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने 1955 में बीबीसी को दिए अपने साक्षात्कार में कहा है कि भारत को जो आजादी मिली, वो इसलिए मिली, क्योंकि भारतीय सेना के सैनिकों की वफादारी अंग्रेजों के प्रति नहीं रह गई थी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भारतीय सैनिकों की अंग्रेज सरकार के प्रति वफादारी कभी नहीं बदलेगी, ऐसा वो सोचते थे, लेकिन सुभाष चंद्र बोस की वजह से अंग्रेजों का यह सपना पूरी तरह से चकनाचूर हो गया था। त्रिवेदी ने कहा कि 1939 में द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने के बाद नेताजी सुभाष चंद्र ने कहा था कि यही मौका है, हमें ब्रिटिश सरकार पर दबाव बनाना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने उस समय उनके विचार को नजरअंदाज कर दिया।

उन्होंने पूछा कि कांग्रेस ने उस समय दबाव क्यों नहीं बनाया और तीन साल तक क्यों इंतजार किया। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि कांग्रेस कार्य समिति में 14 जुलाई, 1942 को एक प्रस्ताव पारित किया गया था जिसमें कहा गया था कि ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध जो नकारात्मक भाव है, उसे सहयोग और सकारात्मक में बदलेंगे और हम एवं ब्रिटेन मिलकर दुनिया के लोगों और भारत के लोगों के लिए सकारात्मक वातावरण बनाएंगे, आपकी फौजें यहां रहें, इसके लिए कांग्रेस पूरी स्वेच्छा से समर्थन के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यही मूल कारण था कि कांग्रेस ने 1931 से लेकर 1947 तक 1942 को छोड़कर कोई भी आंदोलन नहीं किया।

### इच्छाधारी चुनावी हिंदू हैं अखिलेश: भाजपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हालिया बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि अखिलेश यादव इच्छाधारी चुनावी हिंदू हैं। सनातन संस्कृति को लेकर जब वो कुछ बोलते हैं, तो हंसी आती है। भाजपा के प्रवक्ता आनंद दूबे ने शुक्रवार को कहा कि अखिलेश यादव इच्छाधारी चुनावी हिंदू हैं, जो केवल चुनाव नजदीक आते ही हिंदुत्व का चोला ओढ़ लेते हैं। ये वही लोग हैं जिन्होंने अयोध्या को कारसेवकों के खून से लाल कर दिया था। जैसे ही चुनाव करीब आता है, वैसे ही समाजवादी पार्टी के नेताओं का छद्म हिंदू स्वरूप सामने आ जाता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यही लोग दिव्य और भव्य महाकुंभ पर सवाल उठाते हैं और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर जैसी ऐतिहासिक परियोजनाओं पर भी आपत्ति जताते रहे हैं। चुनावी समय में ये स्वयं को सनातनी बताकर समाज में घूमते हैं, जबकि इनका आचरण और इतिहास इसके विपरीत रहा है।

# इंजन चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने इंजन चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए चोरों के पास से पुलिस ने चोरी किये गए तीन इंजन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लाने के बाद मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

बीती 19 जनवरी को ग्राम पचपेड़ा निवासी रामऔतार पुत्र नन्हे लाल की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ इंजन चोरी करने का मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई, और मुखबिर की सूचना पर पचपेड़ा चौराहे के पास दबिश देकर दो युवकों भाग्यांश गंगवार (23 वर्ष) पुत्र राजेन्द्र कुमार और हरीश कुमार (32 वर्ष) पुत्र हरिओम निवासी ग्राम खुटिया थाना बहेड़ी जिला बरेली को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों युवकों के पास से पुलिस ने चोरी किये गए तीन इंजन व एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में दोनों चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने विधायक पर फोड़ा राजनीतिक बम

■ वीडियो वायरल कर दी डिबेट की खुली चेतावनी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक गांव अहमदाबाद को लेकर विधायक डॉ. एमपी आर्य की टिप्पणी ने क्षेत्र की राजनीति में हलचल मचा दी है। एक पत्रकार को दिए गए साक्षात्कार में विधायक द्वारा गांव के नेताओं पर विकास की अनदेखी का आरोप लगाए जाने के बाद सियासी पारा अचानक चढ़ गया। विधायक डॉ. एमपी आर्य ने इंटरव्यू में अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि अहमदाबाद जैसे गांव जिसने तीन-तीन विधायक दिए, वहां के स्थानीय नेतृत्व ने अपेक्षित विकास नहीं कराया। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके प्रयासों से गांव में पक्के रास्तों का जाल बिछा है और एक भी कच्चा रास्ता शेष नहीं रहा। विधायक का यह बयान वायरल होते ही पूर्व विधायक स्वर्गीय केसर सिंह गंगवार के भतीजे और पूर्व ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र गंगवार उर्फ पिंटू गंगवार ने उनके खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उन पर कई आरोप लगाए हैं। पिंटू गंगवार ने फेसबुक पर पोस्ट के जरिए विधायक पर तीखा हमला बोलते हुए उनके दावों को भ्रामक बताया। कहा है कि आपके कार्यकाल में चीनी मिल बन्द हो गई, गन्ना समिति चुनाव में किसानों को पर्चे नहीं मिले, इतना ही नहीं एलडीवी चुनाव में पर्चा नहीं दिया गया। पिंटू ने अपने ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में हेल्पर लगवाए जाने का भी आरोप विधायक पर जड़ा है। कहा कि जिस दिन जनता से चुनाव हो जाएगा, सब पता चल जाएगा। उन्होंने विकास कार्य को लेकर विधायक को सार्वजनिक मंच पर खुली बहस की चुनौती भी दे डाली। क्षेत्र का गांव अहमदाबाद राजनीति का अहम केंद्र रहा है। यह पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह गंगवार, स्वर्गीय केसर सिंह गंगवार समेत कई दिग्गज नेताओं का पैतृक गांव है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा गंगवार और पूर्व ब्लॉक प्रमुख पिंटू गंगवार भी इसी गांव के रहने वाले हैं। फेसबुक पर वीडियो वायरल कर पिंटू गंगवार की इस पोस्ट के बाद नवाबगंज क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं, और विधायक के बयान को लेकर पक्ष-विपक्ष आमने-सामने नजर आ रहा है। वीडियो तेजी के साथ वायरल हो रहा है।

## एक नजर

# अगर फास्ट टैग नहीं होगा तो देना होगा दोगुना टोल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नैनीताल रोड हाईवे से बगैर फास्ट टैग के टोल बूथ पर पहुंचने वाले वाहनों को अब एक साइड का दोगुना टोल देना होगा। यह नियम 22 जनवरी से लागू हो गया है। डिजिटल भुगतान प्रणाली को बढ़ावा देने तथा टोल संग्रह प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तेज एवं प्रभावी बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर यह नियम लागू है। अब इस नियम को उत्तर प्रदेश राज्य राजमार्ग के अंतर्गत आने वाले बरेली नैनीताल मार्ग स्थित दोहना टोल प्लाजा एवं मुड़िया टोल प्लाजा पर लागू किया जा रहा है। 22 जनवरी से जिन वाहनों पर फासटैग नहीं लगा होगा यह वह क्रियाशील नहीं होगा तो ऐसे वाहनों से दोगुना टोल शुल्क वसूला जाएगा। दोहना टोल प्लाजा के मैनेजर दीपक पांडे के मुताबिक केंद्रीय मोटर वाहन नियम के अंतर्गत संबंधित वहां श्रेणी के लिए निर्धारित शुल्क को दोगुना वसूला जाएगा। उन्होंने बताया कि डिजिटल भुगतान प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए इस नियम को लागू किया जा रहा है।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में उत्तर प्रदेश सरकार की उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नेताजी के जीवन, संघर्ष, अदम्य साहस एवं राष्ट्र के प्रति उनके योगदान से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नेताजी के विचारों और उनके नेतृत्व गुणों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर छात्रों में देशप्रेम, आत्मगौरव एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया गया।कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन से संबंधित मॉकड्रिल की जानकारी भी दी गई, जिससे आपात स्थिति में सतर्कता एवं आत्मरक्षा के उपायों को समझाया जा सके। कार्यक्रम में डॉ. शिव प्रताप सिंह, डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. आनंद कुमार, वीरेंद्र शर्मा सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# अवैध खनन व परिवहन को लेकर प्रशासन अलर्ट

■ मुंडिया टोल प्लाजा पर किया औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** अवैध खनन एवं खनिज परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए खनन एवं आईएसटीपी की जांच के लिए मुंडिया टोल प्लाजा पर उपजिलाधिकारी इशिता किशोर एवं तहसीलदार भानू प्रताप सिंह ने दैनिक ड्यूटी का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान खनन परिवहन में संलग्न ट्रकों की गहन जांच की गई। ट्रकों के प्रपत्रों का बारीकी से सत्यापन किया गया तथा नियमों के अनुपालन की स्थिति परखी गई। इस दौरान मिट्टी ढोने वाले कुछ ट्रकों में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चालकों एवं संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई।

मुंडिया टोल प्लाजा पर निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिना वैध प्रपत्रों के खनन सामग्री का परिवहन नहीं होने दिया जायेगा। किसी भी प्रकार का अवैध खनन या परिवहन पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध गुंडा अधिनियम एवं गैंगस्टर अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने टोल प्लाजा पर तैनात कर्मियों को भी निर्देश दिए गए कि ड्यूटी के निर्वहन में किसी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता नहीं बरतें। प्रशासन की इस सख्ती से अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# कूटरचित दस्तावेज तैयार कर असली वारिस को पैतृक संपत्ति से किया वंचित

■ एसएसपी के आदेश पर 10 लोगों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** सौतेली मां और उसके रिश्तेदारों ने मिलकर करोड़ों की संपत्ति को कूटरचित बैनामे के जरिए फर्जीवाड़ा कर बेच दिया। उसे संपत्ति के बाकी बारिस बेघर हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की, लेकिन उसकी कोई मदद नहीं मिली। मामले की शिकायत एसएसपी से की गई। एसएसपी के आदेश पर 10 लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

चौडेरा गांव के अखिलेश कुमार ने बताया कि उनकी मां माया देवी की मृत्यु के बाद उनके पिता ने गांव की चंपा देवी से दूसरी शादी कर ली थी। चंपा दवी के आते ही परिवार में संपत्ति को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप लगाया है कि उसके पिता ने वर्ष 2010 में मुड़िया नवीबक्स गांव में जमीन खरीदी थी, और उसपर दुकान और मकान बनाया था। एक दुकान बेच दी गई और बाकी बची दो दुकानों को किराए पर दे दिया। उनके पिता का कहना था कि यह दुकान पहली पत्नी से हुई संतानों को दी जाएगी।

आरोप है कि वर्ष 2018 में उनके पिता पर दबाव बनाकर मकान का बैनामा गिरीश कुमार के नाम करा लिया गया। उसके पिता ने दुकान का बैनामा कराने से इनकार कर दिया। उसके पिता की मृत्यु के बाद चंपा देवी ने षड्यंत्र रचकर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर 2022 में गिरीश कुमार के नाम कर दिया गया। बाद में यही संपत्ति सीमा देवी के नाम ट्रांसफर करा दी गई।

अखिलेश कुमार ने बताया कि वह अपने पिता का इकलौता बारिश है। कानूनी रूप से उसके पिता ने दूसरी शादी नहीं की थी, केवल महिला उसके पिता के संपर्क में आई थी। उसको उसके पिता की संपत्ति से फर्जी वाड़ा कर छीन ली गई। वह अपने नाना के घर रहकर जीवन यापन कर रहा है।

पीड़ित ने एसएसपी अनुराग आर्य से पूरे मामले की शिकायत बाकायदा दस्तावेज प्रस्तुत कर की। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने चंपा देवी, गिरीश कुमार निवासी अमरिया, भोगराम निवासी मुड़िया नसीर, नत्थू लाल निवासी ललौरी खेड़ा, प्रेम नारायण, सीमा देवी, वेद प्रकाश निवासी भोगपुर, विजयपाल चौडेरा, हरेंद्र कुमार निवासी सुकटिया, वकील रीतराम मौर्य निवासी मुड़िया नासिर के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार करना, वसीयत आदि जालसाजी करना सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# सुभाष चंद्र बोस जयंती व बसंत पंचमी धूमधाम से मनाई गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** बसंत पंचमी का पर्व पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। स्वामी दयानंद इंटर कॉलेज परौरा में विद्या की देवी माँ सरस्वती का विधिवत पूजन किया गया। इस अवसर पर माँ सरस्वती को पीले पुष्पों की मालाएँ अर्पित की गईं तथा पीले रंग के प्रसाद का वितरण किया गया।साथ ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों एवं नृत्यों पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें दृष्टि पाराशरी, अंकित गंगवार एवं अंशिका के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।मुख्य अतिथि ओमप्रकाश गंगवार ने नेता. जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, त्याग एवं राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कॉलेज निदेशक पंकज गंगवार ने बसंत पंचमी के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व को समझाया। प्रबंधक डॉ. सत्यवीर गंगवार ने स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी के योगदान को स्मरण किया, जबकि प्रधानाचार्य आदेश पाल गंगवार ने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन राजेश गंगवार एवं अनुज ने किया। इस अवसर पर रेवतीनंदन यदुवंशी,लाल बहादुर गंगवार,लक्ष्मण स्वरूप,महिपाल गंगवार,दिनेश गंगवार,कमल गंगवार सुरेंद्र गंगवार,योगेंद्र कुमार गंगवार,यशपाल गंगवार, संतोष कुमार,नंदकिशोर गंगवार, रूपल पाठक,नीलम,अंजू,सुनीता गंगवार, नूतन लाल गंगवार, लाखन सिंह,संजीव कुमार गंगवार,ओमेंद्र कुमार,भूपेंद्र गंगवार,तोताराम,सुभाष, देवेश समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लेखपाल की तहरीर पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील क्षेत्र के गांव कपूरपुर इलाके में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध निर्माण किए जाने के मामले में लेखपाल कृष्ण कुमार ने गांव के जोगराज और चेतराम के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। लेखपाल के अनुसार ग्राम सभा की गाटा संख्या 353 के एक हिस्से पर आरोपितों द्वारा पक्का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया गया, लेकिन दिन में काम बंद कर देने के बाद रात के समय चोरी-छिपे निर्माण शुरू कर दिया जाता है।

# नेताजी बोस को किया याद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का उद्घोष कर भारतीय स्वाधीनता संग्राम को नई दिशा देने वाले महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आज भाजपा जिला महामंत्री किसान मोर्चा नितिश उपाध्याय एडवोकेट एवं भाजपा युवा नेता विनय चौधरी ने नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नितिश उपाध्याय एडवोकेट ने कहा कि नेताजी का त्याग और बलिदान युगों-युगों तक युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को नेताजी के दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

वहीं, भाजपा युवा नेता विनय चौधरी ने नेताजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजाद हिंद फौज के जरिए उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत की चूलें हिला दी थीं। इस अवसर पर मुकेश शर्मा, सेवाराम मौर्य, छत्रपाल प्रजापति, हसन मियां, मुहद्दिश मेंहदी आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगी इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसाइटी

■ गढ़ी शादी हाल में आयोजित किया जाएगा प्रतिभा सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसाइटी ने इंसा. नियत के काम में अपने कदम आगे बढ़ाए हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोसायटी द्वारा कस्बे के विभिन्न स्कूल कॉलेजों में पढ़ने वाले या अन्य प्रतियोगी परीक्षा में सफलता पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को चेयरमैन नीलीफर द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की रूप रेखा भी तैयार कर ली गई है। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले मेधावी सम्मानित होंगे।

इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसाइटी रजि0 के अध्यक्ष हाजी जाहिद हुसैन गुड्डू ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करके मेधावियों को सम्मानित करने का मतलब उनकी हौंसला अफजाई करना है, ताकि मेहनत कश मेधावी शिक्षा के क्षेत्र में और तरक्की कर सकें। हाईस्कूल, इण्टर के अलावा अन्य नीट, आईआईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता पाने वाले मेधावियों को सम्मानित करने का निर्णय इंसानी हमदर्द वेलफेयर सोसाइटी ने लिया है, यह पहला मौका होगा जब कि मेधावियों को एक सम्मानजनक मंच पर बुलाकर सम्मानित किया जाएगा, इसलिए एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें गणमान्य नागरिक भी मंच पर उपस्थित रहेंगे मुख्य अतिथि चेयरमैन नीलोफर होंगी।

## शीशगढ़ में 100 फिटा ध्वज का होगा लोकार्पण एवं ध्वजारोहण

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पंचायत परिसर में मीरगंज तहसील क्षेत्र का सबसे ऊंचा एक सौ फिटा ध्वज का लोकार्पण एवं ध्वजारोहण किया जाएगा। चेयरमैन नीलोफर ने बताया कि गणतंत्र दिवस भव्य तरीके से मनाया जाएगा। कस्बे के सभी गणमान्य नागरिकों को निमंत्रण भेजे गए हैं। सभी तैयारियां मुकम्मल हो चुकी हैं।

# अनुबिस समूह के संस्थानों में श्रद्धा से मनाई गई बसंत पंचमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर अनुबिस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के अंतर्गत संचालित अनुबिस डिग्री कॉलेज, अनुबिस ग्रुप ऑफ मेडिकल साइंसेज एवं अनुबिस आईटीआई में माँ सरस्वती का पूजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। संस्थान परिसर में माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।पूरे दिन परिसर में भक्तिमय एवं सांस्कृतिक वातावरण बना रहा। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए माँ सरस्वती से ज्ञान, विवेक एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूजन उपरांत आरती की गई तथा सभी को प्रसाद वितरित किया गया।कार्यक्रम के पश्चात खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया।

# एमआर टीकाकरण अभियान को लेकर तहसील स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** फरवरी माह में प्रस्तावित एमआर(मीजल्स-रूबेला) टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को तहसील सभागार में एसडीएम आलोक कुमार की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि यह टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी तक चलाया जाएगा, जिसके तहत स्कूलों व मदरसों में कक्षा एक से पांच तक अध्ययनरत बच्चों को एमआर वैक्सीन लगाई जाएगी। एसडीएम ने निर्देश दिए कि अभियान के लिए माइक्रो प्लान पहले से तैयार किया जाए और उसी के अनुसार एएनएम द्वारा टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए। बैठक में प्रतिरक्षण अधिकारी धनेश्वर गिरि, पुनीत सक्सेना, प्रेमपाल, हेमेंद्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# एसएसपी के आदेश पर कन्हैया गुलाटी समेत चार पर हुआ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** एसएसपी के आदेश पर 4 लाख 45 हजार रुपए हड़पने पर कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। कस्बे के मोहल्ला अंसारी निवासी गुलाम जाफर नूरी ने एसएसपी अनुराग आर्य को बताया कि थाना भोजीपुरा के गांव जल्ला लाडपुर निवासी अफसार अहमद और थाना मीरगंज के गांव पिपरिया निवासी झाजन लाल उसके परिचित थे। दोनों ने पीड़ित को लालच देते हुए कहा कि हम कैनविज कंपनी में काम करते हैं। आप उसमें पैसा लगा दो हर वर्ष 20 फीसदी ग्रोथ के साथ पैसा वापस मिलेगा। जब मुझे भरोसा नहीं हुआ तो दोनों ने बरेली डीडीपुरम ले जाकर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर कन्हैया गुलाटी से मिलाया। इनके बहकावे में आकर पीड़ित ने कंपनी में करीब साढ़े 4 लाख रुपए लगा दिए। पैसा जमा करने के बाद जब उसको एक साल तक ग्रोथ का पैसा नहीं मिला तो उसे लगा उसके साथ धोखा हो गया। तब पीड़ित ने अपना पैसा वापस मांगा तो यह हट धर्मी करने लगे। पीड़ित ने बीस दिसम्बर 2025 को नोटिस दिया तो चारों आरोपी आग बबूला हो गए, और जान से मारने की धमकी देने लगे। इस बाबत पीड़ित एसएसपी अनुराग आर्य से मिला। जिस पर स्थानीय थाना पुलिस ने शुक्रवार को सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बसंत पंचमी के अवसर पर हुई पूजा, छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने दी आहुतियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर के.एस.जी. इंटर कॉलेज मीरगंज में माँ सरस्वती का पूजन एवं हवन कार्यक्रम श्रद्धा एवं परंपरागत विधि-विधान के साथ आयोजित किया गया।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं,शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।पूजन के उपरांत हवन संपन्न हुआ, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने आहुतियां प्रदान कर माँ शारदे से ज्ञान, विवेक एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के बाद शास्त्री जी ने सभी को आशीर्वाद देते हुए सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष केतन गुप्ता, प्रबंधक रामपाल गुप्ता, उपप्रबंधक कुश गुप्ता, प्रबंध समिति सदस्य सुबोध कुमार चौहान तथा प्रधानाचार्य निश्चल गुप्ता सहित अन्य अध्यापक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के नैतिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विकास में सहायक होते हैं। इसके अलावा संत मंगलपुरी इंटर कॉलेज में उप प्रबंधक बाबा अरविंद गिरी, प्रधानाचार्य सोनू गुप्ता, उप प्रधानाचार्य सुभाष गंग. वार, वीर सिंह, सुनील कुमार, ललित कुमार, वीर पाल आदि ने बसंत पंचमी एवं सुभाष चंद्र बोस जयंती पर हवन यज्ञ किया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2348 /न0पा0 प0ब0/ कर/ 2025 -26 दिनांक-23.01.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आराजी-180 वार्ड-11 मोहल्ला रामल. ीला कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्याम स्वरूप पुत्र श्री टीकाराम के नाम से दर्ज है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-03.05.2018 के द्वारा श्याम स्वरूप की मृत्यु दिनांक-28.04.2018 को हो चुकी है। श्रीमती सुमन कुमारी पत्नी सुन्दर लाल पुत्री श्याम स्वरूप निवासी मोहनपुर व गोपाल कृष्ण पुत्र स्व0 श्री श्याम स्वरूप निवासी ग्राम मितडांडी ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न करते हुए पालिका में आराजी को अपने नाम से दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/ परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।


**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

# विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर एसडीएम ने आशा बहुओं की बैठक की

**मीरगंज।** विशेष गहन पुनरीक्षण में दावा प्राप्ति के प्रचार-प्रसार को लेकर एसडीएम आलोक कुमार ने ब्लॉक स्तर पर आशा बहुओं की बैठक आयोजित की। बैठक में एसडीएम ने आशा बहुओं को पांच-पांच फार्म-6 वितरित करते हुए संबंधित बूथों पर बीएलओ से संपर्क कर कार्य करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवक-युवतियों के फार्म-6 भरवाकर बीएलओ के पास जमा कराए जाएं। इसके अलावा जिन मतदाताओं के नाम एसडी सूची में आ गए हैं, उनका भी फार्म-6 भरवाकर जमा कराया जाए, ताकि मतदाता सूची में उनके नाम सम्मिलित किए जा सकें। बैठक में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वैभव राठौर सहित आशा बहुएं उपस्थित रहीं।

# फैमिली आईडी में बरेली अव्वल, 102 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर प्रदेश में नंबर-वन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** एक परिवारख्एक पहचान अभियान में बरेली ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो पूरे प्रदेश के लिए मिसाल बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर चल रहे गैर राशन कार्ड धारक परिवारों की फैमिली आईडी निर्माण मुहिम में बरेली ने 102.21 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर उत्तर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश के जहां अधिकांश जिले अभी लक्ष्य से काफी पीछे हैं, वहीं बरेली ने प्रशासनिक क्षमता, सख्त मॉनिटरिंग और विभागीय तालमेल से लक्ष्य को न केवल छुआ, बल्कि उसे पार भी कर दिया।

दिसंबर-2024 से चल रहे इस अभियान में बरेली ने 1,44,558 फैमिली आईडी बनाईं। नवंबर तक प्रगति औसत रहने के बाद डीएम अविनाश सिंह ने सभी विभागों को युद्धस्तर पर काम करने के निर्देश देते हुए 22 दिसंबर तक शत-प्रतिशत लक्ष्य का अल्टीमेटम दिया। इसके बाद ब्लॉक, नगर निकाय और विभागीय स्तर पर विशेष अभियान चलाया गया, जिसका सीधा असर आंकड़ों में दिखा। 12 अंकों की फैमिली आईडी अब 76 केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की मास्टर-की बन चुकी है। इससे पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ पाने में न तो भटकना पड़ेगा और न ही दस्तावेजों की दोहराव वाली प्रक्रिया से गुजरना होगा। प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में बरेली की उपलब्धि इसलिए भी अहम मानी जा रही है क्योंकि इसके बाद केवल बहराइच (101.06%) और औरैया (100.71%) ही 100 प्रतिशत के आंकड़े को पार कर सके हैं, जबकि अधिकांश जिले 90 प्रतिशत तक भी नहीं पहुंच पाए। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, फैमिली आईडी में मिली इस सफलता के बाद जिला प्रशासन अब अन्य प्रमुख सरकारी योजनाओं में भी तय समय से पहले लक्ष्य हासिल करने की रणनीति पर आगे बढ़ चुका है।

## शाह टाइम्स आपके साथ....

### हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# सामूहिक खिचड़ी सहभोज

**नवाबगंज।** नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में भी बसन्त पंचमी पर सामूहिक खिचड़ी सहभोज के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कस्बे के सेठ दुलीचंद सरस्वती शिशु मंदिर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती एवं बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संविदा लाइनमैन की सेवा समाप्त, जेई निलंबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने गुरुवार को लखनऊ स्थित अपने आवास पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान विद्युत विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के एक गंभीर मामले पर अत्यंत सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट संदेश दिया। इसका नतीजा रहा कि शुक्रवार को एक लाइनमैन की सेवा समाप्त कर दी गई, वहीं जेई को निलंबित किया गया। इसी के साथ दो अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

बता दें कि जनसुनवाई के दौरान अमरोहा जनपद के नौगांवा सादात निवासी शिकायतकर्ता मोहम्मद यूसा, पुत्र कासिम ने विद्युत संयोजन देने के नाम पर रिश्वत मांगने तथा जानबूझकर कार्य में टालमटोल किए जाने की शिकायत मंत्री के समक्ष

**■ लखनऊ में ऊर्जा मंत्री से की गई थी शिकायत**

**■ एक्सईन व एसडीओ से मांगा स्पष्टीकरण**

रखी, जिसे मंत्री श्री शर्मा ने अत्यंत गंभीरता से लिया। ऊर्जा मंत्री ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता से फोन पर वार्ता की और दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। मंत्री के सख्त तेवरों और जीरो टॉलरेंस नीति का असर यह रहा कि विभाग बिना विलंब किए तुरंत हरकत में आया और देर रात तक कार्रवाई करते हुए दोषियों पर गाज गिराई गई। मंत्री के निर्देश के क्रम में कनिष्ठ अभियंता (जेई) राजीव सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया, वहीं लाइनमैन अब्बास की सेवा समाप्त कर दी गई। इसके साथ ही एसडीओ रितेश प्रसाद एवं अधिशासी अभियंता राहुल निगम को नियम-10 के अंतर्गत स्पष्टीकरण जारी करते हुए संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में विभागीय कार्यवाही किए जाने की संस्तुति की गई है। इस कार्रवाई को लेकर ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने दो टूक शब्दों में कहा कि ऊर्जा विभाग जनता की सेवा के लिए है, न कि जनता से अवैध वसूली के लिए। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि शासन की मंशा के विपरीत कार्य करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई की जाएगी।



**अमरोहा।** लखनऊ में जनसुनवाई करते ऊर्जा मंत्री एके शर्मा।

## मायके में रह रही विवाहिता को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के बाद विवाहिता मायके में रह रही थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने मायके पहुंचकर विवाहिता के साथ मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेरियान की है। यहां पर रहने वाले मोहम्मद आलम ने तीन साल पूर्व अपनी बेटी सिमरन की शादी मोहल्ला मच्छरट्टा निवासी सिकंदर के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले सिमरन को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करते थे। इसी प्रताड़ना के बीच लगभग तीन महीने पहले सिकंदर ने

**■ ससुराल पक्ष के लोगों पर मुकदमा दर्ज**

तीन तलाक देते हुए रिश्ता खत्म कर लिया। मुकदमा अदालत में चल रहा है, तलाक पीड़िता मायके में पिता के साथ रहती है। आरोप है इसी बीच ससुराल पक्ष के लोगों ने बीती 17 जनवरी को घर पर चढ़ाई कर दी। गाली-गलौज करते हुए सिमरन के साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपड़ोस के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता सिमरन ने इस संबंध में शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि सिकंदर, जहरा, नाजिश, साजिया, नाजिया, गुलनाज, शहजाद, हिना, काला व बब्बो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## निराले मियां अंसारी के जनाजे में उमड़े लोग, दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** पूर्व सभासद, वरिष्ठ समाजसेवी, पूर्व शहर अध्यक्ष कांग्रेस एवं मोमिन अंसार सभा अमरोहा के संरक्षक निराले मियां अंसारी के निधन पर ताजियती बैठक में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बता दें कि निराले मियां अंसारी का बीती रात्रि निधन होने से शहर के लोगों व राजनैतिक

**■ हर कोई उनके व्यवहार का था मुरीद**

गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई थी। शुक्रवार को निराले मियाँ को कब्रिस्तान में दफन किया गया। उनके जनाजे में अमरोहा के राजनैतिक व



सामाजिक संगठनों से जुड़े हजारों लोग मौजूद थे। मोमिन अंसार सभा अमरोहा व भारत सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में एक शोक सभा का आयोजन मौहल्ला कुरैशी स्थित पूर्व सभासद इकरार अंसारी के आवास पर हाजी इकबाल अंसारी की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें निराले मियां अंसारी को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर वरिष्ठ प्रदेश महामंत्री एड.यासिर अंसारी, भारत सेवा समिति के संरक्षक राधे लाल रघुवंशी, मोमिन अंसार सभा के शहर अध्यक्ष अतहर अंसारी ने उनके जीवनवृत पर रोशनी डाली। इस मौके पर पूर्व सभासद इकरार अंसारी, यासिर अंसारी, मोहम्मद हुसैन, असद अंसारी, मौ.अतहर अंसारी, नईम अंसारी आदि मौजूद रहे। बता दें कि चुनाव प्रचार के लिए अमरोहा आए तत्कालीन प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह से निराले मियां अंसारी मिले थे।

## वसंत पंचमी पर माँ सरस्वती की पूजा, गूंजे भक्ति के स्वर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**मण्डी धनौरा।** वसंत पंचमी के पावन अवसर पर ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में विद्या, बुद्धि और वाणी की देवी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ की गई। पूजा के दौरान मंत्रोच्चार से पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय और शांत वातावरण से भर गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राहुल अग्रवाल, निर्देशिका राखी अग्रवाल,

**■ ब्लू बर्डस इंटरनेशनल स्कूल में हुआ कार्यक्रम**

एडमिनिस्ट्रेटर कोऑर्डिनेटर संध्या गुप्ता सहित समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने माँ सरस्वती की आराधना कर शिक्षा, संस्कार और सद्बुद्धि की कामना की। विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने अनुशासन के साथ पूजा कार्यक्रम में सहभागिता की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि वसंत पंचमी जैसे पर्व बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों



में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है और अच्छे संस्कार विकसित होते हैं। पूजा के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। अंत में माँ सरस्वती से सभी के उज्ज्वल भविष्य, ज्ञान और विवेक की प्रार्थना की गई।

## मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** वसंत पंचमी के अवसर पर नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में मां सरस्वती की अष्ट धातु की प्रतिमा स्थापित की गई। पंडित सुखदेव शास्त्री ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराते हुए प्रतिमा स्थापित कराई।

इस दौरान धनौरा नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर

**■ मुख्य यजमान के रूप में रहे धनौरा पालिकाध्यक्ष**

प्रबंधक कपिल कुमार सिंघल, अध्यक्ष पपिल केशव गर्ग, रामदास शर्मा, प्रमोद शर्मा, एसवी त्रिपाठी, पंकज कौशिक, शलभ सिंघल, अंकुर सिंघल, नितिन बंसल, विभू बंसल, अंकित अग्रवाल, आदित्य गोयल, अजय सिंघल, राजीव गोयल, आदि मौजूद रहे।

## एसआरएस में हवन यज्ञ आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** वसंत पंचमी के अवसर पर नगर के एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में पंडित राजू पांडेय के निर्देशन में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मां सरस्वती का पूजन एवं हवन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण से हुआ। विद्यालय के निदेशक पुनीत सिंह,

**■ हवन में आहूतियां डालकर ज्ञानवर्धन की प्रार्थना**

प्रधानाचार्य डीके चतुर्वेदी एवं कोऑर्डिनेटर साक्षी सिंह ने माँ सरस्वती हवन कुंड में आहूतियां डालकर ज्ञानवर्धन और स्मृद्धि की प्रार्थना की। इस मौके पर संजीव कुमार, वीरेंद्र सिंह, नंदिता भारद्वाज, कविता सक्सेना, मुस्कान वर्मा, सुमन, मेघा आदि मौजूद रहे।

## कारमेल में धूमधाम से मनी वसंत पंचमी



**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** वसंत पंचमी के अवसर पर नगर के कारमेल पब्लिक स्कूल में हवन का आयोजन करके मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई, वहीं नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी हर्षोल्लास से मनाई गई।

विद्यालय के प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान ने सपरिवार यज्ञ कुंड में आहूतियां डालकर मां सरस्वती से ज्ञानवर्धन की प्रार्थना की। उन्होंने

**■ नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी मनाई**

छात्र-छात्राओं को वसंत पंचमी का महत्तव बताते हुए नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवनवृत के बारे में भी बताया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा, उप-प्रधानाचार्य आरपी सिंह, अनीता भटनागर, प्रीति चौहान, संध्या शर्मा, पूजा सैनी, सत्यपाल सिंह, धनवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

## रासेयो सिखाता है सेवा का भाव



**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** नगर के ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज में सप्तदिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को प्रबंधक व नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रोहताश कुमार शर्मा एवं प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी ने संयुक्त रूप से किया। वसंत पंचमी और नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी धूमधाम से मनाई गई।

प्रबंधक ने कहा कि रासेयो

**■ ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज में शिविर का शुभारंभ**

छात्र-छात्राओं को सेवा की भावना से जोड़ता है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रभाष कुमार ने रोसेयो के महत्तव पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर लोकेंद्र सिंह, इंद्र सिंह, प्रतिभा सागर, पप्पू कुमार, उमेश कुमार, हरीश कुमार, विनय प्रकाश सिंघल, अनिल राणा मौजूद रहे।

## पहले आदाब-ए-बंदगी सीखों, फिर कहो ये कि हम हुसैन के हैं...

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**अमरोहा।** रसूले खुदा के नवासे हजरत इमाम हुसैन के जन्म दिवस पर 'हुसैन डे' शीर्षक से ऑल इंडिया मनकब्ती मुशायरे का आयोजन किया गया। दूर शहरों से आए शायरों ने इमाम हुसैन की शान में बेहतरीन कलाम पेश कर खूब दाद प्राप्त की।

शहर के मोहल्ला मजापोता स्थित इमामबाड़ा मैमूना खातून में अंजुमन जानिसाराने हुसैन के संयोजन में गुरुवार रात आयोजित मुशायरे का आगाज कारी मिर्जा अनस ने तिलावत कलाम-ए-पाक तथा दिल्ली से आए शायर रिजवान अब्बास ने नात-ए-पाक से किया। इसके बाद मौलाना आबिद मुज्जफरनगरी ने हदीस-ए किसा-पेश की। आगाज के बाद नामचीन शायरों ने इमाम हुसैन की शिक्षाओं पर आधारित कलाम




पेश किया। खुर्शीद हैदर मुजफ्फरनगरी ने पढ़ा, हुसैन आज भी इंसानियत के मोहसिन हैं, यह किसने कह दिया इंसान बे सहारा है। कौसर कैरानवी ने यूं कहा, जमीदाराने फिक्र-ओ-फन की बस्ती है यह अमरोहा, ताल्लुक है सभी साकी-ए-कौसर से, कौसर से। बनारस से सागर बनारसी ने फरमाया...शब्बीर इतना सब्र को मजबूत कर गए, इस आईने से टूट के पत्थर बिखर गए। डॉ.शमीम इलाहाबादी ने फरमाया...कर्बला जीत के इंकार चला नेजे पर, अहले बातिल चले बेयत का जनाजा लेकर। डॉ.नगमी किरतपुरी ने ये पैगाम दिया...पहले

**■ 'हुसैन डे' के शीर्षक से मुशायरे का आयोजन**

आदाब-ए-बंदगी सीखों, फिर कहो ये कि हम हुसैन के हैं। इस मौके पर कर्नाटक से आए डॉ.शफीक आबिदी, पटना से आए वैज्ञानिक डॉ.नायाब बाल्यावी, फुरकान अमरोहवी, शहाब अनवर, कारी मिर्जा अनस, कैसर मुज्तबा, डॉ.लाडले रहबर, जिया अब्बास काजमी, अरमान हैदर साहिल, नौशा अमरोहवी, ताजदार मुज्तबा, जैगम शमीम, लियाकत अमरोहवी आदि ने भी कलाम पेश किए। इस मौके पर डॉ.शहवार हुसैन, मुस्तफा जैदी वसीम, डॉ. कौसर मुज्तबा, सरदार प्रहलाद सिंह, प्रोफेसर नाशिर नकवी, सैय्यद महबूब जैदी मौजूद रहे। अध्यक्षता मौलाना रजा काजिम व संचालन सलीम अमरोहवी ने किया।

### हृदयगति रूकने से प्रधान का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**जोया।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम शेखूपुर माफी के 55 वर्षीय प्रधान इब्राहीम की शुक्रवार को हृदयगति रूकने से निधन हो गया। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बताते हैं कि सुबह ग्राम प्रधान के सीने में तेज दर्द उठा, परिजन उन्हें उपचार के लिए मेरठ ले जा रहे थे, मगर रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। ग्राम प्रधान के निधन की सूचना पर उनके आवास पर शोक सांत्वना देने वालों का तांता लग गया।

### नाम से संबंधित सूचना

पहले मेरा नाम (DHARMENDRA) था, अब मुझे भविष्य में (DHARMENDRA KUMAR) पुत्र नन्हें सिंह, ग्राम फोलड़ा पट्टी, पोस्ट शेरपुर एतमातपुर, जनपद मुरादाबाद के नाम से जाना व पहचाना जाये।

## देवबंद मार्ग पर सड़क हादसे में खालापार के दो युवकों की मौत

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार की देर रात सहारनपुर मार्ग पर एक सड़क हादसे में खालापार के दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक अपनी रिश्तेदारी देवबंद में गये थे और वहां से लौटते समय हादसा हुआ। जैसे ही यह खबर खालापार में पहुंची तो यहां शोक छा गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना खालापार के मौहल्ला खालापार शाहिद व शाहरूख अपनी रिश्तेदारी में देवबंद गये थे। बताया जाता है कि शाहरूख की रिश्तेदारी देवबंद में है और देर शाम दोनों ही बाइक द्वारा देवबंद से अपने घर के लिए रवाना हुए। जब शाहिद व शाहरूख सहारनपुर मार्ग से होते हुए वापस लौट रहे थे तो अचानक सडक हादसे में दोनों घायल हो गये। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने उनके पास से मिले कागजों के आधार पर पहचान करते हुए इसकी जानकारी परिजनों को दी। इस समय डाक्टरों ने उन्हे मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को मोर्चरी पर रखवा दिया है।

### पति-पत्नी सहित तीन को सात वर्ष की सजा

**मुजफ्फरनगर।** अभियोजन के अनुसार भोपा पुलिस को एक पीडित ने 28 मई 2013 को तहरीर देते हुए बताया था कि गांव के ही जगबीर पुत्र गोपी और उसकी पत्नी गोपी व वेदप्रकाश पुत्र मेहराम निवासी विलायतनगर थाना भोपा ने हत्या के इरादे से उसके भाई पर कातिलाना हमला कर दिया। जिससे उसको गंभीर चोटे आयी। पुलिस ने धारा 307,325,324,323 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था और 31 अगस्त को सुनीता ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस ने 25 जुलाई 2013 को आरोपियों के विरूद्ध कोर्ट में आरोप पत्र प्रेषित कर दिया था यह मुकदमा ए.डी.जे.कोर्ट न. 6 के न्यायालय में विचाराधीन था। कोर्ट ने अधिवक्ताओं की दलीले, सबूत व गवाहों के आधार पर सुनीता, जगबीर व वेदप्रकाश को 7-7 वर्ष के कारावास व 16-16 हजार का जुर्माना लगाया है।

## पारा खालसा में याद किए गए 1992 के शहीद किसान किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**मण्डी धनौरा।** किसान आदर्श इंटर कॉलेज पारा खालसा में शुक्रवार को किसान शहीद दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न किसान यूनियन संगठनों के पदाधिकारियों और किसानों ने हिस्सा लिया। इस दौरान शहीद किसानों को श्रद्धांजलि

**■ कार्यक्रम में किसान नेताओं ने किया प्रतिभाग**

अर्पित कर उनके संघर्ष को याद किया गया। भारतीय किसान यूनियन असली के मंडल अध्यक्ष चौधरी डूंगर सिंह ने कहा कि वर्ष 1992 में लखनऊ जाते समय मंडी



धनौरा ब्लॉक क्षेत्र के नौ किसान नानपारा के सिधौली में शहीद हो गए थे। उन्हीं की स्मृति में हर वर्ष किसान शहीद दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि शहीद किसानों के बलिदान से प्रेरणा लेकर किसानों को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होना चाहिए और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संगठित प्रयास करने चाहिए।कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने भी किसानों से संगठन को मजबूत करने और हक की लड़ाई शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। शहीद दिवस के अवसर पर मौजूद किसानों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष चौधरी डूंगर सिंह, जिला प्रवक्ता नरेश कुमार, जयपाल सिंह, मुन्नू गुर्जर, दिनेश प्रधान, प्रदीप सिंह, देशराज सिंह, कविंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह सराय, रामवीर सिंह, सतपाल यादव, सुरेश यादव, श्यामबली यादव, जुल्फिकार मलिक, यूनुस खान, बबलू चौधरी, रमेश प्रधान आदि मौजूद रहे।

**आनन्द डिग्री कॉलेज (855)**
**चाऊपुरा मौलवी, धनौरा (अमरोहा)**

**आवश्यकता है**
**प्राचार्य एवं सहायक प्रवक्ता:**
हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल,, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, गृह विज्ञान, गणित, भौतिक व रसायन विज्ञान, जंतु व वनस्पति विज्ञान, वाणिज्य। योग्यता व वेतन यूजीसी के अनुसार। योग्य अभ्यर्थी 07 कार्य दिवसों में अपना आवेदन पत्र समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों सहित तीन प्रतियों में महाविद्यालय में जमा करवाएं।
**सम्पर्क करें:**
**प्रबंधक 9927404252**

## जौला में बौद्धिक प्रतियोगिता हुई आयोजित

**बुढ़ाना/जौला।** ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने व छात्र छात्राओं की प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से शुक्रवार को गांव जौला में बौद्धिक प्रतियोगिता आयोजित हुई। स्टूडेंट यूथ ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित बाबा गुलाम मोहम्मद जौला जनरल नॉलेज कॉम्पटीशन का केंद्र मिशन एजुकेशन एकेडमी स्कूल था।

प्रतियोगिता में शिक्षा के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला। केवल जौला ही नही बल्कि आसपास के कई गांवों से छात्र छात्राएंं ठंड की परवाह किए बिना भारी संख्या में परीक्षा केंद्र पहुंचे। प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं से कक्षा 12वीं तक के करीब 350 छात्र छात्राओं ने पंजीकरण कराया और अपनी तार्किक व बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुन्ना प्रधान, ताहिर ठेकेदार, फारुख मास्टर व उम्मेद दरोगा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुन्ना प्रधान ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अंचल के बच्चों में आत्म विश्वास बढ़ता है और उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार होने का मंच मिलता है। स्टूडेंट यूथ ग्रुप की टीम ने परीक्षा को अत्यंत व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। स्कूल परिसर में बैठने की समुचित व्यवस्था व कड़े अनुशासन के बीच छात्रों ने ओएमआर शीट व प्रश्नपत्रों के माध्यम से अपनी जनरल नॉलेज को परखा। ग्रुप सदस्यों ने बताया कि बाबा गुलाम मोहम्मद जौला के नाम पर इस प्रतियोगिता का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में बुद्धिजीवियों व युवाओं का विशेष सहयोग रहा। यहां शाकिर राणा, साहिब राणा, डॉक्टर अहसान, नदीम, मुंतजिर अली, जीशान अहमद, आरिफ अली व मास्टर रिजवान सहित मिशन एजुकेशन एकेडमी के समस्त स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई।

अध्यापकों ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें समय प्रबंधन और परीक्षा के दबाव को झेलने के गुर भी सिखाए। परीक्षा संपन्न होने के बाद अब सभी की निगाहें परीक्षाफल पर टिकी हैं। आयोजकों ने घोषणा की है कि प्रतियोगिता का परीक्षाफल रविवार को घोषित होगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र छात्राएं एक समारोह में सम्मानित होंगे ताकि अन्य बच्चे भी उनसे प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में नाम रोशन कर सकें। यह आयोजन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग स्टूडेंट यूथ ग्रुप के इस प्रयास की खूब जमकर सराहना कर रहे हैं।

## टिकोला शुगर मिल ने 19 जनवरी तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान भेजा


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** टिकोला शुगर मिल ने शुक्रवार को 19 जनवरी तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के बैंक खाते में भेज दिया है। टिकोला शुगर मिल के यूनिट हेड हिमांशु कुमार मंगलम ने बताया की मिल ने 17 जनवरी से 19 जनवरी तक खरीदे गये गन्ने का भुगतान 10 करोड़ 39 लाख रुपए किसानों के बैंक खाते में भेज दिया है। उन्होंने बताया कि चीनी मिल सप्ताह में दो बार मंगलवार व शुक्रवार को भुगतान भेज रहा है। किसानों से साफ सुथरा व ताजा जड़ रहित गन्ना आपूर्ति करने की अपील की। मिल के ईडीपी अधिकारी ऋषिपाल धामा ने बताया कि पर्चियां से अधिक गन्ना उपलब्ध होने पर चीनी मिल से संपर्क कर अपने गन्ने की आपूर्ति आवश्यकता अनुसार बढ़वा ले। मिल के भुगतान किये जाने के बाद किसानों के चेहरे पर खुशी देखी गई। ग्रामीणों का कहना है कि किसान को गन्ने का समय पर भुगतान हो वहीं सही होता है।

# हल्की बारिश ने उजागर की सरधना नगर पालिका की तैयारियों की हकीकत

### नगर में जगह-जगह जलभराव, नालों की सफाई न होने से जनता परेशान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शुक्रवार को हुई हल्की बूंदाबांदी ने सरधना नगर पालिका के विकास और सफाई व्यवस्था से जुड़े दावों की पोल खोलकर रख दी। मामूली बारिश में ही नगर के अधिकांश हिस्से पानी-पानी हो गए। मुख्य सड़कों से लेकर रिहायशी इलाकों तक जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे आम नागरिकों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

नगर के प्रमुख मार्गों पर पानी और कीचड़ जमा होने से राहगीरों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को फिसलन भरे रास्तों से गुजरना पड़ा, जिससे हादसों की आशंका बनी रही। कई स्थानों पर दुकानों के आगे पानी भरने से व्यापार भी प्रभावित हुआ। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा समय रहते नालों की सफाई नहीं कराई गई। नाले कचरे और गाद से पूरी तरह अटे पड़े हैं, जिसके चलते बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो गया। बारिश के दौरान और उसके बाद भी नगर पालिका की कोई टीम मौके पर नजर नहीं आई, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि नगर पालिका तत्काल प्रभाव से नालों की सफाई कराए, जलनिकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करे और बरसात से पहले स्थायी समाधान निकाले, ताकि जनता को हर बार इस परेशानी से न जूझना पड़े।

## गांव मोड़खुर्द में सपाईयों ने किए कंबल वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाना क्षेत्र के गांव मौड़खुर्द में ग्राम प्रधान इंतजार चौधरी के आवास पर नवनियुक्त सपा जिलाध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि कर्मवीर गुमी का सम्मान समारोह तथा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश सचिव सरदार नरवैर सिंह खालसा ने 110 जरूरतमंदो को कंबल वितरित किये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कर्मवीर गुमी ने कहा भाजपा सरकार ने महिलाओं माताएं बहनों का अपमान किया है। सरकार में विकास कार्य हवाई साबित हो रहे हैं उन्होंने कहा कि अपनी सरकार में सपा ने महिलाओं के सम्मान के लिए तरह-तरह की योजनाएं निकाली जिसमें कन्या विद्या धन, साइकिल वितरण, महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री पेंशन योजना दी है। लेकिन इस सरकार ने सभी पेंशन खत्म कर दी है। प्रदेश में कोई विकास कार्य नहीं दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाली 2027 में अखिलेश यादव की सरकार बनेगी, और सभी वर्गों का सम्मान किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से नरवैर सिंह खालसा, जिलाध्यक्ष विजयपाल कश्यप, अमरपाल ग्रेवाल, गोल्डी, प्रधान, मोनू बटला, नईमुद्दीन, संदीप जाटव, आफताब अली आदि शामिल रहे।

## बारिश ने छीनी बसंत पंचमी की रंगत, पतंगबाज हुए मायूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सरूरपुर।** क्षेत्र में बसंत पंचमी को लेकर पतंगबाजी का खास उत्साह देखने को मिलता है। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर वर्ग के लोग इस पर्व पर छतों पर पतंग उड़ाते नजर आते हैं। बसंत पंचमी को पतंगबाजी के पर्व के रूप में मनाने वाले शौकीन लोग महीनों पहले से इसकी तैयारी में जुट जाते हैं। पतंगें खरीदी जाती हैं, मांझे का इंतजाम किया जाता है और कई जगहों पर डीजे तक बुक कर लिए जाते हैं ताकि त्योहार को पूरे जोश और मस्ती के साथ मनाया जा सके।

इस वर्ष भी मेरठ व आसपास के क्षेत्रों में पतंग उड़ाने के शौकीनों ने बसंत पंचमी को लेकर पूरी तैयारी कर रखी थी। लोगों ने रंग-बिरंगी पतंगें, तेज मांझा और मनोरंजन के लिए डीजे की व्यवस्था पहले से ही कर ली थी। सभी को उम्मीद थी कि इस बार बसंत पंचमी पर आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से भर जाएगा और छतों पर उत्सव का माहौल देखने को मिलेगा। लेकिन शुक्रवार सुबह से ही शुरू हुई बारिश ने पतंगबाजों की सारी तैयारियों पर पानी फेर दिया। लगातार बारिश के कारण न तो पतंग उड़ाई जा सकी और न ही लोग छतों पर इकट्ठा होकर त्योहार का आनंद ले पाए। मौसम की खराबी से पतंगबाजों के अरमान धरे के धरे रह गए और उनके चेहरों पर निराशा साफ नजर आई। इतना ही नहीं, बारिश के साथ-साथ क्षेत्र में बार-बार बिजली गुल होने से डीजे और संगीत का मजा भी किरकिरा हो गया। जहां एक ओर लोग मौसम के कारण पहले ही मायूस थे, वहीं बिजली कटौती ने रही-सही कसर पूरी कर दी। कुल मिलाकर इस बार बसंत पंचमी पर मौसम की मार के चलते पतंगबाजों को निराशा का सामना करना पड़ा और त्योहार की रौनक फीकी पड़ गई।

# मैं मुस्लिमों को व्यापारी नहीं मानता: विनीत शारदा

- विवादित बयान देकर साम्प्रदायिक जहर घोलने में लगे विनीत शारदा
- हाजी याकूब पर भी की टिप्पणी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक साथ कई बार कमल, कमल, के डायलॉग से प्रसिद्ध हुए व्यापारी नेता विनीत अग्रवाल शारदा भी अब विवादित बयान देकर चर्चाओं में आना चाहते हैं। वह व्यापारियों की एकता में फूट डलवाने का काम कर रहे हैं। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विनीत शारदा शुक्रवार को किशनपुरा में व्यापारियों के धरने में पहुंचे थे जहां उन्होंने मुसलमान को टारगेट करते हुए एक विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि मैं मुसलमानों को अपना व्यापारी नहीं मानता हूं, और याकूब कुरैशी जैसे नेताओं के साथ कई मुसलमान नेताओं का नाम को लेकर उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों को टारगेट किया है।

विनीत शारदा ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि किसी मुल्ला मुसलमान की हिम्मत है यूपी में मुख्तार हो याकूब हो या तो यमराज के पास पहुंचा दिए गए हैं। यह मोदी और योगी आदित्यनाथ की ताकत है जो हमारे सनातन धर्म हिंदुओं और मेरे व्यापारियों पर आंख उठाकर देख ले। उन्होंने कहा कि मैं हिंदू सनातन धर्म को मानता हूं अगर यहां मुस्लिम समाज का कोई बैठा हो तो मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि मैं मुस्लिम समाज को अपना व्यापारी नहीं मानता हूं। उन्होंने मुस्लिम समाज के व्यापार से किए गए अतिक्रमण को लेकर भी बहुत कुछ कहा उन्होंने कहा कि पहले अपने आप को हमें रोकना होगा तभी तो हम मुस्लिम समाज द्वारा किए गए अतिक्रमण को खत्म करने में कामयाब होंगे। उनका यह डेढ़ दो मिनट का विवादित बयान वाला वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। एक तरफ भाजपा सरकार मुस्लिम समाज की वोटो को बटोरने का काम कर रही है तो वहीं भाजपा सरकार के नेता हिंदू और मुस्लिम समाज के व्यापारियों में फूट डलवाने का काम कर रहे हैं अब देखना यह होगा कि इस वीडियो के बाद आखिर भाजपा के पदाधिकारी विनीत शारदा को लेकर क्या एक्शन लेते हैं। बतादें कि बीते दिनों पूर्व सरधना विधायक संगीत सोम ने भी विवादित बयान दिये थे।

### सांप्रदायिक जहर घोलने वाले विनीत पर क्या होगी कार्रवाई!

मुस्लिम व्यापारियों को अपमानित करने और मुस्लिम समाज पर विवादित टिप्पणी करने वाले देश में लोकतंत्र के ऊपर हमला करने वाले विनीत शारदा पूर्व में भी कई विवादित बयान दे चुके हैं लेकिन इस बार उन्होंने खुल्लम-खुल्ला लोकतंत्र को और मेरठ के प्रशासन को विवादित बयान देकर चुनौती दे दी है उनके बयान के बाद हिंदू और मुसलमान दोनों समाज में नाराजगी देखने को मिल रही है व्यापारी नेता शैंकी वर्मा ने कहा कि विनीत शारदा के बयान का वह विरोध करते है। व्यापारी की कोई जाति नहीं होती ना ही कोई धर्म होता है उन्होंने कहा कि हम हर व्यापारी के साथ है और विनीत शारदा के इस बयान का विरोध करते हैं।

## शिमला के राजभवन में गूंजेगा यूपी का स्वर, धर्मेंद्र भारद्वाज करेंगे प्रतिनिधित्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र भारद्वाज को हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु राज्य प्रतिनिधि के रूप में नामित किया गया है। इस क्रम में शनिवार को धर्मेंद्र भारद्वाज शिमला स्थित राज भवन में आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस समारोह में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के दौरान वे उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, विकास यात्रा एवं उपलब्धियों को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करेंगे। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम राज्य की पहचान, गौरव और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें धर्मेंद्र भारद्वाज की सहभागिता प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

## डीमोनफोर अकादमी में बसंत पंचमी एवं काइट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डी मोनफोर अकादमी में बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष प्रार्थना सभा स्पेशल असेंबली का आयोजन किया। जिसमें बच्चों के द्वारा भावपूर्ण सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर सभी विद्यार्थी शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय को सुंदर तरीके से सजाया गया व विद्यार्थियों के लिए काइट मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अत्यंत सुंदर, रंग बिरंगी और मनमोहक पतंगें बनाई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें ज्ञान व परिश्रम के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की निर्देशिका डॉ. गरिमा वर्मा ने बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। इस अवसर पर निर्देशक डॉ. के.के. शर्मा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## दौराला में मनाई गई सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दौराला स्थित ठाकुर बिशन सिंह शहीद स्मारक अध्यक्ष पूर्व प्रमुख संजीव राघव के आवास पर आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेता सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। देश की आजादी के लिए उनका अदम्य साहस, नेतृत्व और राष्ट्रप्रेम सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उनका जीवन हमें आत्म सम्मान, त्याग और संकल्प के मार्ग पर आगे बढ़ने की सीख देता है। उन्होंने देश को आजाद कराने के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, समाजसेवी पुरुषोत्तम उपाध्याय, डायरेक्टर हरेंद्र चौधरी, विपिन चौधरी, भारत वीर अहलावत, वेदवीर, टिंकू प्रजापति, अजय, दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# महान क्रान्तिकारी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का स्वतंत्रता संग्राम में ऐतिहासिक योगदान: डॉ. राजीव

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती एवं बसन्त पंचमी के सुअवसर पर सांस्कृतिक संध्या, सरस्वती पूजा व काव्य संगौष्ठी का शानदार आयोजन किया गया। विम्स के छात्र-छात्राओं ने देर शाम तक मां सरस्वती के भक्ति गीतो पर शानदार प्रस्तुतियां देकर समारोह को यादगार बना दिया।

बसन्तोत्सव एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जयन्ती पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या, सरस्वती पूजा एवं काव्य गौष्ठी का शुभारम्भ समूह अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, वित्त निदेशक युवराज सिंह, कवियत्री डॉ. मधु चतुर्वेदी, विम्स कल्चरल कमेटी की चेयरपर्सन डॉ. सुप्रीति भटनागर, एम. एस. डॉ. सुरेशजी मेहता आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं सुभाषचन्द्र बोस को श्रद्धासुमन अर्पित करके किया। इसके बाद आयोजित काव्यगौष्ठी का शुभारम्भ करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार एवं साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने पढ़ा- ''पीली चादर ओढ घरा, मधुर हुआ जहान, आम्र मंजरी बोल उठी, गूंजे प्यारे तान।। मुरादाबाद से पधारे कवि मनोज मनु ने यू पढ़ा- ''आ गये ऋतुराज तो मौसम सुहाना आ गया, फूल, तरू, पल्लव कली को मुस्कराना आ गया।। युवा कवि हर्ष अमरोही ने कहा कि- ''पीली सरसो के खेतो में बस सूरज सा मुस्काता है, पक्षियों का झुंड शाखो पर, मधुर गान गुनगुनाता है।। कार्यक्रम अध्यक्षा एवं देश की विख्यात कवियत्री डॉ. मधु चतुर्वेदी ने पढ़ा- ''चांदनी रात हो आपका साथ हो, रोज यू जिन्दगी से मुलाकात हो।। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने नेताजी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि- ''अंधेरे हर किसी इंसान का मकसद नहीं होते, उजालो में पले हर शक्स की सरहद नहीं होते।। इसके अलावा कवि राम कुमार पाल, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. नीतू पंवार आदि ने भी काव्य पाठ किया। इस अवसर पर डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. राजेश सिंह, डॉ. अनुभव भटनागर, डॉ. सची अहलावत, डॉ. दीपाली, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. थॉमस, डॉ. राम गुप्ता, डॉ. शिल्पा रैना, डॉ. आरती गुप्ता, डॉ. आनन्द सेन गुप्ता, एस.एस. बघेल, मारूफ चौधरी, अरूण गोस्वामी, विशाल शर्मा, संजीव राय, वर्षा, शक्ति ध्वज सिंह, अनिकेत पंत, प्रीतपाल, विनीत, अजय, राहुल, मेरठ परिसर से डॉ. पंकज कुमार, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. बीसी दुबे, बृजपाल सिंह, बालाजी मलयाप्पम, एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## सुभारती क्षेत्र में चोरों का आतंक, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सुभारती चौकी क्षेत्र में चोरों ने आतंक मचा रखा है। आए दिन क्षेत्र में चोरी की घटना बढ़ती जा रही है। जानी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर विश्वकर्मा इंडस्ट्री एरिया के पास कुछ दिन पहले अमित बंसल नाम के व्यापारी के यहां काम चल रहा था जिसमें चोरों ने उनके यहां से भारी मात्रा में सरिया चोरी किया था। जिसकी रिपोर्ट थाने पर दर्ज कराई थी। पुलिस ने बागपत बाईपास के घाट गांव के पास से राहुल पुत्र बाबूराम निवासी टीपी नगर जिसके ऊपर आबकारी के भी मुकदमें दर्ज हैं और दीपांशु पुत्र दिनेश थाना टी पी नगर को 18 किलो सरिया के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों का चालान कर जेल भेज दिया।



## हर्रा-खिवाई में मैली चोकर और पुवाल बनी बड़ी मुसीबत, गंदगी व जाम से लोग बेहाल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** क्षेत्र के कस्बा हर्रा और खिवाई में मैली चोकर व पुवाल लोगों की सेहत और यातायात व्यवस्था के लिए गंभीर समस्या बनते जा रहे हैं। जगह-जगह मैली चोकर के अवैध ढेर लगे होने से सड़कों और गलियों में गंदगी का अंबार दिखाई दे रहा है। हवा में उड़ती धूल और सड़ांध भरी दुर्गंध के कारण स्थानीय लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है।

हालात यह हैं कि बाजार और मुख्य मार्गों पर सांस लेना भी दूभर हो रहा है। सड़क किनारे मैली चोकर और पुवाल से भरे वाहनों की लाइनें लग रही हैं, जो खुलेआम अस्थायी बाजार का रूप ले लेती हैं। इससे यातायात बाधित होता है और आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। विशेषकर सुबह और शाम के समय स्थिति और विकट हो जाती है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों, राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा पुवाल से भरी ट्रॉलियों और सड़क किनारे पड़े ढेरों के कारण आवागमन लगभग ठप हो जाता है। धूल उड़ने से सांस संबंधी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है, जिससे लोगों में चिंता बनी हुई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन और पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और अवैध रूप से चोकर पुवाल फैलाने वालों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। ग्रामीणों और व्यापारियों ने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से सड़कों की सफाई, अवैध ढेर हटवाने और जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि कस्बे में स्वच्छता और यातायात व्यवस्था बहाल हो सके।

## तेज आंधी व बारिश से सरूरपुर में बिजली व्यवस्था ठप, जनजीवन प्रभावित

- नहीं मिला पीने का पानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** सरूरपुर क्षेत्र में शुक्रवार को आई तेज आंधी और बारिश ने बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से चरमरा दिया। आंधी-तूफान के चलते जगह-जगह बिजली लाइनों में फाल्ट आ गए, जिससे कस्बा हर्रा और खिवाई में सुबह से लेकर देर रात तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

करनावल स्थित 132 केवी बिजलीघर से निकलने वाली 33 केवी लाइन में फाल्ट आने से अचानक बिजली गुल हो गई, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। बिजली न होने के कारण घरों में पानी की भारी किल्लत हो गई। मोटर न चल पाने से लोग पीने के पानी तक के लिए परेशान नजर आए। वहीं दुकानों, प्रतिष्ठानों और छोटे उद्योगों का कामकाज पूरी तरह ठप रहा। शाम होते-होते कस्बों में अंधेरा छा गया, जिससे लोगों को आवागमन में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग ने समय पर आपूर्ति बहाल नहीं की। हालांकि आंधी बारिश थमने के बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा लाइनों की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया, लेकिन इसके बावजूद देर रात तक कई इलाकों में बिजली नहीं पहुंच सकी। तेज आंधी और बारिश से जहां मौसम तो सुहावना हो गया, वहीं लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोगों की परेशानियां दिनभर बनी रहीं। नागरिकों ने बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# नवजीवन इंटर कॉलेज में बसंत पंचमी पर्व पर हुआ हवन पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहसूमा।** नगर में स्थित नवजीवन इंटर कॉलेज में शुक्रवार को बसंत पंचमी पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कॉलेज परिसर में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ नवनियुक्त प्रबंधक राजकुमार व प्रधानाचार्य योगेश चौहान ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद कॉलेज परिसर में हवन किया गया। हवन में छात्र-छात्राओं, समस्त स्टाफ व कर्मचारियों ने आहुति दे मां सरस्वती से आशीर्वाद मांगा।

प्रधानाचार्य योगेश चौहान ने बसंत पंचमी की जानकारी देते हुए कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को देवी सरस्वती का जन्म हुआ था। ये पर्व बसंत ऋतु की शुरुआत का प्रतीक है। वसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा भी कहा जाता है। वसंत ऋतु में नए पेड़-पौधे उगते हैं और फूल खिलते हैं। वसंत ऋतु में धरती की उर्वरा शक्ति बढ़ जाती है। विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार ने कहा कि बसंत पंचमी का पर्व ज्ञान और विवेक की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। देवी सरस्वती को विद्या, कला और बुद्धि की देवी के रूप में पूजा जाता है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह, पूर्व प्रबंध सत्यपाल सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य रतिराम मावी, शिक्षक अरविंद श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार दिनकर, दीपा सैनी, रोहित शर्मा, गजेंद्र सिंह, सुनील कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# एफएमडी के सातवें चरण का शुभारंभ

## जनपद में 30 टीमों का गठन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) का सातवां चरण 22 जनवरी से 10 मार्च तक 45 दिवसीय अभियान का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर से टीकाकरण की टीमों को झंड़ी दिखा कर किया गया।

इस अवसर पर डा. लोकेश कुमार अग्रवाल, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, बिजनौर, डा. अनुपम जैन, उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, प.चि.-सदर-बिजनौर, डा. पुष्पेन्द्र कुमार, उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी (चि. एवं स्वा.), बिजनौर, डा. ब्रहमपाल सिंह, पशुचिकित्साक, (एमवीयू) संजय कुमार, प.प्र.अ., शशिकान्त, प.प्र.अ. एंव मौसम चौधरी, प.प्र.अ. आदि उपस्थित थे।

मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डा. लोकेश कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में कुल 30 टीमों का गठन किया गया है, जो कि ब्लाक वार टीकाकरण कार्य सम्पादित करेंगी तथा पशुपालकों के द्वार पर जा कर पशुओं में एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) का नि:शुल्क टीकाकरण करेंगे। जनपद में कुल 570000 टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित है। एफएमडी वैक्सीन कोल्ड चैन मेनटेन करते हुए टीकाकरण किया जायेगा। 08 माह से ऊपर के ग्याभिन पशु तथा 04 माह तक के बच्चे का टीकाकरण नहीं किया जायेगा। प्रथम बार टीका लगने वाले बच्चों को एक माह बाद बूस्टर डोज लगायी जायेगी। किये गये टीकाकरण को उसी दिन भारत पशुधन एप पर अपलोड किया जायेगा तथा पशु स्वामी का नाम व पशु विवरण आदि एफएमडी टीकाकरण पंजिका में भी तिथिवार अंकित किया जायेगा। यह टीकाकरण पशुओं में शत-प्रतिशत किया जायेगा। साथ ही यह भी ज्ञात हो जिन पशुओं में टैगिंग नहीं है, उनकी टैगिंग भी की जायेगी।

टीकाकरण से पूर्व एवं पश्चात निर्धारित ग्रामों से पशुओं के सेम्पल एकत्र किये जायेगे, जिनकों जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जायेगा। खुरपका-मुंहपका रोग एक संक्रामक रोग हैं। इसमे बीमार पशुओं को अन्य पशुओं से अलग रखा जाता है तथा उनका टीकाकरण नहीं किया जाता है।

उन्होंने जिले के के समस्त पशुपालकों से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने सभी पशुओं में निर्धारित समय में टीकाकरण करालें ताकि पशुओं को खुरपका-मुंहपका बीमारी से बचाया जासके तथा एफएमडी टीकाकरण अभियान को सफल बनाया जा सकें।

# बाला साहेब ठाकरे और सुभाष चन्द्र बोस को भारत रत्न की मांग

## राष्ट्रपति के नाम मांग पत्र सीओ को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शिव सेना ने बाला साहब ठाकरे की 100वी और सुभाष चन्द्र बोस की 129वी जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई।

शिव सेना के मुरादाबाद मंडल प्रमुख आर.के.आर्य एडवोकेट के नेतृत्व में शिवाजी पार्क में एकत्रित हुए ओर हिन्दू हृदय सम्राट श्रद्धेय बाला साहेब ठाकरे जी की 100वी जयंती ओर आजाद हिंद फौज के संस्थापक सुभाष चंद्र बोस जी की 129 भी जयंती पर खूब आतिशबाजी करते हुए मिठाई बांटी। सीओ अभय पांडे के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन दोनों ही क्रांतिकारियों को भारत रत्न देने की मांग को लेकर दिया।

विकास त्यागी युवा सेना जिला प्रमुख, सोनम त्यागी भवानी सेना जिला प्रमुख, कांति देवी नगर अध्यक्ष धामपुर, विनोद चौहान, क्षेत्रपाल सिंह, ब्रजमोहन प्रजापति, रामपाल सिंह अनिता देवी, विजय लक्ष्मी यादव, राधिका राजपूत, सुमन त्यागी, शांति देवी, सुखिया देवी, अनिता देवी, पूनम देवी, प्रियंका देवी, तनु रानी, साक्षी रानी, रामभजन, मनवीर यादव, कुलदीप सिंह, महेन्द्र सिरोही, अशोक कुमार, हरविंद्र सिंह ,सार्थक, आदित्य, आशु, गौरव कुमार, रोहित कुमार, आदर्श कुमार आदि सैकड़ों शिव सैनिक उपस्थित रहे।

# योगासन एवं प्राणायाम कराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़नपुर।** श्री सांई इंटर कॉलेज रूपपुर में स्वयं सेवक सेविकाओं की इकाई द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में (NSS) कैंप के विशेष शिविर के द्वितीय दिवस के तत्वावधान में योग कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना था। उसके बाद ग्राम बुढनपुर, पाईन्दापुर तथा रशीदपुर में एक जागरूक रैली का आयोजन किया गया, जिसमे बच्चों द्वारा लोगों को योग के बारे में जानकारी दी गई। अध्यापक कोमल प्रजापति द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ योग क्रियाओं में भाग लिया।

योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि नियमित योग से शरीर स्वस्थ, मन शांत और एकाग्रता में वृद्धि होती है। जिसमे कॉलेज प्रबंधक प्रमोद त्यागी एवं सेवित त्यागी द्वारा बच्चों को योग के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका कुमारी ने कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रूसी एवं शुभम विश्नोई की सराहना की।

# अशोक चौधरी ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

## लाभार्थियों के चेहरों पर प्रसन्नता देखने को मिली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** विधानसभा क्षेत्र में ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पुन: कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव अशोक चौधरी ने अपने गांव कौशल्या में अपने साथियों के साथ जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।

इस अवसर पर अशोक चौधरी ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की सेवा करना उनका नैतिक एवं सामा. जिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो, इसके लिए निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे है। कंबल प्राप्त कर लाभार्थियों के चेहरों पर प्रसन्नता देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने इस जनसेवी पहल की सराहना करते हुए अशोक चौधरी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में चांदपुर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शीशपाल राठी, युवा विधानसभा अध्यक्ष रवि गांधी, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र प्रधान, जिला महासचिव डॉ. विपिन तोमर, नगर अध्यक्ष मुंजरीम अहमद, वरिष्ठ नेता अकरम उस्मानी, वरिष्ठ नेता डॉ. आलामगीर, डायरेक्टर महेश प्रधान, पूर्व जिला महासचिव चौधरी गजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ नेता कलवा सिंह गुर्जर, वरिष्ठ नेता मा. रमेशचन्द्र शर्मा, युवा नेता निमित चौधरी, वरिष्ठ नेता राजीव चौधरी, मा. जयवीर सिंह, अजयदीप सिंह, गजराज सिंह, देशराज सिंह, नरेश नेताजी, सदाकत अली, विरेंद्र सिंह, ऋषि सिंह, कुलदीप सिंह, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी के द्वारा सर्दी के मौसम मे पुन: क्षेत्र के गरीब परिवारों को कंबल वितरण पर पूरे क्षेत्र भर में प्रशंसा की जा रही है।

## एक नजर

### डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली पलटी



**नांगल सोती।** नांगल-चंदक मार्ग पर आज सुबह करीब नौ बजे गांव सौफतपुर निवासी अरुण कुमार गन्ने की ट्रैक्टर ट्राली लेकर बरकातपुर मिल में जा रहा था। गांव महमसापुर एक ईंट भट्टे के समीप पीछे से आ रहे रेत बजरी के डंपर ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी, जिससे ट्राली सड़क के बीचों-बीच पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक अरुण कुमार बाल-बाल बच गया। गनीमत रही की कोई राहगीर ट्राली की चपेट में नहीं आया, जिससे हादसा होने से बच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रॉली को सीधा कराकर सड़क से हटवाया।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उदिता राजपूत और मौहम्मद आरिफ के निर्देशन मे शासन के आदेश के अनुसार नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। संस्कृत विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार पुंडीर ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि नेताजी एक महान क्रांतिकारी थे और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में नेताजी की महत्वपूर्ण भूमिका थी। उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में नेताजी के दिए हुए नारों की चर्चा की। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि नेताजी के प्रसिद्ध नारे 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' ने उस समय के सभी क्रांतिकारियों में एक भिन्न प्रकार का जज्बा और ऊर्जा भर दी थी। कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप कुमार तालान, डॉ. मौहम्मद साजिद अंसारी, डॉ. कुलदीप, डॉ. संतोष देवी, डॉ. मीनाक्षी चौहान, पूजा राजपूत, राजेश श्रीवास्तव, सौरभ चौहान, गौरव कुमार तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

### आरवीआईटी में वसन्त पंचमी की पूजा

**बिजनौर।** आर.वी. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में वसन्त पंचमी की पूजा का आयोजन किया गया। वसन्त पंचमी के दिन माँ सरस्वती जी की पूजा की जाती है। यह दिन ज्ञान, कला, संगीत और शिक्षा की देवी मां सरस्वती को समर्पित होता है। इस अवसर पर संस्थान में मां सरस्वती की पूजा अर्चना व आरती और हवन कर सभी ने माँ सरस्वती का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल ने सभी छात्रों को शुभकामनायें देते हुए अपने जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। यह पूजा संस्थान के प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल, तकनीकी निदेशक डा. नितिन अग्रवाल, फॉर्मेसी निदेशक डॉ. हितेश कुमार, रजिस्ट्रार विपिन कुमार, सभी विभागाध्यक्ष व समस्त स्टाफ और सभी छात्र-छात्राएं ने मिलकर की।

# जिला स्तरीय उद्योग बंधुओं की बैठक

## निवेशकों एवं उद्यमियों को नए उद्योगों की स्थापना के लिए करें प्रेरित : डीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि जिले में औद्योगिक विकास को अपेक्षित प्रगति देने के लिए सार्थक प्रयास करें और निवेशकों एवं उद्यमियों से मिलकर उन्हें नए उद्योगों की स्थापना के लिए प्रेरित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रही थीं। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित विभागीय प्रकरणों को भी जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश विभागीय अधिकारी को दिए।

उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि जिले में औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से निवेशकों एवं उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने एमओयू क्रियान्वयन तंत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में हस्ताक्षरित 294 एमओयू के सापेक्ष जीबीसी के लिए 121 तैयार हैं, 91 में व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो चुका है, 30 पेंडिंग हैं जबकि 253 एमओयू निर्माणाधीन एवं प्रगति पर हैं और 02 एमओयू द्वारा कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है। उन्होंने उपयुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि नए एमओयू को तलाश कर उन्हें निवेश के लिए प्रेरित करें। समीक्षा करते हुए संज्ञान में आया कि एमओयू के अंतर्गत क्रियाशील औद्योगिक यूनिटों में लगभग 58 हजार से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हो चुका है। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा करते हुए पाया गया कि पोर्टल पर कुल 578 आवेदन परिषद प्रदर्शित है, जिनमें से 227 का प्रथम स्तरीय सत्यापन किया जा चुका है जबकि 108 का द्वितीय स्तरीय सत्यापन पूर्ण हो चुका है तथा 85 आवेदन पत्रों पर तृतीय स्तर की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल पर लक्ष्य 1750 के सापेक्ष 2695 आवेदन बैंकों को प्रेषित की जा चुके हैं, जिनमें बैंक द्वारा 1114 स्वीकृत तथा 1087 लाभार्थियों को बैंक द्वारा ऋण वितरण किया जा चुका है जबकि बैंकों स्तर पर 600 आवेदन के लंबित हैं तथा बैंकों द्वारा 1050 आवेदन पत्र अस्वीकृत किए गए हैं।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रयास किया जाए की उद्योग बंधु की बैठक में उठाए जाने वाली प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति के साथ निस्तारित कराना सुनिश्चित करें ताकि औद्योगिक विकास को प्रगति मिल सके और शासन के प्रति भी उद्योग बंधुओं का विश्वास और अधिक दृढ़ हो सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उपयुक्त उद्योग अमित कुमार, जीएसटी, उद्योग, खादी ग्राम उद्योग, पंचायत राज, खाद्य सुरक्षा विभाग, पशु पालन विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी तथा उद्योग एवं व्यापार बंधु मौजूद थे।

# सीएमआईएस तथा एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएमआईएस तथा एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले में पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को तत्काल संबंधित विभागीय को हैंड ओवर करना सुनिश्चित करें ताकि उनका उपयोग शुरू किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी परियोजनाएं निर्माण अधीन है, उनका पूर्ण समयबद्धता के साथ पूरा कर संबंधित विभाग को स्थानांतरित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यथासंभव पूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण जन प्रति. निधियों द्वारा कराया जाए ताकि कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता प्रदर्शित हो। उन्होंने निर्देशित किया कि सूची की सत्यता एवं अद्यतन स्थिति सुनिश्चित की जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए, जिससे कार्यक्रमों का प्रभावी नियोजन एवं समन्वय सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने निर्देशित किया कि निर्देशित किया कि सभी परियोजनाएं जो अपूर्ण है उन परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाते हुए और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें और जो पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यों सड़क निर्माण, पुल निर्माण में पूर्ण परियोजनाओं की प्रगति, कृषि, सिंचाई, लोनिवि सहित अन्य विभागों की कार्यो की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जिले को प्रदेश में अग्रणी बनाए रखने के लिए अपेक्षित प्रयास करें और सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ क्रियान्वित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री लक्ष्मी देवी सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# श्री राम मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ पर दीपमाला व श्रीराम संकीर्तन



## संकीर्तन से वातावरण हुआ भक्तिमय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भव्य रूप से निर्मित श्री राम मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज (ध्यान केंद्र) में भक्ति और श्रद्धा के साथ दीपमाला व श्रीराम संकीर्तन का आयोजन किया गया। यह आयोजन रामदास जी महाराज के सानिध्य में तथा नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्रीमद हनुमत सेवा समिति (पंजी.) के संयोजन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान संगीतमय हनुमान चालीसा और श्रीराम संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में सनातन धर्मप्रेमी श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए और दीप प्रज्वलन कर भगवान श्रीराम के चरणों में श्रद्धा अर्पित की।

इस अवसर पर बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज (ध्यान केंद्र) के संस्थापक श्री रामदास जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीराम मंदिर का नवनिर्माण 5 अगस्त 2020 को भूमिपूजन के साथ प्रारंभ हुआ था।

कार्यक्रम में सुभाष चन्द्र कौशिक, पंकज भटनागर, मयंक अग्रवाल, डॉ. ए.के. सक्सेना, तरुण शर्मा शास्त्री, यतेंद्र शर्मा एडवोकेट, कपिल तुली, डॉ. अनुज कुमार वर्मा, मेघराज सिंह प्रजापति, महेन्द्र सिंह, महावीर सिंह, अनिल चौधरी, सुनील कुमार, सक्षम गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, मुन्नी देवी, बबीता सक्सेना, विनिता चौधरी, मंजु देवी, सुहासनी, कु. गौरी वर्मा, कु. कुमकुम, कु. आराध्या भटनागर, कु. पीहू गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

कार्यक्रम का समापन मिष्ठान एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# नवीन स्वीकृत गन्ना प्रजाति एवं आधुनिक खेती विषय पर कार्यशाला

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल एवं गन्ना विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में बसंतकालीन गन्ना बुवाई अभियान के अंतर्गत नवीन स्वीकृत गन्ना प्रजाति एवं आधुनिक खेती विषय पर समीक्षा गोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशेष सत्र में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर अमित कुमार पांडेय, सहायक प्रबंधक (गन्ना) चीनी मिल धामपुर सहित 15 विभागीय गन्ना पर्यवेक्षक एवं चीनी मिल कर्मियों ने भाग लिया। गन्ना समिति परिसर में आयोजित गोष्ठी में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमित कुमार पांडेय ने कहा कि किसान अस्वीकृत प्रजाति के गन्ने की बुवाई ना करें। विभाग की ओर से खेतों में खड़े गन्ने का सत्यापन अभियान पांच फरवरी तक चलेगा। किसी भी दशा में एक प्रजाति का क्षेत्रफल 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। किसान भाई राज्य सरकार द्वारा अनुशंसित की गई नई अगेती प्रजातियों को ही अपनाएं। जैसे कोएस 13235, कोएस 17231, कोएस 18231, कोएस 19231, को. 0118, को.ल. 14201, को.ल. 16202 को अपनाने को कहा। जलभराव वाले क्षेत्रों के लिए को 98014 और को. एस. 13231 की बुवाई कराएं। बुवाई के समय प्रत्येक खेत में ट्राइकोडर्मा का प्रयोग और बीज शोधन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने बताया कि गन्ना समिति में स्थापित फार्म मशीनरी बैंक के यंत्रों के संचालन हेतु कृषकों को अवगत कराएं कि फार्म मशीनरी बैंक से आधुनिक यंत्र आरएमडी, सब-सॉयलर, ट्रेंच ओपनर, पावर स्प्रेयर उचित किराये पर प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर संजय मौर्य, गन्ना पर्यवेक्षक लोकनाथ, दिनेश राजपूत, राजेश सिंह, लोकनाथ सिंह आदि उपस्थित रहे।

# धामपुर में निकाली तिरंगा यात्रा

## नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाई गई। इस अवसर धामपुर नगरपालिका द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका से हुआ जो रोडवेज होते हुए सुभाष चौक पर जाकर सम्पन्न हुई। जहां पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और नेताजी के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प भी लिया। जयंती समारोह के लिए सुभाष चौक को रंगोली और फूलों से सजाया गया था। नगर पालिका प्रशासन ने पूरे स्थल को आकर्षक रूप से तैयार किया। स्थानीय नागरिकों और जन प्रतिनिधियों ने भी पुष्प अर्पित कर नेताजी को नमन किया। माल्यार्पण के बाद चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि साहस और संकल्प के प्रतीक थे। उन्होंने 'आजाद हिंद फौज' का गठन कर अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी थी। अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने युवा पीढ़ी से उनके त्याग और राष्ट्रप्रेम से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। नेताजी का जीवन अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने बताया कि नेताजी ने यह सिद्ध किया कि यदि इरादे मजबूत हों, तो संसाधनों की कमी लक्ष्य प्राप्ति में बाधा नहीं बनती। उनके विचार आज भी एक सशक्त भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।

इस दौरान पवन कुमार, सुनील कुमार, विकास कुमार, पुष्पेंद्र सक्सेना, ओमजीत, अतुल कुमार आदि पालिका स्टाफ मौजूद रहे।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

उधना जं.-अयोध्या कैंट-उधना जं. के बीच विशेष रेलगाड़ी का संचालन

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा उधना-अयोध्या कैंट-उधना के बीच एक विशेष रेलगाड़ी संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:

09093/09094 उधना जं.-अयोध्या कैंट-उधना जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09093 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09093 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09094 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09094 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 07:25 | उधना | 17:15 | --- |
| 08:19 | 08:21 | भरूच जं. | 15:41 | 15:43 |
| 09:55 | 10:00 | बडोदरा जं. | 14:20 | 14:30 |
| 11:05 | 11:07 | गोधरा जं. | 12:20 | 12:22 |
| 13:35 | 13:45 | रतलाम जं | 09:40 | 09:50 |
| 14:23 | 14:25 | नागदा जं | 08:58 | 09:00 |
| 15:25 | 15:30 | उज्जैन जं. | 07:58 | 08:03 |
| 16:30 | 16:32 | मक्सी जं. | 07:21 | 07:23 |
| 18:00 | 18:02 | सीहोर | 06:19 | 06:21 |
| 18:45 | 18:50 | संत हिरदाराम नगर | 05:55 | 06:00 |
| 22:00 | 22:05 | बीना जं | 03:20 | 03:25 |
| 00:55 | 01:00 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. | 00:45 | 00:50 |
| 02:15 | 02:17 | उरई | 22:25 | 22:27 |
| 05:45 | 05:50 | कानपुर सेंट्रल | 20:45 | 20:50 |
| 07:35 | 07:45 | लखनऊ जं. | 18:30 | 18:40 |
| 08:25 | 08:30 | बाराबंकी जं. | 17:10 | 17:15 |
| 10:30 | --- | अयोध्या कैंट | --- | 14:45 |

चलने के दिन: 09093 उधना से दिनांक 13.02.2026 से 27.03.2026 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को और 09094 अयोध्या कैंट से दिनांक 14.02.2026 से 28.03.2026 तक (प्रत्येक शनिवार) को।

स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा-हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

268/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# विकास भवन में ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

## ब्लैकआउट मॉक ड्रिल में दिखा आपदा प्रबंधन की तैयारी का अनुकरणीय समन्वय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को सायं 6.00 बजे से आयोजित ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल न केवल प्रशासनिक तैयारी की परीक्षा थी, बल्कि नागरिक जागरूकता और सहभागिता का भी वास्तविक प्रति. बंब बनी। इस मॉक ड्रिल से जिले की आपदा प्रबंधन योजना की समीक्षा, विभिन्न विभागों की विभागीय योजनाओं का मूल्यांकन और आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की उपयोगिता को सुदृढ़ किया गया।





ड्रिल की शुरुआत विकास भवन से सायरन के माध्यम से हुई। कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि विकास भवन क्षेत्र में हवाई हमला संभावित है जिसके क्रम में सायरन बजाकर संकेत दिया गया कि ड्रिल प्रारंभ हो चुकी है। एलान के साथ ही समूचे जनपद में बिजली आपूर्ति को नियोजित रूप से बाधित कर ब्लैकआउट की स्थिति बनाई गई। कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि विकास भवन में कुछ लोग चोटिल हो गए हैं, जिसके क्रम में तत्काल स्वास्थ्य विभाग को सूचित कर एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई। विकास भवन में बिजली गुल रही और अंदर फंसे लोगों को स्ट्रेचर के माध्यम से सकुशल बाहर लाकर एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल भेजा गया। मलबे के नीचे दबे लोगों को भी रेस्क्यू किया गया। लोगों को बताया गया कि ऐसी स्थिति में किस प्रकार अपने घरों के भीतर सुरक्षित रहना चाहिए। विकास भवन से सूचना प्राप्त हुई कि बिल्डिंग में आग लग गई है और कुछ लोग फंसे हुए हैं। तत्काल राहत कार्य शुरू किया गया। इस दौरान आग बुझाने की ड्रिल का भी प्रदर्शन हुआ, जिसमें फायर ब्रिगेड ने तत्परता से कार्य करते हुए आग बुझाई। आपदा विभाग, पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग आदि के विशेषज्ञों ने उपकरणों का प्रदर्शन किया। रेस्क्यू टीम ने घटनास्थल पर पहुँचकर स्थिति का आकलन किया। अग्निशमन विभाग ने पानी और फोम का प्रयोग कर आग बुझाई, सीढ़ियों की मदद से फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार देकर उन्हें अस्थाई फील्ड अस्पताल भेजा गया। ड्रिल के दौरान तीन प्रकार के एयर रेड सायरन का प्रयोग किया गया। इस ब्लैकआउट मॉक एक्सरसाइज में यूथ लीडर अमन कुमार के नेतृत्व में माय भारत, एनसीसी, युवक मंगल दल, उड़ान यूथ क्लब, सिविल डिफेंस और आपदा मित्र के स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अभ्यास में पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, विद्युत, नगर निकाय, आपदा प्रबंधन टीम सहित सभी विभागों ने सक्रिय सहभागिता की। इस ड्रिल का आयोजन जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल के निर्देशन में और अपर जिलाधिकारी विनीत उपाध्याय एवं सीडीओ बृजेंद्र शुक्ल के पर्यवेक्षण में हुआ। उन्होंने प्रत्येक सेक्टर से जुड़े अधिकारियों से फीडबैक लिया और प्रतिक्रिया की समीक्षा की। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा, आपदा की घड़ी में केवल प्रशासन की नहीं, हर नागरिक की भूमिका अहम होती है। इस मॉक ड्रिल में विभागों ने जो अनुशासन और समन्वय दिखाया है, वह सराहनीय है।

**ब्लैकआउट मॉक ड्रिल क्यों है जरूरी ?**

ब्लैकआउट मॉक ड्रिल एक विशेष प्रकार का आपदा अभ्यास है, जिसका उद्देश्य नागरिकों और प्रशासन को हवाई हमले, युद्ध जैसी आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित, संगठित और सुरक्षित प्रतिक्रिया देना सिखाना होता है। प्रशासन इस अभ्यास से प्राप्त अनुभवों को संक. लित कर व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलाने की योजना बना रहा है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बागपत के के भड़ाना, पुलिस क्षेत्राधिकारी विजय कुमार, जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अमरेंद्र प्रताप सिंह, जिला युवा अधिकारी डा. योगेश आदि उपस्थित रहे।

## मामूली बात पर दो पक्षों के बीच मारपीट व पफायरिंग, एक बच्चे को लगा छर्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कस्बे में मामूली बात पर दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग हुई। इस घटना में एक बच्चा छर्रा लगने से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह घटना लक्की और अंकित पक्ष के बीच हुई। बताया जा रहा है कि मामूली कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में झगड़ा बढ़ गया। आरोप है कि अंकित पक्ष के लोगों ने अपनी छत से तमंचे से फायर किया। फायरिंग के दौरान एक बच्चे को छर्रा लगा, जिससे वह घायल हो गया। घटना स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। घायल बच्चे को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बड़ौत कोतवाली प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग का मामला सामने आया है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से छानबीन कर रही है। दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।




## 1 किलो120 ग्राम अवैध गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली पुलिस ने एक अवैध गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। चेकिंग अभियान के दौरान पकड़े गए इस तस्कर के पास से 1 किलोग्राम 120 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है।

गिरफ्तार तस्कर की पहचान बिजरोल निवासी अभिनल उर्फ गोलू के रूप में हुई है। यह गांजा बागपत के विभिन्न क्षेत्रों में तस्करी के लिए लाया गया था। पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देशन में पुलिस टीम अपराध नियंत्रण के लिए अभियान चला रही थी। बरामद किए गए अवैध गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 60 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस अब इस तस्करी के पीछे के बड़े नेटवर्क और अन्य शामिल लोगों की तलाश कर रही है। बड़ौत कोतवाली प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि अवैध गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से गांजा बरामद किया गया है। मामले की विस्तृत छानबीन जारी है।



## गांव के ही दो व्यक्तियों पर छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के चांदीनगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने गांव के ही दो व्यक्तियों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस जांच में जुट गई है।

महिला ने अधिकारियों को बताया कि वह अपनी पुत्रवधू और बेटी के साथ खेत में काम कर रही थी। तभी गांव का एक व्यक्ति अपने साथी के साथ वहां पहुंचा और उसे गन्ने के खेत में खींचने का प्रयास किया। महिला के अनुसार, छेड़छाड़ का विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई। शोर सुनकर अन्य लोगों को आता देख दोनों युवक मौके से फरार हो गए। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना चांदीनगर प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि मामले की गहन छानबीन की जा रही है और जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

### जनपद में 21 वर्षीय युवती लापता, प्रशासन से की तलाश की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लधवाड़ी से एक 21 वर्षीय युवती लापता हो गई है। युवती अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

परिजनों ने युवती के रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के गांवों में उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। युवती के मोबाइल फोन पर भी संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन बंद मिला। युवती के लापता होने से परिवार चिंतित है। परिजनों ने थाना कोतवाली बागपत में युवती की गुमशुदगी की सूचना दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, संभावित स्थानों पर पूछताछ की जा रही है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है, ताकि युवती के बारे में कोई जानकारी मिल सके। परिजनों ने आम जनता से भी सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को युवती के संबंध में कोई जानकारी मिलती है, तो वह पुलिस या परिजनों से संपर्क कर सकता है। परिजनों ने जानकारी देने वाले की पहचान गोपनीय रखने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर युवती की तलाश तेज करने की मांग की हैं।

### सामाजिक बिल्डिंग पर तिरंगा फहराने को लेकर बवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** शुक्रवार को बड़का रोड़ स्थित सामाजिक सोसायटी अंजुमन मुल्तानी मुगल आहनगरान की बिल्डिंग पर अगामी 26 जनवरी को तिं. रगा फहराने पर हंगामा करने और अराजकता फैलाने की धमकी देने पर एक मीटिंग अंजुमन कार्यालय पर हुई। जिसमें पुलिस उच्चाधिकारियों से उक्त संबंध में कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गयी।

सोसायटी के अध्यक्ष हाजी दिलशाद की अध्यक्षता और नायब सैक्रेटरी सलीम मुल्तानी के संचालन में हुई इस मीटिंग में आरोप लगाया गया कि हाल ही में अली हसन मुल्तानी नामक व्यक्ति ने धमकी दी है कि अगर 26 जनवरी को अंजुमन की बिल्डिंग में गणतंत्र दिवस पर कोई कार्यक्रम हुआ और राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तो अच्छा नहीं होगा। इस व्यक्ति ने हंगामा करने और मौके पर जाकर अराजकता फैलाने की धमकी दी है। मीटिंग में मौजूद सदस्यगण और पदाधिकारी इस धमकी पर बहुत गुस्से में दिखायी दिए। मीटिंग में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से उक्त व्यक्ति के खिलाफ जांच कर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस तरह के समाजद्रोही की जगह जेल में है जो किसी सामाजिक बिल्डिंग पर तिरंगा फहराने से रोकता हो। इस दौरान दिलशाद, रिजवान, इफ्तिखार, आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

### महिला कांग्रेस कमेटी ने श्रमिकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर की मुहिम तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** महिला कांग्रेस कमेटी बागपत जिलाध्यक्ष उर्मिला सिंह ने अपनी टीम के साथ आधा दर्जन गांवों में नुक्कड़ सगाई करते हुए श्रमिकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर अपनी मुहिम ग्रामीण क्षेत्रों में तेज कर दी है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर तिखा प्रहार किया।

दर्जनों गांव में पहुंची उर्मिला सिंह ने कहा मनरेगा को लेकर मजदूरों का शोषण किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। जिसमें की गांव मविकलां पूरा महादेव गांव बड़ौली बिजरोल वाजिदपुर बावली आदि गांव में बैठक की। इस दौरान मनरेगा कानून को बचाने और इसे मजबूत करने की मांग उठाई गई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार मनरेगा को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन बढ़ेगा और विकास कार्य प्रभावित होंगे। ग्राम चौपाल को संबो. धित करते हुए मनरेगा कहा कि मनरेगा गरीबों और मजदूरों का कानूनी अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने मनरेगा का नाम बदल दिया है, लेकिन मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने और उन्हें पर्याप्त काम उपलब्ध कराने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। गांवों के विकास और गरीबों को रोजगार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार मनरेगा को बंद करके ग्रामीण विकास को रोकना चाहती है। मलिक ने मनरेगा को बचाने को हर मजदूर और ग्रामीण की आवश्यकता बताया। बागपत महिला जिलाध्यक्ष उर्मिला सिंह नगर अध्यक्ष बड़ौत गुड़िया प्रीति अन्य महिला जैसे के साथ बहुत सी महिला शामिल रही मनरेगा बचाओ संग्राम में काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।



## कब्रिस्तान पर बुलडोजर चलाए जाने व कब्रों को उखाड़ने का आरोप, जांच जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शहर कोतवाली क्षेत्र के सरूरपुर गांव में बीती रात एक कब्रिस्तान पर बुलडोजर चलाए जाने को लेकर तनाव उत्पन्न हो गया। आरोप है कि कुछ लोगों ने मुस्लिम समाज के कब्रिस्तान पर कब्जा करने का प्रयास किया। इस दौरान बुलडोजर से चार कब्रों को उखाड़ दिया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों के हंगामे के बाद आरा. पी मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कब्रिस्तान लगभग 200 साल पुराना है और गांव के भू-माफिया इस पर कब्जा करना चाहते हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन और ग्राम प्रधान पर भी लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इस जमीन को लेकर पहले भी विवाद हो चुका है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। सूचना मिलने पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस अधिका. रियों ने पीड़ितों को निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। शहर कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि उन्हें जिला पंचायत की भूमि पर मिट्टी डालने की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि यदि कब्रिस्तान पर किसी व्यक्ति द्वारा छेड़छाड़ की गई है, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।



## गुरुदेव श्री उपेंद्र मुनि महाराज का 43 वां संयम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के बामनोली ग्राम के नवीन निर्माणाधीन स्थानक के सभागार में श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास से मनाया। सभा का संचालन मंत्री सुखमाल जैन ने किया। इस अवसर पर इंद्राणी जैन द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया। परम पूज्य उपेंद्र मुनि महाराज ने बामनोली स्थानक कमेटी को अपना भरपूर आशीर्वाद दिया और स्थानक के निर्माण कार्य की सराहना की। समाज द्वारा मुनि के संयम उत्सव पर उन्हें चादर भेंट की गई। सभा में डीके जैन, घसीटूमल जैन, वरदान जैन, सुखमाल जैन, अशोक जैन, सवीन जैन, संजय जैन, संदीप जैन, जिनेंद्र जैन, सुनील जैन , सचिन जैन व प्रिंस जैन आदि उपस्थित रहे।



## डाक्टर पर धुलाई सेंटर हटवाने का आरोप, प्रशासन से की निष्पक्ष जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शहर कोतवाली क्षेत्र के टटीरी कस्बे से सैकड़ों ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जिलाधिक. ारी कार्यालय में अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। ग्रामीणों का आरोप है कि टटीरी निवासी सोनिया पिछले आठ वर्षों से डोला गांव में गाड़ी धुलाई का कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं।

शिकायत के अनुसार, बीते छह महीनों से सोनिया को लगातार परेशान किया जा रहा है। पीड़िता सोनिया ने अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में बताया कि डोला गांव स्थित एक अस्पताल की डाक्टर उनका धुलाई सेंटर हटवाना चाहती है। आरोप है कि डॉक्टर उस जमीन को खरीदकर अपने अस्पताल में शामिल करना चाहती है, लेकिन सोनिया और उनके पति ने जमीन बेचने से इनकार कर दिया। इसी बात से नाराज होकर डॉक्टर आए दिन विवाद करती हैं और पीड़िता के साथ गाली-गलौज व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करती हैं। सोनिया ने आगे बताया कि उनके पति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। पीड़िता का आरोप है कि विरोधियों ने जानबूझकर बिजली के तार में करंट छोड़ दिया, जिससे उनके पति की मृत्यु हो गई। इस मामले को लेकर वह कई बार थाने में शिकायत दर्ज करा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता का यह भी कहना है कि अस्पताल की डॉक्टर अब उन पर समझौता करने और दबाव बनाकर फैसला अपने पक्ष में करवाने की कोशिश कर रही हैं। इस उत्पीड़न से तंग आकर सोनिया अपने सास-ससुर और सैकड़ों ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचीं। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से पीड़िता को सुरक्षा प्रदान करने और पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर न्याय दिलाने की मांग की। कलेक्ट्रेट के अधिका. रियों ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



## जनपद में डीआईजी कलानिधि नैथानी ने किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बागपत का दौरा किया। उन्होंने पुलिस लाइन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

गोष्ठी में अपराध नियंत्रण, शांति एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई। जनपद में चल रहे विभिन्न अभियानों पर भी चर्चा हुई। आगामी त्योहारों के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक बागपत, अपर पुलिस अधीक्षक बागपत, समस्त क्षेत्रधिकारी और सभी थाना/शाखा प्रभारी मौजूद रहे। डीआईजी ने अपराध नियंत्रण के लिए चौकियों पर निरंतर चेकिंग अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने बाजारों और मुख्य चौराहों पर विशेष निगरानी रखने, सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने और ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी करने के निर्देश दिए। डीआईजी ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बागपत के पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने बताया कि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।



## प्रिया मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर की बावली चुंगी क्षेत्र में स्थित प्रिया मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ हिंदू हृदय सम्राट अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक गुरु स्वामी दीपांकर महाराज ने मुख्य अतिथि के तौर पर विधि विधान से उद्घाटन किया। इस अवसर पर शुभ मुहूर्त में यज्ञ, हवन एवं पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अस्पताल की उन्नति, सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की गई।



इस अवसर पर हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण मलिक ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत पूजन संपन्न कराया। कार्यक्रम में अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाली साध्वी बिंदु भगत (बरवाला) ने कहा कि जनपद बागपत चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और ऐसे अत्याधु. निक मल्टी स्पेशलिटी अस्पतालों के खुलने से क्षेत्रवासियों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं अपने ही नगर में उपलब्ध होंगी। हवन-पूजन कार्यक्रम में डा. प्रिया मलिक सहित हॉस्पिटल परिवार के सभी सदस्यों ने सहभागिता कर धार्मिक अनुष्ठान को पूर्ण कराया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, चिकित्सक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डा. नेहा, डा. अशोक मलिक, डा. संजीव कुमार, डा. गौरव मलिक सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक सशक्त टीम भी मौजूद रही। कार्यक्रम का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा एवं उत्साह से एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र बताया।

## ताइक्वांडो फेडरेशन कप में सृष्टि ने जीता कांस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुरा महादेव गांव की सृष्टि मलिक ने जयपुर शहर में हुए ताइक्वांडो फेडरेशन कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है। स्वजन व ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

राजस्थान के जयपुर शहर स्थित सवाई मानसिंह स्टेडियम में 18 से 22 जनवरी तक द्वितीय ताइक्वांडो फेडरेशन कप का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के पुरा महादेव गांव की सृष्टि मलिक ने अंडर 14 बालि. का वर्ग में अपने भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपने प्रदेश जिला व गांव का नाम रोशन किया। सृष्टि मलिक बागपत के पुरा महादेव गांव के एक साधारण परिवार की बेटी है। सृष्टि के कोच अभिषेक शर्मा ने बताया कि सृष्टि मलिक ने बहुत ही मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है, और आगे भी करती रहेगी सृष्टि मलिक बहुत अच्छी होनहार मेहनती खिलाड़ी है। वह बहुत जल्द ताइक्वांडो विश्व चैंपियनशिप में अपनी जगह बनाकर भारत के लिए गोल्ड मेडल लाएगी।



# इंजीनियर युवराज केसः जांच से अधिकारी बेचैन

## पुलिस-प्राधिकरण की रिपोर्ट पर एसआईटी 'असहमत'; 125 अफसरों के बयान दर्ज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** इंजीनियर युवराज मेहता के मौत के प्रकरण में गठित स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने नोएडा प्राधिकरण, पुलिस व जिला प्रशासन की सौंपी गई रिपोर्ट से इत्तेफाक नहीं रखा है। इसी के साथ एसआईटी ने स्पष्ट कर दिया है कि दर्ज बयान के आधार पर जिम्मेदार पर कार्रवाई तय है।

इसलिए शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पर पहुंचकर 125 लोगों के बयान दर्ज किए गए। इसमें एसडीआरएफ, फायर विभाग, सिविल व एनटीसी विभाग के जेई, मैनेजर, एसएम समेत अन्य शामिल रहे। एसआईटी के रूख से पुलिस, प्रशासन और प्राधिकरण अधिकारियों ने खलबली मची है। तीनों ने अपने आपको बचाते हुए मन माफिक रिपोर्ट तैयार कर एसआईटी को सौंपी थी।

**रिपोर्ट में सबने खुद को सुरक्षित रखाः** बता दें कि एसआईटी बृहस्पतिवार की देर शाम प्राधिकरण कार्यालय पहुंची थी। यहां पर नोएडा प्राधिकरण अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश, पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मेधारूपम से मिलकर प्रकरण से संबंधित पूछताछ की। इस दौरान प्रकरण से संबंधित प्राधिकरण, पुलिस व जिला प्रशासन अपनी-अपनी रिपोर्ट सौंपी दी थी। इस रिपोर्ट को उस समय जांच टीम लेकर चली गई। सूत्र बताते है कि शुक्रवार को एक बजकर 4 मिनट पर जब एसआईटी पहुंची तो उसने तीनों की रिपोर्ट से इत्तेफाक रखने से इनकार कर दिया है, क्योंकि रिपोर्ट देखकर यह लग रहा था कि जैसे अपने अपने लोगों को इसमें बचाने का प्रयास किया गया है।

**पूछा-सूचना मिलने के बाद क्या किया?:** आनन फानन में जिलाधिकारी ने अपने स्टैनों से संशोधित रिपोर्ट मंगवाई। उधर, पुलिस प्रशासन ने मौके पर ही रिपोर्ट को संशोधित करवाया। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट को बुलवाया गया। प्राधिकरण के एनटीसी विभाग के बर्खास्त जेई नवीन कुमार और तैनात एसएम विश्वास त्यागी, सिविल विभाग वर्क सर्किल दस प्रवीन सलो. निया, प्रबंधक अरविंद समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारियों के बयान दर्ज किए गए। इसमें उनसे पूछा गया कि आप को किस समय सूचना मिली, उसके बाद आप लोगों ने क्या-क्या किया।

**पूछा गया कि बचाव प्रयास में कहां खामी हुई?:** इसमें एसडीआरएफ और फायर विभाग से पूछा गया कि जब आप लोग मौके पर पहुंच गए थे। युवराज की जान बचाने के लिए क्या-क्या उपाय किए, इन उपायों में कहां खामी रह गई, जिससे जान चली गई। पुलिस से भी सवाल किए कि कुछ दिन पहले ट्रक दुर्घटना के बाद पुलिस ने सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर क्यों नहीं पहुंचे। हालांकि इस पूछताछ की प्रक्रिया शुरू होने के दौरान ही पुलिस कमिश्नर कार्यालय से चली गई थी। समाचार लिखे जाने तक बयान दर्ज किए जा रहे थे।

**प्राधिकरण कार्यालय के सभी गेट रहे बंदः** प्राधिकरण कार्यालय पर शुक्रवार को पूरी तरह से पब्लिक डीलिंग बंद थी। कार्यालय के सभी गेट पर पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। किसी के अंदर आने व जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध था। जहां पर एसआईटी बैठी थी, उस जगह जाने की इजाजत बिल्कुल नहीं थी। स्वागत कक्ष पर ही बाहर ही लोगों को समझा बुझाकर वापस भेजा जा रहा था।

## इंजीनियर मौत मामले में लखनऊ तक हिला तंत्र, शहर के बीच तैयार हो गई दलदल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में सेक्टर-150 स्थित निर्माणाधीन मॉल के बेसमेंट में भरे गहरे पानी में कार समेत गिरे इंजी. नियर युवराज मेहता की मौत का दर्दनाक हादसा सुर्खियों में है। गौतमबुद्ध नगर में अव्यवस्थाओं की पोल खुलने के बाद लखनऊ तक तंत्र हिला हुआ है।

घटना के बाद से लोगों में आक्रोश है। लोग सोशल मीडिया के जरिए न केवल अपनी भड़ास निकाल रहे हैं, बल्कि सेक्टर व सोसायटियों के साथ गांवों से भी लोग घटनास्थल पर यह देखने पहुंच रहे हैं कि आखिर शहर के बीचोंबीच ऐसी कौन सी दलदल तैयार हो गई, जहां सरकारी सिस्टम के सामने एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर काल के मुंह में समा गया। घटना के बाद से सरकारी मशीनरी कठघरे में है। गठित एसआईटी की टीम ने पुलिस, प्रशासन से कई बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है। बृहस्पतिवार को पुलिस अधिकारी एसआईटी को भेजे जाने वाली रिपोर्ट को तैयार कराने में जुटे रहे।

बता दें कि मामले की जांच को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा तीन सदस्यीय एसआईटी टीम गठित की गई है। जिसे पांच दिन में जांच कर रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपनी है। एसआईटी को जांच रिपोर्ट सौंपने की समय सीमा आज पूरी हो जाएगी। कमेटी को जांच करनी है कि किस स्तर पर लापरवाही हुई। बचाव दल युवक को क्यों नहीं बचा सका।

**पुलिस ने खंगाले 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरेः** एसआईटी के साथ पुलिस की जांच जारी है। बेसमेंट में जमा पानी से कार निकलने के बाद कार की फोरेसिंक व तकनीकी जांच के साथ ही पुलिस ने नोएडा एक्सप्रेस-वे के साथ आसपास की सोसायटियों में लगे सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि कई सीसीटीवी फुटेज में युवराज कैद हुए हैं। जिससे उनकी कार की गति सीमा समेत अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

**पुलिस का दावा 30 नहीं 70 फीट गहरा था बेसमेंट में जमा पानीः** पुलिस अधिकारियों का दावा है कि मॉल के लिए खोदा गया बेसमेंट का गड्ढा 60 से 70 फीट से भी ज्यादा गहरा है। जिसमें पानी के साथ कीचड़ जमा है। जिसकी वजह से कार को तलाशने के दौरान सोनार (साउंड नेविगेशन एंड रेंजिंग) भी फेल हो गया था। जिसकी वजह से कार को निकालने में छह घंटे से भी ज्यादा का समय लग गया।

## नोएडा में इंजीनियर की मौत पर सोशल मीडिया में उबाल, यूजर्स ने जमकर कसे तंज




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 150 में माल के बेसमेंट के लिए खोदे गए गड्ढे में साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की डूबने से हुई मौत का मामला अब इंटरनेट मीडिया पर तूल पकड़ रहा है। शहर वासियों ने इंटरनेट मीडिया पर जिले के पुलिस और प्रशासन पर सवाल खड़े कर कड़ी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

लोग आरोप लगा रहे हैं कि जिम्मेदार अगर समय रहते कार्रवाई करते तो युवराज की जान बचाई जा सकती थी। लोग विडियो जारी कर कह रहे हैं कि जिम्मेदार विभाग, पुलिस, प्रशासन, दमकल और एसडीआरएफ युवराज की जान बचाने में तो कामयाब नहीं हो सके। इंटरनेट मीडिया पर शहरवासियों में इस बात को लेकर पुलिस और प्रशासन के खिलाफ कड़ी नाराजगी देखी गई कि मृतक युवराज को न्याय दिलाने के बजाय पुलिस और प्रशासन उसकी छवि को धूमिल करने के लिए उसके पार्टी के कुछ फोटो और वीडियो प्रसारित करा रहे हैं। बता दें कि 16-17 जनवरी की मध्य रात्रि गुरूग्राम से वापस नोएडा आ रहे युवराज मेहता की सेक्टर 150 में माल के बेसमेंट के लिए खोदे गए गड्ढे में कार गिरने से डूबकर मौत हो गई। करीब दो से ढाई घंटे तक युवराज कार की छत पर मोबाइल की लाइट जलाकर लोगों से बचाने के लिए मदद की गुहार लगाता रहा। यह पूरा वाकया मृतक के पिता की आंखों के सामने हो रहा था।

**पुलिस पर कस रहे तंजः** इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस-दमकल एसडीआरएफ कर्मचारी मौजूद थे, लेकिन वह सिर्फ तमाशबीन बने रहे। इस घटना को लेकर लोग इंटरनेट मीडिया पर लोग पुलिस प्रशासन पर निशाना साध रहे हैं और मृतक से जुड़े क्लब के इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो पर भी लोग तंज कस रहे हैं। इंटरनेट मीडिया के एक्स प्लेटफार्म के एक यूजर पीयूष राय ने मृतक के प्रसारित वीडियो पर लिखा है कि अभी रूक जाइए। मीडिया में यह खबर प्लांट की जाएगी। किस तरह से वह लड़का 500 किमी की रफ्तार से गाड़ी चला रहा था। इसी मामले में छवि नाम की यूजर ने लिखा है कि यह लोग तो 10 की स्पीड से भी उसे बचा नहीं पाए।

एक अन्य यूजर ने लिखा कि भले ही वह पार्टी कर ओवरस्पीड कर रहा था, लेकिन उसकी मौत की वह वजह नहीं है, उसको मारा गया है। पुलिस और प्रशासन से मदद की भीख मांगते हुए। जिसे रात के ठंडे पानी में उतरने से डर लगता रहा।

**चरित्र हनन का लगाया आरोपः** संतोष कुमार नाम के यूजर ने लिखा कि इस सरकार की एक अच्छी यह बात है कि जब शासन-प्रशासन की चोरी और गलती पकड़ी जाती है, तो यह लोग चरित्र हनन करना शुरू कर देते हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा कि लाखों लोग रोज पार्टी करते हैं, शराब पीना कोई कानूनी जुर्म नहीं है।

## बारिश और हवा से ठिठुरन बढ़ी

**ग्रेटर नोएडा।** जिले में शुक्रवार को हुई बारिश और तेज चलने से ठिठुरन बढ़ गई। हालांकि, इससे वायु गुणवत्ता सूचकांक में मामूली सुधार हुआ और लोगों को प्रदूषण से थोड़ी राहत मिली। लोगों को सुबह से ही मौसम बदला नजर आया। काले घने बादलों की गरज के बीच करीब एक घंटे से अधिक समय तक तेज बारिश शुरू हुई। इसके बाद दिनभर बूंदाबांदी होती रही और तेज हवा भी चली। बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे ठिठुरन बढ़ गई। सुबह के समय लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। लोगों ने सफर करने से भी बचाव किया।

लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित हुए। दोपहर 12 बजे तक आसमान में घने काले बादलों के चलते लोगों ने बाहर निकलने से परहेज किया। मौसम में बदलाव के चलते शाम साढ़े पांच बजे के बाद अंधेरा होना शुरू हो गया। बारिश से बढ़ी ठंड के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। शहर का अधिकतम तापमान दो डिग्री नीचे गिरकर 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस रहा। बीते दो दिनों से दिन में तेज धूप के कारण लोगों को सर्दी से राहत मिली थी। शुक्रवार को मौसम की करवट से एक बार फिर लोग ठिठुरते नजर आए। प्रदूषण में मामूली सुधार नोएडा का एयर क्वालिटी इंडेक्ट शुक्रवार को 270 और ग्रेनो का 249 दर्ज किया गया, जो गुरुवार को क्रमशः 335 और 314 था।

## एक नजर

### यूपी दिवस पर 120 स्टॉल लगेंगे

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा शिल्प हाट में 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन होगा। इसका शुभारंभ उत्तरप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी सुनील कुमार शर्मा करेंगे। इस मौके पर 120 स्टॉल लगेंगे। सीडीओ डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान मंच व्यवस्था, प्रदर्शनी क्षेत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आमंत्रण व्यवस्था, सम्मान समारोह, सुरक्षा, स्वच्छता, विद्युत, यातायात और पार्किंग व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बार यूपी दिवस विकसित उत्तर प्रदेश-विकसित भारत की थीम पर मनाया जा रहा है। शिल्प हाट परिसर में पर्यटन, कला एवं संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनियों के स्टॉल लगेंगे।

### मां सरस्वती की पूजा अर्चना की

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर 34 के बी-10 उदयगिरी स्थित जगन्नाथ मंदिर और बी-3 अरावली अपार्टमेंट में शुक्रवार को बसंत पंचमी मनाई गई। इस मौके पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। सेक्टर 34 आरडब्ल्यूए महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि इस दौरान यज्ञ का आयोजन कर विश्व शांति की कामना की गई। यज्ञ के बाद भोजन-प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस मौके पर भीमसेन राऊत, संजय आचार्य, विनोद कुमार, एके श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को नहीं मिली राहत

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी श्याम को अदालत ने जमानत देने से इन्कार कर दिया। अदालत ने कहा कि 13 वर्षीय पीड़िता के बयान और उसकी उम्र को देखते हुए आरोपी को जमानत देना उचित नहीं होगा। आरोपी पर सेक्टर-113 नोएडा थाने में मामला दर्ज है। एफआईआर के अनुसार 4 अगस्त 2025 की रात आरोपी श्याम शिकायतकर्ता की 13 वर्षीय बेटी को लालच देकर अपने साथ ले गया और वारदात को अंजाम दिया। वहीं आरोपी की तरफ से दावा किया गया कि शिकायतकर्ता ने उससे 20 हजार रुपये उधार लिए थे और वसूली के दबाव में उसे फंसाया गया है। न्यायाधीश ने केस डायरी और पीड़िता के बयानों का अवलोकन किया। पीड़िता ने बयान में कहा कि आरोपी ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को राहत नहीं दी।

## नोएडा इंजीनियर मौत केस, फरीदाबाद से बिल्डर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फरीदाबाद के बिल्डर और रियल एस्टेट कंपनी लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर रवि बंसल को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रवि बंसल के साथ कंपनी के दूसरे डायरेक्टर सचिन करनवाल को भी गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में की गई है। पुलिस ने इस मामले में रियल एस्टेट बिल्डरों के खिलाफ एक और केस दर्ज किया है, साथ ही नोएडा में स्थित बिल्डरों के दो दफ्तरों को सील कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, 16 जनवरी की रात ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की एक निर्माणाधीन साइट पर पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई थी। वह अपनी कार से बाहर निकलकर पानी में फंसी गाड़ी की छत पर चढ़ गया था और करीब 90 मिनट तक मोबा. इल की टॉर्च जलाकर मदद के लिए संकेत देता रहा, लेकिन समय पर सहायता नहीं मिल सकी। पुलिस जांच में सामने आया है कि निर्माणाधीन प्लॉट में लंबे समय से पानी भरा हुआ था और वहां सुरक्षा मानकों की पूरी तरह अनदेखी की गई थी। पुलिस का कहना है कि यदि साइट पर जरूरी सुरक्षा इंतजाम और चेतावनी संकेत लगे होते, तो यह हादसा टाला जा सकता था।

**नोएडा में दफ्तर सील किएः** नालेज पार्क थाने में 18 जनवरी को पहली एफआईआर दर्ज की गई। इस मामले में नोएडा पुलिस पहले भी कार्रवाई कर चुकी है और मुख्य आरोपी बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस लगातार इस मामले की कड़ियों को जोड़ते हुए जिम्मेदारों तक पहुंचने की कोशिश कह रही है। इसी क्रम में अब दो और आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। फरार आरोपी निर्मल सिंह के दफ्तर को भी पुलिस ने सील किया है। निर्मल सिंह का दफ्तर नोएडा के सेक्टर-126 में प्लॉट नंबर 18 के छठी मंजिल पर है। इस पर गुरुवार को पुलिस ने सील लगा दी और कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया।

**रेजिडेंसी अपार्टमेंट में रहता है रवि बंसलः** सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की मौत के मामले में अरेस्ट किए गए बिल्डर रवि बंसल मंगलम रेजिडेंसी अपार्टमेंट फरीदाबाद में रहते है। जबकि सचिन करनवाल शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2 गाजियाबाद के रहने वाले हैं। इसी बीच नॉलेज पार्क थाने में पुलिस की ओर से पर्यावरण नियमों के उल्लंघन के आरोप में इसी मामले को लेकर दूसरी एफआईआर अभय कुमार, संजय कुमार, मनीष कुमार, अंचल बोहरा और निर्मल कुमार पर दर्ज की।

**दूसरी एफआईआर में यह आरोपः** नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम और जल प्रदूषण से जुड़े कानूनों के तहत बुधवार को 5 बिल्डरों के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज कराई। एक उपनिरीक्षक की शिकायत पर केस दर्ज हुआ। जिसमें बताया गया है कि गश्त के दौरान सेक्टर-150 में एक गहरा गड्ढा पाया गया, जिसमे कई वर्षों से पानी भरा हुआ था।

**एसआईटी ने मांगा पूरा ब्योराः** एसआईटी ने नोएडा प्राधिकरण के सिविल, परियोजना और यातायात विभाग सहित कई विभागों से सेक्टर-150 में कराए गए कार्यों का विस्तृत विवरण मांगा है। खास तौर पर उस स्थान के आसपास हुए निर्माण और विकास कार्यों की जानकारी तलब की गई है।

## घर से चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना इकोटेक-3 कोतवाली पुलिस ने घरों से चोरी करने वाले दो आरोपियों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अनुज उर्फ पैक बलिये (19) निवासी बुलंदशहर और करन सिंह उर्फ लाली (19) निवासी हरदोई के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से आरओ सिस्टम, गैस गीजर, दो कंबल, 5500 रुपये और एक चाकू बरामद हुआ है। दोनों के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

इकोटेक-3 क्षेत्र स्थित सरस्वती एन्क्लेव निवासी बिनीत कुमार ने मामले में शिकायत दी थी। एसीपी राजीव गुप्ता ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दो युवकों को पकड़ा गया। आरोपियों ने 19 जनवरी को सरस्वती एन्क्लेव स्थित एक नवनिर्मित मकान में चोरी की थी। इसके अलावा आरोपियों ने 31 दिसंबर 2025 को सरस्वती एन्क्लेव के ही एक बंद मकान से एलईडी टीवी और काली मोतियों की माला चोरी की थी।

## ग्रेनो वेस्ट में दो दुकानों के ताले तोड़कर चोरी

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र में दो अलग-अलग जगह दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की घटनाएं सामने आई है। पुलिस ने दोनों घटनाओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पतवाड़ी गांव में तरुण भारद्वाज मोबाइल की दुकान चलाते हैं। तरुण ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की रात उनकी दुकान का ताला तोड़कर चोर कीमती मोबाइल चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, वाइट आर्केड सोसाइटी निवासी मैनेजर कपिल त्यागी ने बताया कि उनकी दुकान में चोरी की गई। पीड़ित ने बताया कि चोर दुकान से एक लाख बीस हजार रुपये ले गए। पीड़ित ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों घटनाओं की जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है।

## स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता में आवेदन की तिथि 31 जनवरी तक बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की स्वच्छता मुहिम को और आगे को बढ़ाते हुए प्राधिकरण ने बल्क वेस्ट जनरेटरों (रिहायशी सोसाइटियों) के लिए स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता शुरू की है। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए पहले 9 जनवरी अंतिम तिथि थी, जिसे बढ़ाकर अब 31 जनवरी 2026 कर दिया गया है। प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाले 5 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। गैर रिहायशी संस्थाएं भी इसमें आवेदन कर सकती हैं। उनके लिए भी प्रथम द्वितीय व तृतीय और सांत्वना पुरस्कार की समान धनराशि तय की गई है। विजेताओं को आगामी 26 फरवरी से 1 मार्च तक प्रस्तावित पुष्प प्रदर्शनी के आयोजन के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा में ठोस अपशिष्ट कूड़ा प्रबंधन नियम 2016 लागू है। इसके तहत बल्क वेस्ट जनरेटरों को कूड़े का निस्तारण खुद से करना होता है।

प्राधिकरण री-साइकिल न हो पाने वाले इनर्ट वेस्ट को ही उठाता है। अधिकतर सोसाइटियां बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आती हैं। इस मुहिम को और बढ़ावा देने के लिए सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का स्वास्थ्य विभाग इस वर्ष भी बल्क वेस्ट जेनरेटरों के लिए स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग ने बल्क वेस्ट जेनरेट करने वाली सभी रिहायशी सोसाइटियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। रिहायशी और गैर रिहायशी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर 26 दिसंबर 2025 से आवेदन हो रहे हैं। प्रतिभागी 31 जनवरी 2026 तक आवे. दन कर सकते हैं। प्राधिकरण ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए कई पैरामीटर तय किए हैं। इससे जुड़ी जानकारी भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर मिल जाएगी। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आने वाले आवेदनों को प्राधिकरण के विशेषज्ञों की टीम परखेगी और प्रतियोगिता के विजेताओं को फरवरी में प्रस्तावित पुष्प प्रदर्शनी के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में पहले पायदान पर रहने वाली रिहायशी व गैर रिहाइशी संस्थाओं को एक-एक लाख रुपये मिलेंगे। दूसरे स्थान पर रहने वाले को 75000, तीसरे स्थान पर रहने वाले को 50 हजार तथा दोनों ही श्रेणी में दो-दो सफल आवेदकों को 25-25 हजार रुपये के सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

## जिले का सबसे बड़ा ईवी चार्जिंग स्टेशन शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जिंग स्टेशन शुक्रवार को शुरू हो गया। इस ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट को जोड़ने वाली 130 मीटर चौड़ी सड़क पर तिलपता के पास औद्योगिक क्षेत्र सूरजपुर साइट सी में बनाया गया है। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने सर्वोटेक कंपनी के साथ मिलकर इस ईवी चार्जिंग प्लाजा की स्थापना की है। यहां एक समय में एक साथ बस, कार, तीपहिया वाहन और बाइक मिलाकर पांच वाहनों को चार्ज करने की सुविधा है। ईवी चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन दादरी विधायक तेजपाल नागर ने एनपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

एनपीसीएल के प्रवक्ता मनोज झा ने बताया कि यह फास्ट चार्जिंग प्लाजा दो चार्जिंग प्वाइंट्स से लैस है, जिनमें कुल चार चार्जिंग गन लगाई गई हैं। इनकी क्षमता 120 किलोवाट और 60 किलोवाट है। भविष्य में यहां बैटरी बदलने की सुविधा शुरू करने की भी योजना है। एनपीसीएल का दावा है कि यह जिले का सबसे बड़ा ईवी चार्जिंग स्टेशन है। विधायक तेजपाल नागर का कहना है कि यह ईवी चार्जिंग स्टेशन न केवल ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ और हरित बनाए रखने में सहायक होगा, बल्कि ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण होगा।

**आवासीय सोसाइटी और औद्योगिक इकाइयों को लाभ मिलेगाः** इस चार्जिंग स्टेशन के शुरू होने से आसपास की आवासीय सोसाइटियों, औद्योगिक इकाइयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सुविधाजनक एवं तेज चार्जिंग सुविधा का लाभ मिलेगा। फास्ट चार्जिंग की मदद से यहां चारपहिया वाहन 45 मिनट से एक घंटे के भीतर पूर्ण रूप से चार्ज हो सकेंगे। इसके अतिरिक्त यहां बाइक, कार और तीन पहिया वाहनों के लिए स्लो चार्जर की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

**पूर्व में स्थापित किए गए चार्जिंग स्टेशनः** बीते वर्ष सितंबर में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दौरान नॉलेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट के समीप नॉलेज पार्क-2, नॉलेज पार्क-3 और सिटी पार्क के पास चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए थे। इससे पहले ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौड़ सिटी सातवें एवेन्यू, ऐस डिविनो और स्टेलर सोसाइटी में ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। इंडिया एक्सपो मार्ट परिसर के अंदर भी चार्जिंग की सुविधा है।

**इन सोसाइटियों में चल रही प्रक्रियाः** एनपीसीएल से मिली जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित महागुन मायवुड्स, यूनिटेक होराइजन, मिस्टिक ग्रीन, गौड़ सिटी 16वें एवेन्यू, निराला एस्पायर और एनआरआई सिटी में चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है।

**इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्याः** जिले में लगभग 50 हजार इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हैं। इनमें कार, बस, रिक्शा आदि शामिल हैं। साल दर साल इनकी संख्या बढ़ रही है। वहीं, जिले में कुल वाहनों की संख्या 12 लाख है।

## अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के खर्च का ऑडिट होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना विकास प्राधिकरण ने अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के निर्माण कार्य एवं उसकी गुणवत्ता परखने के लिए इंजीनियर कंपनी के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। परियोजना के खर्च के ऑडिट के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट की नियुक्त की जाएगी। यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-21 में 230 एकड़ में फिल्म सिटी का प्रथम चरण विकसित होना है। फिल्म निर्माता बोनी कपूर और भूटानी समूह ने मिलकर बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्राइवेट लिमिटेड से एसपीवी का गठन किया है। कंपनी को फिल्म सिटी का निर्माण तीन साल में पूरा करना है। पहले चरण के निर्माण के लिए प्राधिकरण कंपनी के मानचित्र को स्वीकृत कर चुका है।

इसके तहत पहले चरण में फिल्म निर्माण के लिए स्टूडियो, इंस्टीट्यूट आदि बनाए जाएंगे। प्राधिकरण के एसीईओ शैलेंद्र भाटिया का कहना है कि पीपीपी परियोजना के लिए प्राधिकरण की ओर से निर्माण कार्य की निगरानी और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इंजीनियर एजेंसी के चयन का नियम है। एजेंसी चयन के लिए प्रस्ताव मांगे गए हैं। ऑडिट के लिए भी पांच चार्टर्ड अकाउंटेंट फार्मों का पैनल बनाया जाएगा, जो फिल्म सिटी के निर्माण खर्च का ऑडिट कर अपनी रिपोर्ट यीडा को देगा। परियोजना के निर्माण पर 1500 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है। विकासकर्ता कंपनी को इसके लिए जनवरी अंत तक का समय दिया गया है।

## 20 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

### पुलिस ने बम और डॉग स्कवॉयड टीम के साथ ली तलाशी, सूचना फेक निकली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के 20 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूचना मिलते ही फौरन पुलिस और पैरेंट्स को सूचना दी गई। पैरेंट्स के पहुंचते ही बच्चों को उनके साथ घर भेज दिया गया। पुलिस डॉग स्कवायड और बम निरोधक दस्ते के साथ स्कूल पहुंची। स्कूल में छुट्टी कर परिसर को खाली करा लिया गया। उसके बाद तलाशी शुरू की गई।

एक घंटे से अधिक देर तक चली तलाशी में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जांच में सूचना फेक निकली है। जिन स्कूलों को धमकी मिली है, उसमें फादर एंगल स्कूल, आर्मी पब्लिक स्कूल, शिव नादर पब्लिक स्कूल, श्री राम मिलेनियम स्कूल और रामाज्ञा स्कूल शामिल हैं। एहतियात के तौर पर स्कूलों के बाहर सुरक्षा कर्मी तैनात कर दिए गए हैं। पूछताछ के बाद ही एंट्री दी जा रही है।

**प्रिंसिपल को आया धमकी भरा मेलः** अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने बताया- सुबह में शिव नादर समेत 20 स्कूलों से फोन आया था। जिसमें बताया गया कि सुबह में 8 से लेकर 8:30 बजे के करीब प्रिंसिपल को धमकी भरा मेल मिला है। सूचना मिलते ही अलग-अलग थानों के पुलिस मौके पर पहुंची।

**एक घंटे तक परिसर की ली तलाशः** उनके साथ बम स्क्वाड, फायर ब्रिगेड, डॉग स्क्वाड की टीम भी थी। सभी स्कूल को खाली कराकर करीब एक घंटे तक कैंपस के अंदर चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। स्टाफ से पूछताछ की गई। लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। साइबर टीम ई-मेल की जांच कर रही है। अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# बार काउंसिल चुनाव को लेकर एडवोकेट शाहनवाज राना ने रामपुर में किया जनसंपर्क

## स्वार सहित व तहसील बिलासपुर में अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन





( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आगामी चुनाव को लेकर सदस्य पद के उम्मीदवार, पूर्व उपाध्यक्ष बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश एवं पूर्व विधायक शाहनवाज राना ने रामपुर पहुंचकर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने जनपद की तहसील स्वार और तहसील बिलासपुर में अधिवक्ताओं से सीधे संवाद कर अपने पक्ष में समर्थन में क्रम संख्या 266 पर वोट देने की अपील की।

जनसंपर्क के दौरान शाहनवाज राना ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कहा कि यदि उन्हें बार काउंसिल में प्रतिनिधित्व का अवसर मिलता है तो अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, उनके सम्मान तथा सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, चौंबर की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, बीमा, पेंशन और अन्य कल्याणकारी योजनाओं को सशक्त बनाना उनका प्रमुख उद्देश्य रहेगा। उन्होंने कहा कि बार काउंसिल अधिवक्ताओं की सशक्त आवाज है और इसे और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं मजबूत बनाए जाने की आवश्यकता है। शाहनवाज राना ने भरोसा दिलाया कि अपने अनुभव और ईमानदारी के बल पर वे अधिवक्ताओं की समस्याओं को प्रभावी ढंग से शासन स्तर तक उठाएंगे और उनके समाधान के लिए सतत प्रयास करेंगे।

उन्होंने अधिवक्ताओं से वादा किया कि अगर वह अधिवक्ताओं के समर्थन से जीत जाते हैं तो प्रथम को. शिश पश्चिम क्षेत्र में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना करना रहेगा साथ ही कबीलों को दुर्घटना के दौरान मिलने वाली सहायता राशि को चार गुना किया जायेगा। इसके अलावा नये युवा अधिवक्ताओं को खर्च के लिए सहायता प्रदान की जायेगी। जनसंपर्क अभियान के दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। कई अधिवक्ताओं ने शाहनवाज राना को समर्थन देने का आश्वासन भी दिया। बार काउंसिल चुनाव को लेकर अधिवक्ता समुदाय में खासा उत्साह देखने को मिला।

# जनता दर्शन कार्यक्रम में डीएम द्वारा जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण

- पांच लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड सहित जुबिया को इलाज हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता



( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र व्यक्तियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध कराया जाए।

जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान भैसोड़ी टोला, रामपुर निवासी जुबिया पुत्री इरफान खान द्वारा गंभीर बीमारी के उपचार से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा जुबिया एवं इरफान को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। साथ ही, उपचार में तत्काल सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से जुबिया को रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से रूपये 25,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

इसी क्रम में थाना टांडा, तहसील सदर निवासी सलीम को भी गंभीर बीमारी के उपचार हेतु आयुष्मान कार्ड प्रदान किया, जिससे उन्हें बेहतर चिकित्सकीय उपचार प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त, शादी की मड़ैया, तहसील सदर निवासी कासिम एवं भूरा को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए, ताकि वे एवं उनके परिवार शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाया जाए तथा किसी भी स्तर पर लाप. रवाही बर्दाश्त न की जाए।

# गौवंश ने किसानों की फसल की ''कमर तोड़ी'', शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

- नगला उदई के किसान परेशान, बीडीओ पर अनदेखी का आरोप
- जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा ने की डीएम से शिकायत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद के विकास खण्ड मिलक क्षेत्र के ग्राम नगला उदई में आवारा गौवंश किसानों की खड़ी फसल को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे गांव के किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों का कहना है कि दिन-रात मेहनत कर तैयार की गई फसल को गौवंश चट कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे।

ग्रामीण किसानों ने बताया कि इस संबंध में खंड विकास अधिकारी बीडीओ मिलक राजेश कुमार से लगातार शिकायत की गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। किसानों का कहना है कि कड़ाके की ठंड में खेतों की रातभर रखवाली करना बेहद मुश्किल हो गया है।

वहीं दूसरी ओर गौवंश का झुंड खेतों में घुसकर फसलों को बर्बाद कर रहा है। इसकी भारतीय किसान संघ ने भी की थी शिकायत भारतीय किसान संघ की ओर से भी समस्या को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन किसानों का आरोप है कि प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि बीडीओ तानाशाही रवैया अपनाए हुए हैं। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा ने आरोप लगाया कि खंड विकास अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय तानाशाह रवैया अपनाए हुए हैं। उन्होंने जिला. धिकारी से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर गौवंश को पकड़वाकर गो-आश्रय स्थल भेजने तथा किसानों की फसल को बचाने की मांग की है। किसानों की मांग की है कि तत्काल हो कार्रवाई। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा गौवंश को जल्द से जल्द गांव से हटाकर फसलों को बचाया जाए, ताकि किसानों को भारी नुकसान से राहत मिल सके।

# टायर फटने से कार पेड़ से टकराकर खड्डे में पलटी, मां बेटे घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** शादी के कार्ड बांटकर लौट रहे मां बेटे की कर टायर फटने के बाद दुर्घटना का शिकार हो गई जिसमें दोनों मां बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें स्वार के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ढोकपुरी टांडा निवासी अ''यूब की पत्नी गुड्डी बेगम और उसका बेटा अंसार अहमद बेटी के शादी के कार्ड बांटने के लिए जनपद उधम सिंह नगर के शहर काशीपुर रिश्तेदारी में गए हुए थे। वापस लौटते समय मसवासी से टांडा मार्ग पर मिलक खोद गांव के आगे अचानक कर का टायर फट गया और कार एक पेड़ से टकराने के बाद स्थानीय खड्डे में जाकर पलट गई। जिसमें मां बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई और उन्हें किसी तरह खड्ड से बाहर निकालकर सूचना पुलिस को दी । सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए स्वार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां मां बेटे की हालत सामान्य बताई जा रही है।



# मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, लाठी-डंडों से हमला, कई घायल

## रामपुर में महिला-परिवार पर जानलेवा हमला, एफआईआर दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र में मोटरसाइकिल हटाने को लेकर हुआ मामूली विवाद देखते-देखते हिंसा में बदल गया। दबंगों ने एक परिवार के घर में घुसकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला कैथ वाली मस्जिद, थाना कोतवाली निवासी कंचन रस्तोगी पत्नी राकेश रस्तोगी ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 21 जनवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे मेडिकल स्टोर के पास मोटरसाइकिल हटाने को लेकर रितिक रस्तोगी पुत्र विष्णु रस्तोगी के साथ कहा सुनी और धक्का मुक्की हो गई थी जिस पर राहगीरों ने बीच बचाव करवा कर राजीनामा कर दिया था। लेकिन कुछ देर बाद करीब 7:35 बजे ऋतिक रस्तोगी, निशांत रस्तोगी, क्रिश रस्तोगी, विष्णु रस्तोगी, अपने साथी अंकित रस्तोगी और कमल रस्तोगी ने मिलकर एक राय होकर हाथों में लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर पीड़िता के घर में जबरन घुसकर हमला कर दिया। आरोप है कि दीपांशु रस्तोगी को सड़क पर घसीटकर बेरहमी से पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। बीच-बचाव करने आए रानू रस्तोगी और मानसी रस्तोगी के साथ भी मारपीट की गई। मानसी रस्तोगी के साथ बदसलूकी और दबोचने का भी आरोप लगाया गया है। इस हमले में रानू रस्तोगी को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें पुलिस द्वारा जिला अस्पताल रामपुर में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

घटना के दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता का आरोप है कि यदि कानूनी कार्रवाई हुई तो जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पुलिस ने ऋतिक रस्तोगी, निशांत रस्तोगी, क्रिश रस्तोगी, विष्णु रस्तोगी, अंकित रस्तोगी, कमल रस्तोगी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# युवा शक्ति और विचारों का संगम, स्वामी विवेकानंद व नेता. जी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर भव्य संगोष्ठी का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** स्वामी विवेकानंद एवं नेता. जी सुभाष चंद्र बोस जयंती के पावन अवसर पर महाविद्यालईन तरुणी विभाग द्वारा जिला सहकारी बैंक सभागार में एक भव्य, प्रेरणादाई एवं विचारोत्तेजक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

युवा और आधुनिक चुनौतियां विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में वर्तमान समय में युवाओं की भूमिका, जिम्मेदारियों और सामने खड़ी सामा. जिक व नैतिक चुनौतियों पर गहन मंथन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे सामूहिक गीत के साथ हुआ, जिसने पूरे सभागार को राष्ट्रप्रेम और ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने आत्मविश्वास, तार्किक सोच और सामाजिक सरोक. ारों से ओत-प्रोत अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के संयोजक ज्ञानपुर क्लासेस के निदेशक सुखदेव मिश्रा रहे।

निर्णायक मंडल का स्वागत नगर एवं विभागीय दायित्वधारकों द्वारा गरिमामय ढंग से किया गया।

अतिथियों के आगमन के पश्चात महर्षि विद्या मंदिर की छात्रा द्वारा सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को औपचारिक रूप से आगे बढ़ाया गया। अतिथि परिचय अनीता प्रकाश द्वारा कराया गया, जिसके उपरांत विभिन्न दायित्वधारकों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश प्रमोद कुमार वार्ष्णेय ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महापुरुषों के विचार आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक दीपस्तंभ हैं।



मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्र सेविका समिति, दिल्ली प्रांत की प्रांत सह-प्रचार प्रमुख देवांशी पोखरियाल ने युवाओं को मूल्यनिष्ठ जीवन, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि अपने चरित्र, विचार और कर्म को सशक्त बना ले, तो भारत को विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। मुख्य अतिथि डॉ। पुष्कर मिश्र ने युवाओं को अध्ययनशीलता, बौद्धिक चेतना और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का आ]वान किया। उन्होंने कहा कि पुस्तकों और ज्ञान के माध्यम से ही युवा समाज को नई दिशा दे सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे उत्साह और गर्व से खिल उठे।

संपूर्ण कार्यक्रम का सशक्त, सुव्यवस्थित एवं प्रभावशाली संच. ालन मोनिका शर्मा द्वारा किया गया, जिसकी उपस्थितजनों ने मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग कार्यवाहिका अनीता प्रकाश, जिला कार्यवाहिका राज गुप्ता, कार्यक्रम संयोजिका अनु मिश्रा सहित समस्त कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेविकाओं की सराहनीय भूमिका रही। अंत में अनु मिश्रा द्वारा आभार व्यक्त किया गया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिससे सभागार युवाशक्ति और विच. ारों के उत्सव का साक्षी बना।

# भाई ने अपने भाई पर धारदार हथियार से किया हमला गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक भाई ने अपने भाई पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके सिर पर गहरी चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।यह घटना 22 जनवरी, 2026 की रात करीब 11 बजे ग्राम भूडासी में हुई।

शिकायतकर्ता खिमाई पुत्र कल्लू के अनुसार, उनके छोटे बेटे राजेंद्र ने दूसरे बेटे कुंवरपाल के घर से गेहूं निकालकर बेचने की कोशिश की। जब कुंवरपाल ने उसे रोकने का प्रयास किया, तो राजेंद्र ने गाली-गलौज शुरू कर दी।विवाद बढ़ने पर राजेंद्र ने लकड़ी काटने वाले धारदार हथियार से कुंवरपाल के सिर पर जान से मारने की नीयत से वार कर दिया। इस हमले में कुंवरपाल के सिर पर गंभीर चोटें आईं और राजेंद्र मौके से फरार हो गया।कुंवरपाल की पत्नी विमला ने तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने कुंवरपाल की गंभीर हालत को देखते हुए 108 एंबुलेंस बुलाई। घायल कुंवरपाल को पहले शाहबाद के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया। खिमाई ने अब थाने में पहुंचकर अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई है और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बसंत पंचमी पर शिव सेना ने किया महापुरुषों का सम्मान, जरूरतमंदों में वितरित की सामग्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को शिव सेना रामपुर द्वारा नगर में सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान शिव सेना कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों को माला पहनाकर उनके चित्रों पर दीप प्रज्वलित किया तथा समाज में उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर शिव सेना द्वारा जरूरतमंद लोगों को चाय, बिस्किट एवं समोसे का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना एवं सेवा भावना को मजबूत करना बताया गया।




कार्यक्रम में शिव सेना रामपुर प्रमुख दीपक कश्यप के नेतृत्व में आयोजन संपन्न हुआ। उनके साथ शिवम, देव. राज, किशन, विधान, अनन्या, एडवोकेट सतपाल, एडवोकेट धर्मपाल, शाकिर एवं शेखर सहित अनेक शिव सेना कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में शिव सेना पदा. धिकारियों ने समाज के हर वर्ग के लिए सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

# नगर पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने किया जिम का उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने नगर में फिटमैन जिम का उद्घाटन किया। भाजपा के जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार एवं दीक्षा गंगवार नगर पालिका परिषद मिलक, कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार समाजसेवी भाजपा नेता मुख्य अतिथि रामबाबू कनौजिया पूर्व ब्लाक प्रमुख फतेहगज ने संयुक्त रूप से फिट मैन जिम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल मंत्री बसंत कुमार एडवोकेट, चंद्रभान मित्तल, हरीश गोस्वामी, प्रशांत पटेल, प्रदीप जाटव, सोमपाल गंगवार, गोपेश्वर गंगवार एवं सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।




# धमोरा में ट्रेन से कटकर युवक की मौत नहीं हो सकी शिनाख्त


शाह टाइम्स संवाददाता

**धमोरा।** घटना शहजादनगर थाना क्षेत्र के धमोरा रेलवे क्रॉसिंग संख्या 393 पर शुक्रवार की सुबह ग्यारह बजकर दस मिनट की है। दरअसल बरेली की ओर से अप लाइन पर आने वाली गुहाई एक्सप्रेस शुक्रवार की पूर्वाह्न 11:10 बजे धमोरा रेलवे क्रॉसिंग संख्या 393 पर गुजर रही थी। जिसके चलते रेलवे लाइन पर ट्रेन के सामने एक युवक कूद पड़ा। जिसको काटते हुए ट्रेन रामपुर की ओर गुजर है। हादसे की जानकारी आसपास क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। जिसके चलते जिसके बाद घटनास्थल पर भीड़ लगनी शुरू हो गई। जिसके बाद सूचना पर रामपुर जीआरपी पुलिस बल और धमोरा चौकी प्रभारी महेंद्र पाल भी अपनी फोर्स के साथ भारी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस ने आसपास गांव के सम्मानित लोगों को बुलाया और मृतक शव की शिनाख्त शुरू करा दी।



इस दौरान बरेली से अप साइड आ रही माला गाड़ी 20 मिनट की देरी से चली। इस दौरान घंटों चली शिनाख्त के बाद भी कोई पहचान नहीं हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया।

# अल्काराज आसान जीत व सबालेंका संघर्षपूर्ण जीत के साथ चौथे दौर में



**मेलबर्न, वार्ता।** दुनिया के नम्बर 1 कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को रॉड लेवर एरिना में फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट को सीधे सेटों में 6.2, 6.4, 6.1 से हराकर 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली। महिला वर्ग में वर्ल्ड नम्बर 1 आर्यना सबालेंका ने खराब प्रदर्शन के बावजूद दो टाईब्रेक में अनास्तासिया पोटापोवा को हराया। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने दो घंटे से ज्यादा समय में 7.6 (4), 7.6 (7) से जीत हासिल की। टॉप सीड खिलाड़ी अल्काराज ने लगभग दो घंटे तक चले तीसरे राउंड के एकतरफा मुकाबले में जीत हासिल की। अल्काराज ने मैच के शुरुआती गेम में सर्व ब्रेक करके शुरुआत में ही माहौल बना दिया और पहले सेट में तेज़ी से 5.1 की बढ़त बना ली। हालांकि मौटेट ने थोड़ी देर के लिए संघर्ष किया, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी ने आराम से सेट जीत लिया। दूसरे सेट में भी अल्काराज ने अपना दबदबा बनाए रखा, दो बार सर्व ब्रेक करके बढ़त बना ली।

मौटेट ने लगातार चार गेम जीतकर थोड़ी वापसी की और बढ़त बना ली, लेकिन दुनिया के नम्बर 1 खिलाड़ी ने खुद को संभाला और ज़रूरी गेम जीतकर दो सेट की बढ़त बना ली। अल्काराज़ ने तीसरे सेट में अपना लेवल और बढ़ाया, और दोनों खिलाड़ियों के नए-नए शॉट लगाने से 4.0 की बढ़त बना ली। मौटेट ने एक गेम जीतने में कामयाबी हासिल की, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी को कोई नहीं रोक सका, जिसने बहुत अच्छे से मैच अपने नाम कर लिया। स्पेन के खिलाड़ी ने कोर्ट पर कहा कि ईमानदारी से कहूं तो यह आसान नहीं था। जब आप कोरेंटिन जैसे खिलाड़ी के साथ खेलते हैं, तो आपको नहीं पता होता कि आगे क्या होने वाला है, इसलिए उसे समझना मुश्किल होता है।जैसा कि आप देख सकते हैं, मुझे कोर्ट पर बहुत मज़ा आया। मुझे लगता है कि हम दोनों ने शानदार शॉट लगाए, शानदार पॉइंट्स बनाए। मुझे लगता है कि मैच में कुछ खास बातें थीं। अल्काराज का अगला मुकाबला अमेरिकी टॉमी पॉल से होगा, जो ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब के लिए अपनी कोशिश जारी रखेंगे। इस बीच महिला वर्ग में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने सबालेंका ने रॉड लेवर एरिना में गर्म मौसम में मुकाबला किया और फिर दो घंटे से ज्यादा समय में 7.6 (4), 7.6 (7) से जीत हासिल की। 27 साल की सबालेंका लगातार छठे साल मेलबर्न में दूसरे हफ्ते में पहुंची हैं। सबालेंका ने कहा कि उसने ज़बरदस्त टेनिस खेला। मैं हर पॉइंट के लिए लड़ पाई, और मैं यह जीत पाकर बहुत खुश हूं। दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन ने शुरुआत में ही 2.0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन फिर उसका आम तौर पर मजबूत खेल कई अनफोर्स्ड गलतियों की वजह से बिखर गया। 55वीं रैंक वाली पोटापोवा ने टाईब्रेक के लिए मजबूर किया, लेकिन सबालेंका ने बैकहैंड विनर से पहला सेट जीत लिया और फिर जश्न में ज़ोरदार प्रदर्शन किया। पोटापोवा की अपने करियर में सिर्फ दूसरी बार ग्रैंड स्लैम के अंतिम 16 में पहुंचने की उम्मीदें तब खत्म हो गईं जब सबालेंका ने 4.0 की बढ़त बना ली। मैच अचानक बदल गया जब पोटापोवा ने सुस्त सबालेंका का फायदा उठाया, लेकिन चार सेट पॉइंट गंवाना महंगा पड़ा। सबालेंका का अगला मैच 19 साल की कनाडाई विक्टोरिया म्बोको से होगा, जिन्होंने डेनमार्क की 14वीं सीड क्लारा टॉसन को 7.6 (5), 5.7, 6.3 से हराकर पहली बार ग्रैंड स्लैम के दूसरे हफ्ते में जगह बनाई। कनाडा की टीनेजर विक्टोरिया म्बोको ने 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और चौथे राउंड में पहुंच गईं। 19 साल की विक्टोरिया ने जॉन केन एरिना में टॉसन को हराकर ग्रैंड स्लैम में अपना अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। 17वीं सीड वाली खिलाड़ी ने पूरे मैच में म्बोको की परीक्षा ली, जिसमें मोमेंटम में उतार-चढ़ाव और लंबे बेसलाइन एक्सचेंज देखने को मिले। टॉसन ने शुरुआती सेट में अपनी सर्विस बनाए रखी, लेकिन म्बोको ने कंट्रोल हासिल करके 4.2 की बढ़त बना ली, जिसके बाद डेनमार्क की खिलाड़ी ने जोरदार वापसी की। सेट का फैसला एक तनावपूर्ण टाईब्रेक में हुआ, जिसमें म्बोको का शांत रहना और शॉट चुनना अहम साबित हुआ।

### अल्काराज ने बोर्ग के रिकॉर्ड की बराबरी की, जोकोविच, नडाल व फेडरर को पीछे छोड़ा

**मेलबर्न।** ग्रैंड स्लैम लेवल पर 100 मैचों के बाद, कार्लोस अल्काराज ने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया है जो उन्हें खास खिलाड़ियों की श्रेणी में रखता है। स्पेनिश खिलाड़ी, जो शुक्रवार को कोरेंटिन माउटेट के खिलाफ जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में पहुंचे, उनके पास मेजर में 87.13 का रिकॉर्ड है, जो ओपन एरा में 100 मैचों में सर्वश्रेष्ठ शुरुआत के लिए ब्योर्न बोर्ग के बराबर है। अल्काराज ने राफेल नडाल और एटीपी नम्बर 1 क्लब सदस्य जॉन मैकनरो सहित दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने अपने पहले 100 मेजर मैचों में 86-14 का रिकॉर्ड बनाया था। एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नम्बर 1 एक ऐसा स्टैंडर्ड सेट कर रहा है, जिस तक खेल के कुछ सबसे बड़े नाम इतनी जल्दी नहीं पहुंच पाए थे। नोवाक जोकोविच, रिकॉर्ड 24 बार के मेजर टाइटलिस्ट और मेलबर्न में 10 बार के चैंपियन, ने अपने पहले 100 स्लैम मैचों में 79-21 का रिकॉर्ड बनाया।

# सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है: अभिषेक शर्मा



**रायपुर, वार्ता।** भारत के टी20 ओपनर अभिषेक शर्मा ने कहा कि एक बैटर के तौर पर वह अभी भी काम कर रहे हैं और उनका मानना है कि नेशनल टीम के लिए एक अग्रेसिव स्टार्टर के तौर पर अपनी भूमिका को बनाए रखने के बावजूद, हमेशा 'सुधार की गुंजाइश' रहती है। क्रिकेट लाइव पर बात करते हुए, अभिषेक ने कहा कि उनकी मुख्य जिम्मेदारी पावर प्ले में विरोधी बॉलर्स पर दबाव डालना और टीम को शुरुआती मोमेंटम देना है। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं अभी पूरी तरह से मैच्योर हो गया हूं, क्योंकि सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है।

लेकिन मुझे लगता है कि मेरा काम पहले छह ओवरों में अग्रेसिव क्रिकेट खेलना है। मैं इसके लिए बहुत प्रैक्टिस कर रहा हूं। मुझे पता है कि अगर मैं अच्छी शुरुआत देता हूं या शुरुआत में अच्छा इंटेंट दिखाता हूं, तो टीम उस मोमेंटम को फॉलो कर सकती है। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने अपने अप्रोच पर भारत के टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान रोहित शर्मा के असर को भी माना, और बताया कि टीम मैनेजमेंट उनसे उम्मीद करता है कि वह टॉप ऑर्डर में 'हिटमैन' द्वारा दिखाए गए इंटेंट को दोहराएंगे। अभिषेक ने कहा कि रोहित भाई ने देश के लिए बहुत कुछ किया है। पावरप्ले में वह जो शॉट लगाते थे, उसकी वजह से हमेशा प्रेशर रहता है। जब मैं टीम में आया, तो कोच और कैप्टन मुझसे भी यही चाहते थे। मुझे लगा कि यह मेरे स्टाइल के लिए भी सही है क्योंकि मुझे पहली कुछ गेंदों से ही अटैक करना पसंद है।

उन्होंने यह भी कहा कि वह रोहित के तरीके को फॉलो करके और भारत की सफलता में योगदान देकर खुश हैं। अभिषेक ने मैचों से पहले तैयारी के महत्व पर भी ज़ोर दिया, खासकर आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप के पास आने पर। उन्होंने कहा कि जब मुझे एक हफ्ता या दस दिन मिलते हैं,

तो मैं उन बॉलर्स को ध्यान में रखता हूं जिनका सामना मुझे अगली सीरीज़ या मैचों में करना है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि मैं उन प्लान्स को कैसे लागू करता हूं। आने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भी, मैं उसकी प्रैक्टिस कर रहा हूं। अपनी बैटिंग के टैक्टिकल पहलू पर ज़ोर देते हुए, अभिषेक ने बताया कि फंटलाइन बॉलर्स को शुरू में टारगेट करने से मुकाबला भारत के पक्ष में हो जाता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे इसी तरह खेलना होगा क्योंकि ज्यादातर टीमों में, मेन बॉलर पहले कुछ ओवर फेंकते हैं। अगर मैं उन ओवरों में रन बनाता हूं, तो इससे टीम को उस मोमेंटम को फॉलो करने में मदद मिलती है। इससे बॉलर पर भी प्रेशर पड़ता है। 25 साल के इस खिलाड़ी ने बुधवार को नागपुर में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पहले टी20 में प्लेयर ऑफ द मैच बनकर अपनी काबिलियत दिखाई, जिसमें उन्होंने सिर्फ 35 गेंदों पर 84 रन बनाए और भारत को 48 रन से जीत दिलाई। अभिषेक की आठ छक्कों वाली पारी ने भारत को बैटिंग के लिए भेजे जाने पर 238/7 का बड़ा स्कोर बनाने में मदद की।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को नौ विकेट से पीटा

**विंडहोक।** विल बैरोम (14 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने श्रीलंका अंडर-19 को अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले में शुक्रवार को नौ विकेट से पीट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को 18-5 ओवर में मात्र 58 रन पर समेटने के बाद 12 ओवर में एक विकेट पर 62 रन बनाकर मुकाबला आसानी से जीत लिया। स्टीवन होगान ने 27 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 28 और नितेश सैमुअल ने नाबाद 19 रन बनाये। होगान ने विजई चौका मारा। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया ग्रुप में टॉप पर रहा और इस गेम के पॉइंट्स अगले राउंड में ले जाएगा। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का सही फैसला किया। श्रीलंका की टीम 13 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद मुकाबले में नहीं लौट पाई। श्रीलंका की तरफ से कविजा गमागे ने 10 और चमिका हीनातिगाला ने 14 रन बनाये। अन्य कोई बल्लेबाज दहाई की संख्या में नहीं पहुंच सका और पूरी टीम 58 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से विल बैरोम ने 6-5 ओवर में 14 रन देकर पांच विकेट झटके जबकि चार्ल्स लचमुंड और कैसी बार्टन को दो-दो विकेट मिले।

### कबड्डी चैंपियंस लीग ट्रॉफी रोहतक और गुरुग्राम पहुंची

**गुरुग्राम।** कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) ट्रॉफी टूर ने 21 जनवरी को रोहतक और 22 जनवरी को गुरुग्राम में रुककर अपनी राज्यव्यापी यात्रा जारी रखी, क्योंकि लीग हरियाणा में कबड्डी के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले फैंस और समुदायों से सीधे जुड़कर अपने पहले सीजन के करीब पहुंच रही है। रोहतक में, केसीएल ट्रॉफी के आने से शहर का प्रतिस्पर्धी कबड्डी से मजबूत जुड़ाव और उन खिलाड़ियों को तैयार करने में उसकी भूमिका सामने आई, जिन्होंने बाद में उच्च स्तर पर टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। फैंस, युवा एथलीट और स्थानीय खेल जगत के सदस्य ट्रॉफी को करीब से देखने के लिए इकठा हुए, जिससे लीग के आने वाले मैचों को लेकर गर्व और उत्साह की भावना और मजबूत हुई। इसके बाद यह टूर गुरुग्राम शहर पहुंचा, जहां ट्रॉफी के दौरे ने केसीएल के कबड्डी की पहुंच को नए और विविध दर्शकों तक बढ़ाने के प्रयास को रेखांकित किया। एक ऐसा शहर जो परंपरा को आधुनिक खेल दृष्टिकोण के साथ मिलाता है, गुरुग्राम ने कबड्डी को अपनी मुख्य मूल्यों से जुड़े रहते हुए परिचित सीमाओं से परे ले जाने के लीग के विजन को दिखाया। फैंस की प्रतिक्रिया ने लीग के पहले सीजन से पहले केसीएल और उसकी टीमों में बढ़ती दिलचस्पी को दिखाया। केसीएल ट्रॉफी टूर लीग की तैयारी में एक प्रमुख पहल है।

# मेदवेदेव ने दो सेट से पिछड़ने के बाद जीत हासिल की



**मेलबर्न, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव ने शुक्रवार को दो सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बनाई। उन्होंने पांच सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में हंगरी के फैबियन मारोजसन को हराया। पूर्व वर्ल्ड नम्बर 1 ने तीन घंटे 43 मिनट तक चले मुकाबले में 6.7(5), 4.6, 7.5, 6.0, 6.3 से जीत हासिल की। उन्होंने दो सेट से पिछड़ने के बाद अपने करियर की पांचवीं वापसी की और मेलबर्न पार्क में यह उनकी चौथी ऐसी वापसी थी।

मेदवेदेव बाहर होने के कगार पर थे, लेकिन तीसरे सेट में 5-5 से निर्णायक ब्रेक मिलने से पहले, इस पल ने मैच का रुख बदल दिया। वहां से, 11वें सीड वाले ने लगातार नौ गेम जीतकर कंट्रोल हासिल किया और आखिरकार मैच अपने नाम कर लिया। मेदवेदेव ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा कि वह बहुत अच्छा खेला, और मैं ऐसा था, 'अगर मैं हार गया, तो हार गया', लेकिन मैं बस कोशिश करूंगा, मैं बस लड़ूंगा।मैंने थोड़ा और करने की कोशिश की क्योंकि वह मुझे हर तरफ घुमा रहा था।

यह काम कर गया, मैंने बेहतर खेलना शुरू कर दिया, इसलिए मैं इससे खुश हूं। तीन बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट ने 2026 सीजन की शुरुआत जबरदस्त फॉर्म में की है, और अपनी जीत का सिलसिला आठ मैचों तक बढ़ा दिया है, जिसमें इस महीने की शुरुआत में ब्रिस्बेन में एटीपी 250 इवेंट में टाइटल जीतना भी शामिल है। मेदवेदेव का अगला मुकाबला अमेरिकी लर्नर टिएन से होगा, जिन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को 7.6(9), 6.4, 6.2 से हराकर आगे बढ़े। टिएन ने पिछले साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन में पांच सेट के दूसरे राउंड के मुकाबले में मेदवेदेव को चौंका दिया था और अभी उनके हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 2.1 की बढ़त है, जिससे एक रीमैच का बेसब्री से इंतज़ार है।

# अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेंगी इंडिया अंडर-19

**बुलावायो, वार्ता।** शनिवार को इंडिया अंडर19 और न्यूज़ीलैंड अंडर19 के बीच होने वाला ग्रुप-स्टेज का मुकाबला सिर्फ क्रिकेट से कहीं ज्यादा होने वाला है। यह मुकाबला स्किल, हिम्मत और अनप्रेडिक्टेबल होने वाला है।

इंडिया अंडर 19 का मुकाबला न्यूज़ीलैंड की टीम से है जो बारिश से बाधित मैचों के कारण मोमेंटम पाने के लिए संघर्ष कर रही है। इंडिया अंडर19 अपने दोनों ग्रुप मैच पहले ही जीत चुका है और अपना दबदबा बनाए रखना चाहता है। आयुष म्हात्रे की लीडरशिप वाली युवा टीम में टैक्टिकल स्किल के साथ वैभव सूर्यवंशी और अभिज्ञान कुंडू जैसे खिलाड़ियों की इंडिविजुअल काबिलियत का मेल है। उनके इन-फॉर्म बॉलर, जिनमें हेनिल पटेल और खिलन पटेल शामिल हैं, एक खतरनाक बढ़त देते हैं, जिससे इंडिया मैच में फेवरेट बन जाता है।

दूसरी ओर, न्यूज़ीलैंड अंडर19 अपने पिछले मैचों में भारी बारिश के कारण बहुत कम मैच एक्सपीरियंस के साथ इस मुकाबले में उतरेगा। उनके टॉप-ऑर्डर बैट्समैन और टॉम जोन्स और कैलम सैमसन जैसे खास बॉलर, इंडिया के मजबूत अटैक को संभालने और क्वींस स्पोर्ट्स क्लब की बॉलर-फ्रेंडली और अनप्रेडिक्टेबल पिच पर एडजस्ट करने की दोहरी चुनौती का सामना कर रहे हैं। इस ड्रामा को और बढ़ाने वाली बात यह है कि आंधी-तूफान और लगातार बारिश खेल में रुकावट डाल सकती है, जिससे मैच का रोमांच बढ़ जाएगा और फैंस सोच में पड़ जाएंगे कि मैच पूरी तरह से होगा या एक हाई-इंटेंसिटी, छोटा मुकाबला बनकर रह जाएगा। खेल का दबदबा, मौसम का ड्रामा और कुछ लोगों के दमदार प्रदर्शन का यह मेल इस मैच को जरूर देखने लायक बनाता है।

# गॉफ लगातार चौथी बार चौथे राउंड में

**मेलबर्न, वार्ता।** शुक्रवार दोपहर को मार्गरेट कोर्ट एरिना में फैंस ने दानिल मेदवेदेव को दो सेट से पिछड़ने के बाद एक शानदार वापसी करते देखा, उसके बाद उन्हें महिलाओं के वर्ग में एक और मैच देखने को मिला जो पूरे समय तक चला, क्योंकि गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद अपनी साथी अमेरिकी खिलाड़ी हेले बैपटिस्ट को 1 घंटे और 50 मिनट में 3.6, 6.0, 6.3 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बनाई।

यह जीत, उनके 77वें ग्रैंड स्लैम मैच की जीत, उनके 100वें ग्रैंड स्लैम मैच में आई। गॉफ ओपन एरा में 22 साल की उम्र से पहले अपने 100वें महिला सिंगल्स ग्रैंड स्लैम मेन-ड्रॉ मैच में खेलने वाली नौवीं खिलाड़ी हैं, जो इन दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गई हैं: मैरी जो फर्नांडीज, स्टेफी ग्राफ, मार्टिना लहगिस, गैब्रिएला सबातिनी, अरांशा सांचेज विकारियो, मारिया शारापोवा, सेरेना विलियम्स, वीनस विलियम्स। सक्रिय खिलाड़ियों में से केवल वीनस विलियम्स (85) और इगा स्वियाटेक (83) ने अपने पहले 100 ग्रैंड स्लैम मैचों में ज्यादा जीत हासिल की हैं।

# जोविक ने पाओलिनी को हराकर बड़ा उलटफेर किया

**मेलबर्न, वार्ता।** टॉप 100 में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी, 18 साल की इवा जोविक ने टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए नम्बर 7 सीड जैस्मीन पाओलिनी को तीसरे राउंड में 6.2, 7.6(3) से हरा दिया। इस नतीजे के साथ नम्बर 29 सीड जोविक सिर्फ अपने छठे प्रयास में पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट के दूसरे हफ्ते में पहुंचीं। यह चार मुलाकातों में किसी टॉप 10 खिलाड़ी के खिलाफ उनकी पहली जीत भी है।

इस टीनएजर की पिछली तीन हार में से दो पाओलिनी के खिलाफ थीं, पिछले साल इंडियन वेल्स और यूएस ओपन में। जोविक ने अपने ऑन-कोर्ट इंटरव्यू में कहा कि मैं यह जीत काफी समय से चाहती थी। कुछ मुश्किल हार मिली थीं। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने उस बाधा को पार किया और आज यह जीत हासिल की। एक



ओवर-प्रेसिंग पाओलिनी के खिलाफ 37 मिनट के पहले सेट में हावी रहने के बाद - इटैलियन खिलाड़ी ने पहले सेट में 13 अनफोर्स्ड एरर और सिर्फ चार विनर्स लगाए - जोविक को दूसरे सेट में कड़ी मेहनत करनी पड़ी। दो बार की मेजर फाइनलिस्ट पाओलिनी ने अपनी रणनीति बदली, जोविक के बैकहैंड पर ऊंची गेंदें फेंकीं और रैलियों को लंबा खींचा।

जोविक ने 5-4 और 6-5 पर दो बार मैच के लिए सर्व किया, लेकिन मैच खत्म नहीं कर पाईं। लेकिन इन झटकों के बावजूद, यह युवा खिलाड़ी थी जिसने एक शानदार टाईब्रेक में बढ़त बनाई, लाइन के नीचे शानदार टाइलमग वाले बैकहैंड से बढ़त हासिल की और एक बोल्ड रिटर्न विनर के साथ मैच पॉइंट पर पहुंची - जो मैच का उनका 20वां विनर था। जोविक ने कहा कि मैंने मैच में पहले जो कर रही थी, उस पर फोकस करने की कोशिश की।काफी आक्रामक होकर खेलना और गेम को कंट्रोल करना। मुझे लगता है कि जब मैं मैच के लिए सर्व कर रही थी, तो मैं थोड़ी ज्यादा पैसिव हो गई थी - इसलिए मैंने खुद से कहा कि खुलकर खेलो और इससे टाईब्रेक में मदद मिली। इस नतीजे से जोविक की तेज़ी से तरक्की जारी है, जो पिछले साल इस समय नम्बर 191 रैंक पर थीं। उन्होंने पिछले सितंबर में गुआडालाजारा में डब्ल्यूटीए टूर पर अपना पहला टाइटल जीता था, और ऑकलैंड सेमीफाइनल और होबार्ट फाइनल में पहुंचकर 2026 की शानदार शुरुआत की। इस साल उनका रिकॉर्ड पहले ही 10-2 है, और उन्हें चौथे राउंड में यूलिया पुतिनत्सेवा के खिलाफ इसे और आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा जिन्होंने तुर्की की ज़ेनेप सोनमेज के खिलाफ दूसरे सेट में 6-5 पर मैच सर्व करने में नाकाम रहने के बाद वापसी की, और 2 घंटे और 34 मिनट में 6.3, 6.7(3), 6.3 से जीत हासिल की।

# बुमराह के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 वर्ष पूरे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शुक्रवार को क्रिकेट के सबसे ऊंचे लेवल पर एक दशक पूरा होने का जश्न मनाया, जिसमें उन्होंने एक जोशीले युवा फैन से खेल के सबसे असरदार गेंदबाज़ों में से एक बनने के अपने सफर के बारे में बताया। एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, बुमराह ने लिखा कि उस बच्चे के सपने को जीने के 10 साल, जिसे उस खेल से प्यार हो गया जिसने उसे ऐसा महसूस कराया जैसा इस दुनिया में कुछ भी नहीं करा सकता, उन्होंने आगे कहा कि सोच और सोच के खिलाफ जाने का उनका सफर परिवार और विश्वास के सपोर्ट से जारी है।

बुमराह ने जनवरी 2016 में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था, जहां वह टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे।



पिछले एक दशक में, दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने दुनिया भर के क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में सबसे असरदार गेंदबाज़ों में से एक का नाम कमाया है। वह टेस्ट, वनडे और टी20 में आईसीसी मेन्स प्लेयर रैंकिंग में नम्बर 1 रैंकिंग हासिल करने वाले पहले बॉलर हैं, और तीनों फॉर्मेट में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बॉलर हैं। बुमराह घरेलू क्रिकेट में गुजरात और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस को रिप्रेजेंट करते हैं। भारतीय तेज गेंदबाजों में, वह सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट और दूसरे सबसे तेज 100 वनडे विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 2024 टी20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई, जहां 4-17 की इकॉनमी रेट से 15 विकेट लेने के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। बुमराह 2016 में एक कैलेंडर साल में टी20 में 28 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर भी थे। उन्होंने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू किया और तब से लीडरशिप की जिम्मेदारी संभाली है, दिसंबर 2023 से भारत के टेस्ट वाइस-कैप्टन के तौर पर काम कर रहे हैं और रेगुलर कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में तीन मौकों पर टीम को लीड किया है। उनके करियर की उपलब्धियों में 2018 और 2024 में आईसीसी मेन्स टेस्ट टीम ऑफ द ईयर, 2017 और 2018 में आईसीसी मेन्स वनडे टीम ऑफ द ईयर और 2024 में आईसीसी मेन्स टी20 टीम ऑफ द ईयर में चुना जाना शामिल है।

# हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण टी-20 विश्व कप से बाहर हुए एडम मिल्ने

**आकलैंड, वार्ता।** न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने एसए20 के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण 2026 टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं।

उनकी जगह टीम में काइल जेमीसन को शामिल किया गया है। मिल्ने को यह चोट पिछले रविवार सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए खेलते हुए एमआई केप टाउन के खिलाफ लगी थी। स्कैन में मांसपेशियों में लखचाव की बात सामने आई। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 16-27 की औसत और 7-61 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए थे। न्यूज़ीलैंड के प्रमुख कोच रॉब वॉल्टर ने कहा कि हम सभी एडम के लिए बेहद निराश हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के लिए ख+ुद को तैयार करने में काफी मेहनत की थी और ईस्टर्न केप सनराइजर्स के लिए अपने आठ मैचों में वह अपनी बेहतरीन फॉर्म में लौटते हुए दिख रहे थे। उनके लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण समय है और हम उनके जल्द ठीक होने की कामना करते हैं। जेमीसन इस समय भारत दौरे पर टीम का हिस्सा हैं। उन्हें विश्व कप के ट्रैवलिंग रिजर्व से मुख्य दल में शामिल किया गया है। 31 जनवरी तक दल में बिना रोकटोक बदलाव किए जा सकते हैं, उसके बाद किसी भी बदलाव के लिए आईसीसी की मंजूरी जरूरी होगी। वॉल्टर ने कहा कि यह हमारे लिए अच्छी बात है कि काइल पहले से ही भारत में हमारे साथ हैं।

वह हमारे तेज गेंदबाज़ी समूह का अहम हिस्सा हैं और इस दौरे पर उन्होंने प्रभाव डाला है। वह मेहनती खिलाड़ी हैं और उनके पास अच्छे कौशल और अनुभव हैं, जो टूर्नामेंट में उनके काम आएंगे। जेमीसन ने पिछले साल पीठ की चोट से उबरकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। इस महीने की शुरुआत में भारत के खिलाफ पहले वनडे में 41 रन देकर 4 विकेट लेकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। न्यूज़ीलैंड पहले ही यह घोषणा कर चुका है कि मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्यूसन टी20 विश्व कप के दौरान पितृत्व अवकाश लेकर कुछ समय के लिए टीम से बाहर हो सकते हैं। टूर्नामेंट से पहले न्यूज़ीलैंड दल में एक और ट्रैवलिंग रिजर्व जोड़ा जाएगा। कीवी टीम अपना अभियान 8 फरवरी को चेन्नई में अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू करेगी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 24 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पाक की हरकत

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आता दिखाई नहीं दे रहा है और वह बराबर भारत को परेशान कर रहा है। रक्षा सूत्रों की मानें, तो पाक भारत के खिलाफ एक खतरनाक और सस्ता युद्ध मॉडल अपना रहा है। इस मॉडल के चलते पाकिस्तान की तरफ से 800 से ज्यादा ड्रोन भारतीय सीमा में भेजे गए। इन ड्रॉन्स को लॉ लेवल ड्रॉन वॉर फेयर का नाम दिया गया है। यह ड्रोन कम ऊंचाई पर उड़ते हैं, जिसके चलते ये ड्रोन रडार को चकमा दे सकते हैं। अधिकतर ड्रोन राजस्थान और पंजाब में देखने की बात सामने आई है, जहां तक बात भारतीय सुरक्षा बलों की है, उन्होंने सक्रियता दिखाते हुए 800 में से 240 ड्रोन मार गिराए हैं। ड्रोन्स का अलग-अलग ब्यौरा भी सामने आया है, जो बताता है कि 5 ड्रोन में हथियार व युद्ध से जुड़ा सामान मिला है। 160 ड्रोनों से सामान गिराया गया है। वहीं 72 ड्रोन नशीले पदार्थ लेकर आए थे। जनवरी महीने की ही बात करें, तो अब तक इस तरह की 12 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। सूत्र बताते हैं कि ज्यादातर ड्रोन सर्विलांस करने आए थे और उनका मकसद भारतीय सेना के कार्य और उनका पैटर्न पता लगाना था। कहा तो यह भी जा रहा है कि इस तरह का पैटर्न पाकिस्तान आतंकवादियों की घुसपैठ के रास्ते खोजने के लिए अपनाता है। भारत ने सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर पर हॉटलाइन पर होने वाली वार्ता में अपनी आपत्ति दर्ज कराई है, लेकिन पाकिस्तान इन आपत्तियों पर कोई ध्यान देता दिखाई नहीं दे रहा है, अच्छी बात यही है कि पाक पर भरोसा न करते हुए भारत अपनी तरफ से तैयारी करता दिखाई दे रहा है और इस संदर्भ में भारतीय सेना और वायु सेना काउंटर ड्रोन सिस्टम खरीद रही है। डीआरडीओ से भी तैयार सिस्टम खरीदे जा रहे हैं। जो पाक सीमा और एलओसी पर तैनात किए जाएंगे। राजस्थान-पंजाब बॉर्डर के अलावा जम्मू कश्मीर में पिछले हफ्ते एलओसी के पास पाक ड्रोन देखे गए हैं। मतलब साफ है कि पाक से इस समय बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है। 800 ड्रोन आने की घटनाएं कोई मामूली घटना नहीं है। ना ही यह छुटपुट घटनाओं की श्रेणी में आती है। इससे पता चलता है कि पाक भारत की खुफिया जानकारी बराबर जुटा रहा है। जिससे उसका इरादा खतरनाक हो रहा है। जम्मू कश्मीर में जिस तरह आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं, उससे भी पता चलता है कि वह अपने नापाक मंसूबों से पीछे नहीं हटने जा रहा। यह भी तब है जब ऑपरेशन सिंदूर के चलते वह भारत के हाथों बुरी तरह पिट चुका है, लेकिन लगता यही है कि उसने हालात से कोई सबक नहीं सीखा और वह बराबर भारत को उकसा रहा है। असल में उसके उकसाने के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ भी कम नहीं है। यही वे ताकते हैं जो नहीं चाहतीं कि भारत पाक के बीच में किसी तरह शांति का रास्ता खोजा जाए। ऐसे में भारत को बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## शंकराचार्य के साथ दुर्व्यवहार अपराध



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वहां की सरकार ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को स्नान से वंचित करके घोर अपराध और पाप किया है। उन्होंने शंकराचार्य से प्रयागराज में शुक्रवार को मुलाकात करने के बाद कहा कि शंकराचार्य को स्नान से वंचित कर उत्तर प्रदेश की सरकार ने घोर अपराध और पाप किया है। उससे भी बड़ी अपमानजनक बात यह है शंकराचार्य से शंकराचार्य होने का प्रमाण मांगा जा रहा है। जो लोग आज तक अपना डिग्री नहीं दिखा पाये वह शंकराचार्य से शंकराचार्य होने का प्रमाण मांग रहे है, मौनी अमावस्या के दिन पुलिस से विवाद के बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में माघ मेले में शिविर के बाहर बैठे है।

**–संजय सिंह, नेता आप**

# नेपाल चुनाव परिणाम पर पड़ोसी देशों की नजर



**यशोदा श्रीवास्तव**

> अधिवेशन में 54 प्रतिशत से कहीं ज्यादा केंद्रीय समिति के सदस्यों की भागीदारी थी लिहाजा देउबा के निष्कासन के फरमान को न केवल नजर अंदाज कर दिया, सर्वसम्मति से गगन थापा को पार्टी का नया सभापति चुन लिया गया। इस तरह नेपाली कांग्रेस अब गगन थापा के नेतृत्व वाली पार्टी हो गई है। इस चुनाव में देउबा को टिकट भी नहीं मिला।

जेन जी आंदोलन में भारी नुकसान के बाद सत्ता में आई अंतरिम सरकार के वादे के मुताबिक नेपाल वक्त से पहले चुनाव की दहलीज पर है। प्रधानमंत्री उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश सुशीला कार्की ने सत्ता संभालते ही छः महीने के भीतर चुनाव कराकर सत्ता सीन पार्टी को सरकार की कमान सौंप देने का वादा किया था। सुशीला कार्की के वादे के अनुसार पांच मार्च को नेपाल प्रतिनिधि सभा का चुनाव तय है। नामांकन की तिथि समाप्त हो चुकी है। राजनी. तिक दल और उनके प्रत्याशी अपने अपने क्षेत्रों में प्रचार और जनसंपर्क में जुटे गए हैं।

चुनाव आयोग के अनुसार प्रतिनिधि सभा के 165 सीटों के लिए नेपाल के मान्यता प्राप्त 68 राजनीतिक दलों के अलावा और स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में भी सैकड़ों उम्मीदवार मैदान में हैं। निर्दल उम्मीदवारों में कई नामचीन चेहरे भी हैं जो अपने दलों से टिकट न पाने की वजह से निर्दल ही चुनाव लड़ने को मजबूर हुए। भारी उथल पुथल के बीच नेपाल में होने जा रहे इस चुनाव पर दुनिया की नजर है खासकर उन देशों की जो नेपाल के पड़ोसी राष्ट्र हैं जैसे भारत, चीन, पाकिस्तान आदि। नेपाल में हाल के दिनों में अमे. रिका की भी दिलचस्पी बढ़ी है इसलिए उसे भी नेपाल के चुनाव परिणाम की उत्सुकता है।

नेपाल का यह चुनाव वाकई कई मायनों में दिलचस्प और महत्वपूर्ण है। नेपाली कांग्रेस जो नेपाल की सबसे पुरानी पार्टी है और इसका राजशाही के जमाने से ही लोकतंत्र की लड़ाई का इतिहास रहा है, अब परिवर्तित नेपाली कांग्रेस हो गई है। इस पार्टी को कोइराला परिवार के प्रभुत्व वाली पार्टी कहा जाता था जिसका भारत से नजदीकियां रही है। 2021में सांगठनिक चुनाव में इस पार्टी से कोइराला परिवार का वर्चस्व टूट गया। सभापति के चुनाव में शेर बहादुर देउबा कोइराला परिवार के शेखर कोइराला को पराजित कर पार्टी के सभापति (अध्यक्ष) पद पर काबिज हुए थे। देउबा पश्चिम नेपाल के डेडुल्धुरा क्षेत्र से 1991 से सांसद चुने जाते रहे और नेपाल के पांच बार प्रधानमंत्री रहे। पिछले महीने जेन जी आंदोलन में देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा को काफी प्रताड़ना सहनी पड़ी थी। इस आंदोलन के बाद नेपाली कांग्रेस की छवि सबसे कमजोर नेतृत्व वाली पार्टी के रूप उभर कर सामने आई। तभी से देउबा पर विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन बुलाने की मांग जोर पकड़ रही थी। देउबा जानते थे कि अधिवेशन का मतलब सभापति पद से उनकी छुट्टी करना है, इसलिए वे अधिवेशन के पक्ष में नहीं थे, लेकिन जैसा कि नेपाली कांग्रेस के विधान में है कि पार्टी के केंद्रीय समिति के 54 प्रतिशत सदस्य यदि चाहें तो अधिवेशन कभी भी बुलाया जा सकता है। इसी विधान के तहत पार्टी के दो महामंत्री गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा ने अधिवेशन आहुति की जो चार दिन तक चला। इस बीच देउबा न केवल अधिवेशन को अवैधानिक करार देने में जुटे रहे, गगन थापा, विश्व प्रकाश शर्मा और सह महामंत्री फरकुल्लाह मंसूर को पार्टी से निष्कासित करने का फरमान जारी कर दिया। अधिवेशन में 54 प्रतिशत से कहीं ज्यादा केंद्रीय समिति के सदस्यों की भागीदारी थी लिहा. जा देउबा के निष्कासन के फरमान को न केवल नजर अंदाज कर दिया, सर्वसम्मति से गगन थापा को पार्टी का नया सभापति चुन लिया गया। इस तरह नेपाली कांग्रेस अब गगन थापा के नेतृत्व वाली पार्टी हो गई है। इस चुनाव में देउबा को टिकट भी नहीं मिला। नए नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस ने इनकी जगह पर किसी अन्य को टिकट दे दिया है। देउबा के चुनाव न लड़ने से डेडुल्धुरा चुनाव क्षेत्र जो सुर्खियों में रहा करता था, इस बार चुनावी परिदृश्य से गायब है। देउबा के शानदार राजनीतिक सफर का अंत इतना क्रूरतम होगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था।

इस चुनाव में चार खास चुनाव क्षेत्रों की चर्चा जोरों पर है। झापा क्षेत्र संख्या पांच जहां से पूर्व पीएम व एमाले अध्यक्ष केपी शर्मा ओली चुनाव मैदान में हैं। ओली अपनी पार्टी के घोषित पीएम का चेहरा हैं। इसी चुनाव क्षेत्र से काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से चुनाव मैदान में हैं। वालेन शाह भी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की ओर से पीएम के लिए घोषित चेहरा हैं। इस चुनाव क्षेत्र में 35 बनाम 74 का नारा सुर्खियों में है। वालेन शाह पूर्व में इंजीनियर रहे हैं बाद में मशहूर रैपर हुए। युवाओं में खासा लोकप्रिय हैं। काठमांडू नगर निगम के मेयर का चुनाव निर्दल लड़ कर जीते थे। उन्होंने प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ने के लिए मेयर पद से इस्तीफा दे दिया। इनकी उम्र 35 वर्ष है और ओली की 74 वर्ष इसलिए इस चुनाव क्षेत्र की लड़ाई 35 बनाम 74 के बीच है। गोरखा क्षेत्र संख्या एक की भी चर्चा खूब है। यहां से शोसल मीडियाष्हामी नेपालष के जरिए युवाओं में पैठ बनाए सुडान गुरूंग राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। सुडान पिछले दिनों सुर्खियों में तब आए जब उनकी शिनाख्त जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में उभरी। हालांकि इस आंदोलन ने ओली सरकार के तख्तापलट के साथ नेपाल को दर्द भी बहुत दिया। इसके बाद सुर्खियों में है सर्लाही का क्षेत्र संख्या चार।

यहां से नेपाली कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष गगन थापा चुनाव मैदान में हैं। गगन थापा भी नेपाली कांग्रेस की तरफ से पीएम का चेहरा हैं। गगन थापा के अनुसार उनकी पार्टी बिना किसी गठबंधन के सरकार बनाएगी। यदि ऐसा हो पाया तो नेपाल की राजनीति में चमत्कार होगा। तीसरे नंबर पर जिस चुनाव क्षेत्र की चर्चा है वह है रुकुम क्षेत्र संख्या एक। यहां से माओवादी केंद्र के अध्यक्ष व पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड चुनाव मैदान में हैं। प्रचंड का भी दावा सरकार बनाने का है। प्रचंड नेपाल में राजशाही के खिलाफ जनयुद्ध के नायक के रूप में देखे जाते हैं। इस बार प्रचंड के चुनाव क्षेत्र में चुनावी मुक. ाबला बड़ा रोचक होने जा रहा है क्योंकि जनयुद्ध में अपने मां बाप को गंवा देने वाले प्रचंड के करीबी रहे युवा नेता संदीप पुन प्रचंड के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। 35 वर्षीय संदीप पुन प्रचंड के नेतृत्व वाले माओवादी केंद्र के छात्र संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे हैं। संदीप पुन प्रगतिशील लोकतांत्रिक पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। इस चुनाव में जो सबसे बड़ी बात है वह यह कि जितनी बड़ी पार्टियां हैं, इस बार बिना किसी गठबंधन के साथ अकेले चुनाव मैदान में हैं। 2008 में हुए संविधान सभा के चुनाव बाद यह पहला अवसर है जब बड़ी राजनीतिक पार्टियां अकेले चुनाव लड़ रही है और सभी को अपनी सरकार आने का भरोसा है। पूर्व गृह मंत्री रवि लामी छाने की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी जिसका उदय पिछले चुनाव में धूमकेतु की तरह हुआ था, इस बार नेपाल के सभी क्षेत्रों में चुनाव लड़ रही है। इतना ही नहीं जिस तेजी से इस पार्टी ने मधेश के जिलों में अपना प्रभाव बढ़ाया है और ढेर सारे बड़े नेता इस पार्टी से जुड़े हैं उससे चुनाव परिणाम में बड़े उलटफेर की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। रवि लामी छाने खुद भी चितवन दो से चुनाव लड़ रहे हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को नेपाली कांग्रेस के बागी उम्मीदवारों से लाभान्वित होने की उम्मीद है। भारत सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले के क्षेत्र संख्या एक से भारत में नेपाल के राजदूत रहे नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीप कुमार उपाध्याय के बेटे आशीष शर्मा का टिकट कटना यहां के दो तीन क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है। प्रतिनिधि सभा के उच्च सदन के 110 सीटें समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत भरी जाएगी, जिसके लिए राजनी. तिक दलों ने अपने उम्मीदवारों की सूची चुनाव आयोग को पहले ही सौंप दी है। चुनाव में मिले मतों के प्रतिशत के आधार पर उच्च सदन में किस राजनीतिक दल के कितने सदस्य नामित किए जा सकते हैं, यह तय होता है। उच्च सदन के प्रति. निधियों का नाम राजनीतिक दलें अपने हिसाब से करती हैं। अभी जैसा कि नेपाल का चुनावी परिदृश्य दिख रहा है, उस हिसाब से किसी पार्टी के पक्ष में राय जाहिर करना जल्दबाजी होगी। नेपाल चुनाव में दिलचस्पी रखने वाले देश विदेश के विश्लेषक भी यह तय कर पाने की स्थिति में नहीं हैं कि नेपाल के चुनाव परिणाम का सीन क्या होगा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जबड़े ने सुलझाई गिबन की गुत्थी

> शोधकर्ताओं का कहना है कि भारत में मिला जीवाश्म कैपी रगनेगेरेंसिस प्रजाति का है जो दक्षिण एशियाई प्राइमेट्स के विलुप्त हो चुके समूह का है, और वह वर्तमान कपियों का करीबी सम्बंधी नहीं था। वर्तमान प्राइमेट्स के पूर्व में किए गए डीएनए विश्लेषण से पता चलता है कि हाइलोबैटिड्स अफीका में अन्य कपियों से लगभग 2.2 करोड़ से 1.7 करोड़ वर्ष पूर्व अलग हो गए थे। लेकिन यह अभी एक रहस्य ही है गिबन के पूर्वज युरेशिया कब पहुंचे। एशिया में वाई. शाओयुआन के साक्ष्य मिलने और अफीका या उसके आसपास के क्षेत्रों में हाइलोबैडिट्स की उत्पत्ति के बीच लगभग एक करोड़ वर्ष का अंतर है। आनुवंशिक साक्ष्य यह भी इंगित करते हैं कि वर्तमान गिबन प्रजातियों के साझा पूर्वज लगभग 80 लाख वर्ष पूर्व पृथ्वी पर रहते थे।

गिबन छोटे शरीर और लंबी बाहों वाले, पेड़ों पर छलांग लगाने वाले कपि हैं जो उत्तरपूर्वी भारत, पूर्वी बांग्लादेश और दक्षिणपूर्वी चीन से लेकर इंडोनेशिया के कई द्वीपों में पाए जाते हैं, लेकिन इनके उद्विकास की कहानी को समझना वैज्ञानिकों के लिए मुश्किल रहा है। अब दक्षिण-पश्चिमी चीन के एक गांव के पास मिले एक जीवाश्म से बात कुछ पकड़ में आई है। इस जीवाश्म में ऊपरी जबड़े का हिस्सा और सात अलग-अलग दांत हैं। इससे इस पूर्व निष्कर्ष की पुष्टि हुई है कि सबसे पहले ज्ञात गिबन लगभग 70 से 80 लाख साल पहले इस इलाके में रहते थे।



चीन के कुनमिंग नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम ऑफ जूलॉजी के पुरा-मानवविज्ञानी ज्युपिंग जी और उनके साथियों का कहना है कि यह जीवाश्म और इस क्षेत्र व इसके पास के क्षेत्र से मिले 14 दांत युआनमोपिथेकस शाओयुआन नामक एक प्राचीन हाइलोबैटिड प्रजाति के हैं। हाइलोबैटिड्स कपियों का एक कुल है जिसमें वर्तमान गिबन्स की लगभग 20 प्रजातियां और पूर्वोत्तर भारत से इण्डोनेशिया तक के उष्णकटिबंधीय जंगलों में पाए जाने वाले सियामांग गिबन शामिल हैं। 2006 में वाई. शाओयुआन के बारे में पता चलने के बाद जी और उनके दल का मानना था कि यह एक प्राचीन गिबन है। लेकिन इसकी पुष्टि के लिए अतिरिद्र जीवाश्मों की आवश्यकता थी। लगभग एक दशक पूर्व एक स्थानीय निवासी को वाई. शाओयुआन का ऊपरी जबड़े का हिस्सा मिला था। इस जबड़े में चार दांत और दाढ़ का कुछ हिस्सा था। इसकी मदद से शोधकर्ता यह समझ सके थे कि यह एक शिशु गिबन का जबड़ा है जो 2 वर्ष की उम्र के पूर्व ही मर गया था। आधुनिक कपियों और प्राचीन प्राइमेट्स के जीवाश्मों की तुलना करने पर पाया गया कि वाई. शाओयुआन सबसे प्राचीन ज्ञात गिबन है। ये नतीजे दो साल पूर्व की एक रिपोर्ट को झुठलाते हैं जो कहती है कि उत्तरी भारत में हाइलोबैडिट कुल की लगभग 1.3 करोड़ वर्ष पुरानी दाढ़ मिली थी। शोधकर्ताओं का कहना है कि भारत में मिला जीवाश्म कैपी रगनेगेरेंसिस प्रजाति का है जो दक्षिण एशियाई प्राइमेट्स के विलुप्त हो चुके समूह का है, और वह वर्तमान कपियों का करीबी सम्बंधी नहीं था। वर्तमान प्राइमेट्स के पूर्व में किए गए डीएनए विश्लेषण से पता चलता है कि हाइलोबैटिड्स अफीका में अन्य कपियों से लगभग 2.2 करोड़ से 1.7 करोड़ वर्ष पूर्व अलग हो गए थे। लेकिन यह अभी एक रहस्य ही है गिबन के पूर्वज युरेशिया कब पहुंचे। एशिया में वाई. शाओयुआन के साक्ष्य मिलने और अफीका या उसके आसपास के क्षेत्रों में हाइलोबैडिट्स की उत्पत्ति के बीच लगभग एक करोड़ वर्ष का अंतर है।


आनुवंशिक साक्ष्य यह भी इंगित करते हैं कि वर्तमान गिबन प्रजातियों के साझा पूर्वज लगभग 80 लाख वर्ष पूर्व पृथ्वी पर रहते थे, इसी समय वाई. शाओयुआन भी पृथ्वी पर निवास करते थे। तो हो सकता है कि इसके बाद के सभी गिबन्स के पूर्वज वाई. शाओयुआन हों, या यह भी हो सकता है कि आधुनिक गिबन के पूर्वज और वाई. शाओयुआन निकट सम्बंधी हों। जर्नल ऑफ ह्यूमन इवॉल्यूशन में शोधकर्ता बताते हैं कि दांत की चबाने वाली सतह पर बने उभार और गढ्डों के निशान और दांतों व जबड़े की अन्य विशेषताएं काफी हद तक वर्तमान गिबन की तरह हैं। इसके अलावा वाई. शाओयुआन के अश्मीभूत दांत की कुछ विशेषताएं आधुनिक गिबन के दांतों की विशेषताओं की पूर्ववर्ती लगती हैं। दाढ़ के आकार के आधार पर शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वाई. शाओयुआन का वजन लगभग छह किलोग्राम था, यह भी आधुनिक गिबन्स के समान है। इनके दाढ़ की संरचना इंगित करती है कि यह भी वर्तमान गिबन की तरह मुख्यत: फल खाता था। बहरहाल के. रगनेगेरेंसिस के विकास की कहानी अभी अस्पष्ट ही है क्योंकि इसका केवल एक ही दांत मिला है, जिसके आधार पर पुख्ता तौर पर कुछ कहना मुश्किल है।

**...स्रोत फीचर्स**

# बालिकाओं के साथ हैवानियत के बढ़ते मामले चिंताजनक

**राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष**





**श्वेता गोयल**

वर्ष 2008 से प्रतिवर्ष 24 जनवरी को 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया जाता है, जो पूरी तरह लड़कियों को समर्पित है। प्रत्एक बालिका को मानवीय अधिकार मिलना सुनिश्चित करने, समाज में बालिकाओं के अधिकारों को लेकर जागरूकता पैदा करने तथा उन्हें नया अवसर मुहैया कराने के उद्देश्य से 2008 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा इस दिवस की शुरूआत की गई थी।

दरअसल बालिकाओं को शिक्षा, कानूनी अधिकार और सम्मान जैसे मामलों में असमानता का शिकार होना पड़ता है और ऐसे मामलों को दुनिया के समक्ष लाना, लोगों के बीच बराबरी का अहसास पैदा करना, लड़कियों के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता पैदा करना ही इस दिवस का अहम उद्देश्य है। लैंगिक भेदभाव तो सदियों से एक बहुत बड़ी समस्या है, इसीलिए राष्ट्रीय बालिका दिवस के माध्यम से लोगों में लैंगिक असमानता को लेकर जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया जाता है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में बालिकाओं के कल्याण के लिए सरकारों द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरूआत की गई है, बालिका विवाह और लिंग परीक्षण पर रोक जैसे कानून लागू हैं और बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसा महत्वपूर्ण अभियान चलाया जा रहा है लेकिन छोटी-छोटी बालिकाओं पर अत्याचारों का सिलसिला निर्बाध रूप से जारी है। संयुक्त राष्ट्र महिला के आंकड़ों के अनुसार विश्वभर में 15-19 आयु वर्ग की करीब डेढ़ करोड़ किशोर बालि. काएं अपने जीवन में कभी न कभी यौन उत्पीड़न का शिकार होती हैं। अगर पिछले कुछ दिनों के मामलों पर नजर डालें तो बालिकाओं के शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न की काफी वीभत्स तस्वीर सामने आती है। देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार सामने आते ऐसे मामलों की लंबी फेहरिस्त है। आए दिन अबोध बालिकाओं के साथ हैवानियत के निरन्तर सामने आते ऐसे मामलों से इंसानियत भी शर्मसार हो रही है। चिंताजनक स्थिति यह है कि अक्सर ऐसे ज्यादातर मामलों में पुलिस का गैरजिम्मेदाराना और लापरवाही भरा रवैया सामने आता रहा है। निर्भया कांड के बाद कानूनों में सख्ती और महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने के बाद भी अगर इस तरह के मामले थमने का नाम नहीं ले रही तो इसका स्पष्ट कारण यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं होती, जिसके वे हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। हैदराबाद की बेटी दिशा का मामला हो या उन्नाव पीड़िता का अथवा हाथरस या बुलंदशहर की बेटियों का, लगातार सामने आते ऐसे तमाम मामलों से स्पष्ट है कि केवल कानून कड़े कर देने से ही बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने वाले नहीं हैं। यह विडम्बना ही है कि हम नवरात्र जैसे पर्वों पर बालिका पूजन करने का ढ़ोंग करते हैं लेकिन देवी स्वरूपा उन्हीं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं करते। बेहद चिंताजनक स्थिति है कि भारत में प्रतिवर्ष 3-7 लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिए जाते हैं। हालांकि आज कई बालिकाएं भी विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ रही हैं लेकिन उसके बावजूद शिक्षा, कानूनी अधिकार और सम्मान जैसे मामलों में उन्हें 21वीं सदी में भी असमानता की शिकार होना पड़ता है। तमाम जागरूकताओं के बावजूद समाज में लैंगिक भेदभाव आज भी बरकरार है। बहुत से मामलों में बालिकाओं के नजदीकी लोग ही उनका शोषण करते हैं। सरकारों द्वारा भले ही 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाओं का गणेश कर दिया गया है लेकिन जब कुछ मामलों में कानून के रक्षक ही बालिकाओं के शोषण के मामले में भक्षक की भूमिका में सामने आते हैं तो ऐसी योजनाएं औचित्यहीन प्रतीत होने लगती हैं। बालिकाएं आज स्वयं को कहीं भी सुरक्षित नहीं समझती, इसलिए केवल कागजों में बालिकाओं के कल्याण के लिए नई-नई योजनाएं बनाते रहने से तब तक कुछ हासिल नहीं होने वाला, जब तक कि समाज बालिकाओं को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध होने की गारंटी न दे। बहरहाल, राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सरकार के साथ समाज भी अगर लिंगभेद को खत्म करने तथा देश में ऐसा वातावरण निर्मित करने का संकल्प ले, जहां बालिकाएं स्वयं को हर जगह सुरक्षित महसूस करें, तभी ऐसे दिवस मनाए जाने की कुछ सार्थकता होगी। जरूरत इस बात की है कि बालिकाओं के साथ दरिंदगी करने वालों के लिए बेहद कड़े कानून बनें, ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन हो और ऐसे मामलों की जांच में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों तथा अन्य अधिकारियों को कड़े दंड का प्रावधान हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड के लिए बारिश से प्रभावित पूर्वाभ्यास के दौरान उपस्थित लोग प्लास्टिक की चादरों के नीचे शरण लेते हुए।

## ऑस्ट्रेलिया में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या करने वाले की तलाश जारी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स की पुलिस घरेलू हिसा से जुड़ी गोलीबारी में तीन लोगों की हत्या करने वाले आरोपी की तलाश कर रही है। स्थानीय समयानुसार, गुरुवार की शाम करीब 4:20 बजे हुई गोलीबारी के बाद पुलिस 37 वर्षीय संदिग्ध जूलियन इनग्राम को तलाश कर रही है। गुरुवार को पुलिस के साथ-साथ उसकी तलाश के लिए हेलीकॉप्टरों को भी तैनात किया गया था। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि एक वाहन में 25 वर्षीय महिला और 32 वर्षीय पुरुष की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

# ट्रम्प के गाजा पीस बोर्ड को लेकर घिरे पाक पीएम

## विपक्ष बोला: ट्रम्प को खुश करने के लिए इससे जुड़े शहबाज, यह अमीरों का एक क्लब



■ पाकिस्तान में विपक्षी पार्टियों ने उनके फैसले का विरोध किया है और इसे पाकिस्तान के लिहाज से गलत बताया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को दावोस में अमेरिका के 'बोर्ड ऑफ पीस' के चार्टर पर साइन किए हैं। इस बोर्ड को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अगुवाई में गाजा में शांति कायम करने और फिर से बसाने के लिए बनाया गया है। पाकिस्तानी मीडिया डान के मुताबिक ऐसा करके शहबाज शरीफ अपने ही घर में घिर गए हैं।

पाकिस्तान में विपक्षी पार्टियों ने उनके फैसले का विरोध किया है और इसे पाकिस्तान के लिहाज से गलत बताया है। प्रसिद्ध पत्राकार और लेखक जाहिद हुसैन ने कहा कि पाकिस्तान ने जल्दबाजी में यह कदम उठाया है। हुसैन ने कहा कि पीएम को दूसरों के फैसलों का इंतजार करना चाहिए था। उन्होंने इसे ट्रम्प की जोखिम भरी नीति का हिस्सा बताया और कहा कि यह बोर्ड यूनाइटेड नेशन (यूएन) के जैसा एक संगठन बन रहा है, जो वैश्विक व्यवस्था के लिए खतरा है। हुसैन ने कहा कि यह बस एक अमीरों का क्लब बन रहा है। लेखक हुसैन ने चिंता जताई कि पाकिस्तान ट्रम्प की गुड बुक्स में रहने के लिए उनकी नीतियों का पालन कर रहा है। एक जिम्मेदार देश की विदेश नीति ऐसी नहीं होती। बोर्ड में इजरायल और अब्राहम समझौते करने वाले देश शामिल हैं, लेकिन फिलिस्तीनियों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। उन्होंने इसे विनाशकारी कदम' करार दिया। उन्होंने पूछा कि क्या पाकिस्तान हमास को हथियार छोड़ने पर मजबूर करने के लिए तैयार है। उन्होंने आशंका जताई कि अमेरिकी जनरल के नेतृत्व में गाजा में फोर्स तैनात हो सकता है और पाकिस्तानी सैनिकों को फिलिस्तीनी प्रतिरोध से लड़ना पड़ सकता है। संसद में विपक्षी नेता अल्लामा राजा नासिर अब्बास ने एक्स पर पोस्ट कर इसे नैतिक रूप से गलत और अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि यह बोर्ड फलस्तीनियों से उनका अधिकार छीन रहा है। यह फलस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार को कमजोर करेगा और यूएन को हाशिए पर धकेलने की कोशिश है। पाकिस्तान, जो कश्मीर जैसे मुद्दों पर यूएन के प्रस्तावों पर जोर देता है, इस तरह की पहल में शामिल होकर अपनी विश्वसनीयता खो रहा है। तहरीक-ए-तहफ्फुज के नेता मुस्तफा नवाज खोखर ने बिना संसद या सार्वजनिक बहस के इस बोर्ड में शामिल होना सरकार की मनमानी को दिखाता है। उन्होंने इसे औपनिवेशिक परियोजना (किसी शक्तिशाली देश का दूसरे देश पर कब्जा) बताया और कहा कि बोर्ड का चार्टर ट्रम्प को अत्यधिक शक्तियां देता है। खोखर के मुताबिक, बोर्ड के सदस्य को ट्रम्प शामिल या हटा जा सकते हैं और उनके पास वीटो का अधिकार भी होगा। खोखर ने सवाल उठाया कि अगर यह बोर्ड ईरान जैसे किसी देश के खिलाफ कार्रवाई का फैसला करता है, तो पाकिस्तान क्या करेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान खुद को ऐसे खतरनाक जिम्मेदारियों से बांध रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन ने पांच उप-रक्षा मंत्रियों को हटाया

**कीव।** यूक्रेन ने पांच उप-रक्षा मंत्रियों को हटया है। रक्षा मंत्री मिखाइलो फेडोरोव ने गुरुवार को टेलीग्राम पर यह जानकारी दी। फेडोरोव ने कहा कि यह फेरबदल यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और दुश्मन तथा उसकी अर्थव्यवस्था के खिलाफ 'एसिमिट्रिक' एवं साइबर हमलों को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है। रक्षा मंत्री के अनुसार कैबिनेट ने अनातोली क्लोचको, ओलेक्सांद्र कोज़ेंको, मायकोला शेवत्सोव, वलोडिमिर ज़्वेरुखा और हन्ना ग्वोज्दियार को उनके पदों से हटा दिया है।

### न्यूज़ीलैंड के उत्तरी द्वीप में भूस्खलन से चीनी नागरिक की मौत

**वेलिंगटन।** न्यूज़ीलैंड में उत्तरी द्वीप के पश्चिमी बे ऑफ़ प्लेंटी में भूस्खलन में एक चीनी नागरिक की मौत हो गई है। न्यूज़ीलैंड में चीनी दूतावास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। न्यूज़ीलैंड के बे ऑफ़ प्लेंटी इलाके में माउंट माउंगानुई के बेस पर एक हॉलिडे पार्क में गुरुवार को हुए बड़े भूस्खलन के बाद बच्चों समेत कई लोग लापता हैं। भारी बारिश और बाढ़ ने इस द्वीप के कुछ हिस्सों को तबाह कर दिया है, जिससे लोगों के घरों में बिजली बंद हो गई और द्वीप के पूर्वी तट पर कुछ इलाके अलग-थलग पड़ गए हैं।

### विमानन में सहयोग बढ़ाएंगे भारत-यूरोपीय संघ

**दावोस।** भारत और यूरोपीय संघ ने विमानन के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए नियामकों के बीच सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धाता जताई है तथा ढांचागत विकास के लिए एक कार्ययोजना तैयार की है। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने गुरुवार को दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के वैश्विक आर्थिक शिखर सम्मेलन के दौरान यूरोपीय संघ के परिवहन आयुक्त अपोस्टोलोस त्जित्जिकोस्टास से मुलाकात की।

# ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनकर फैमिली बिजनेस बढ़ाया

## एक साल में संपत्ति 12800 करोड़ बढ़ी, भारत में 8 प्रोजेक्ट चल रहे



■ असली कमाई इससे ज्यादा भी हो सकती है, क्योंकि कई मुनाफे सार्वजनिक नहीं किए गए हैं
■ संपत्ति एक ऐतिहासिक धरोहर है और 2019 से उनका मुख्य निवास स्थान है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को दावोस में दावा किया कि वे अमेरिका को फिर से महान और अमीर बना रहे हैं। उन्होंने अपनी नीतियों और टैरिफ के कारण 16.48 लाख करोड़ रुपये के निवेश आने का दावा किया। वहीं 20 जनवरी को आई न्यूयार्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, टैरिफ वॉर का बोझ अमेरिकी उपभोक्ताओं पर पड़ा। इस दौरान ट्रम्प की निजी संपत्ति में जबरदस्त इजाफा हुआ है।

जनवरी 2025 में दोबारा व्हाइट हाउस लौटने के बाद पिछले एक साल में ट्रम्प की संपत्ति कम से कम करीब 12810 करोड़ रुपये बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि असली कमाई इससे ज्यादा भी हो सकती है, क्योंकि कई मुनाफे सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में 8 ट्रम्प-ब्रांडेड प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं या प्लान्ड हैं, जिनमें रेसिडेंशियल टावर्स, कमर्शियल स्पेस और अन्य शामिल हैं।

डोनाल्ड ट्रम्प का महंगा और प्रसिद्ध आवास फ्लोरिडा के पाम बीच में स्थित मार-ए-लागो क्लब और एस्टेट है। यह संपत्ति एक ऐतिहासिक धरोहर है और 2019 से उनका मुख्य निवास स्थान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने राष्ट्रपति के पद की शक्ति का इस्तेमाल कर खुद और परिवार को फायदा पहुंचाया। ट्रम्प विदेशी सरकारों और कंपनियों से ऐसे सौदे कर रहे हैं जिनसे उनके परिवार को पैसा मिल रहा है। ट्रम्प की कमाई का बड़ा हिस्सा विदेशी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स से आया है। ट्रम्प आर्गनाइजेशन 20 से ज्यादा विदेशी प्रोजेक्ट्स चला रहा है।

### ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी टीम ने बड़े पैमाने पर चंदा भी जुटाया

**न्यूयार्क** टाइम्स की जांच में सामने आया है कि चुनाव के बाद ट्रम्प और उनके करीबियों ने करीब 2 अरब डॉलर (18 हजार करोड़ रुपये) अलग-अलग फंड और योजनाओं के लिए इकट्ठा किए। यह रकम उनके इलेक्शन कैंपेन के लिए जुटाई गई राशि से भी ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी कागजात, फंडिंग रिकॉर्ड और कई लोगों से बातचीत करके पता लगा कि कम से कम 346 बड़े दानदाता ऐसे हैं, जिनमें से हर एक ने 2.5 लाख डॉलर या उससे ज्यादा का चंदा दिया। इन लोगों से ही करीब 50 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम आई। इनमें से लगभग 200 दानदाता ऐसे हैं, जिन्हें या जिनके कारोबार को ट्रम्प सरकार के फैसलों से फायदा मिला। इनमें सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसे 6 भारतवंशी बिजनेसमैन शामिल हैं। हालांकि रिपोर्ट यह भी कहती है कि यह साबित करना मुश्किल है कि किसी ने पैसा दिया।

उन्होंने 'ट्रम्प' नाम को लाइसेंस देकर करीब 210 करोड़ रुपये कमाए, जिसमें ओमान में लग्जरी होटल और सऊदी अरब में गोल्फ कोर्स शामिल हैं। भारत में पहला ट्रम्प-ब्रांडेड कमर्शियल प्रोजेक्ट ट्रम्प वर्ल्ड सेंटर पुणे में बन रहा है। इससे ट्रम्प को 289 मिलियन डॉलर से ज्यादा की कमाई होने का अनुमान है। गुड़गांव में रेसिडेंशियल और होटल प्रोजेक्ट्स लिस्टेड हैं। दिलचस्प बात यह है कि कुछ महीने पहले ट्रम्प ने भारत को डेड इकानमी कहा था। वियतनाम पर पिछले साल अमेरिका ने 46 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था। टैरिफ कम करने के बदले ट्रम्प आर्गनाइजेशन को हनोई में 1.5 बिलियन डॉलर का गोल्फ प्रोजेक्ट शुरू करने की मंजूरी मिली और टैरिफ घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट को मंजूरी देने के लिए स्थानीय कानूनों को भी दरकिनार किया गया। इसी तरह, इंडोनेशिया में अक्टूबर 2025 में एक वायरल वीडियो में राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो को ट्रम्प के बेटे एरिक से मिलने की बात करते सुना गया। एरिक ट्रम्प परिवार का बिजनेस संभाल रहे हैं। इंडोनेशिया में मार्च में पहला ट्रम्प-ब्रांडेड गोल्फ क्लब खुला। वहां एक और प्रापर्टी और बाली में एक रिसार्ट भी ट्रम्प आर्गनाइजेशन की वेबसाइट पर लिस्टेड हैं। ट्रम्प आर्गनाइजेशन वियतनाम के हनोई में गोल्फ प्रोजेक्ट शुरू करने की तैयारी कर रहा है। ट्रम्प की सबसे बड़ी कमाई क्रिप्टोकरेंसी से हुई है। पिछले साल उनकी फैमिली से जुड़ी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल कंपनी और एक मीम काइन से कम से कम 867 मिलियन डॉलर आए। 2025 में यूएई की एक फर्म ने ट्रम्प की कंपनी में 2 बिलियन डॉलर डाले, जो विश्व लिबर्टी फाइनेंशियल मानी जाती है। कुछ हफ्तों बाद ट्रम्प ने यूएई को सेमीकंडक्टर चिप्स बेचने की मंजूरी दी। ट्रम्प और उनके बेटों के पास वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल में 5 बिलियन डॉलर से ज्यादा के स्टेक हैं, जो परिवार की सबसे बड़ी संपत्ति बन गई है। पाकिस्तान के साथ भी एक बड़ा क्रिप्टो डील हुआ है, जो 17000 करोड़ रुपये का बताया जा रहा है। इसके अलावा, ट्रम्प और मेलानिया ने फिल्ममेकिंग से भी कमाई की। अमेजन ने मेलानिया के आने वाले डाक्यूमेंट्री 'मेलानिया' के राईट के लिए 28 मिलियन डॉलर दिए। साथ ही, टेक और मीडिया कंपनियों जैसे एक्स, मेटा, यूटयूब और पैरामाउंट ने ट्रम्प के खिलाफ मुकदमों को सेटल करने के लिए कुल 90.5 मिलियन डॉलर दिए। यूटयूब ने ट्रम्प के चैनल सस्पेंड करने पर 24.5 मिलियन डॉलर, जबकि पैरामाउंट ने कमला हैरिस के इंटरव्यू एडिट मामले में 16 मिलियन डॉलर चुकाए।

# कनाडा और अमेरिका के रिश्तों में तल्खी उजागर

■ राष्ट्रपति ट्रम्प ने 'बोर्ड ऑफ पीस' से मार्क कार्नी का निमंत्रण वापस लिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि प्रस्तावित 'बोर्ड ऑफ पीस' (शांति बोर्ड) ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को दिया गया निमंत्रण वापस ले लिया है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट से इस निर्णय की जानकारी दी। प्रधानमंत्री कार्नी को संबोधित एक संक्षिप्त पत्र के रूप में लिखे संदेश में ट्रम्प ने बिना कोई विशेष कारण बताए स्पष्ट किया कि कनाडा के इस निकाय में शामिल होने के निमंत्रण को रद्द माना जाए। यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच गहराते कूटनीतिक मतभेदों की ओर इशारा कर रहा है।

यह कदम दोनों नेताओं के बीच इस सप्ताह हुई सार्वजनिक बयानबाजी और तीखी नोकझोंक के बाद उठाया गया है। इससे पहले गुरुवार को कार्नी ने ट्रंप के उस विवादास्पद दावे को सिरे से खारिज कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि कनाडा अपने अस्तित्व के लिए अमेरिका पर निर्भर है। स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच से लौटने के बाद कार्नी ने क्यूबेक सिटी में कहा था कि कनाडा और अमेरिका के बीच आर्थिक और सुरक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय साझेदारी है, लेकिन कनाडा अमेरिका के कारण जीवित नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कनाडा अपनी विशिष्ट पहचान और नागरिकों के कारण फल-फूल रहा है। दावोस शिखर सम्मेलन के दौरान कार्नी ने वैश्विक व्यवस्था में आने वाली 'दरार' के प्रति आगाह किया था और प्रमुख शक्तियों द्वारा टैरिफ (शुल्क) तथा आर्थिक दबाव के उपयोग की खुलकर आलोचना की थी। उन्होंने ग्रीनलैंड और डेनमार्क के प्रति भी अपना समर्थन व्यक्त किया था, जिसे अमेरिकी नीतियों के विरोध के रूप में देखा गया। इसके विपरीत, ट्रम्प ने उसी मंच से बोलते हुए दावा किया था कि कनाडा अमेरिका की वजह से ही जीवित है। दावोस में अमेरिकी राष्ट्रपति और कनाडाई प्रधानमंत्री के बीच कोई द्विपक्षीय मुलाकात भी नहीं हुई थी, जिससे तनाव की स्थिति पहले ही स्पष्ट हो गई थी। व्हाइट हाउस में दोबारा वापसी के बाद से ट्रम्प ने कनाडा के साथ व्यापारिक और राजनीतिक मोर्चे पर कड़ा रुख अपना रखा है। उन्होंने कनाडा पर व्यापक व्यापारिक शुल्क लगा दिए हैं और बार-बार यह सुझाव देकर विवाद पैदा किया है कि कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बन जाना चाहिए।

# अमेरिका ने वर्ल्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन छोड़ा

■ डब्ल्यूएचओ का दो हजार 380 करोड़ बकाया, अमेरिका बोला: भुगतान नहीं करेंगे, जरूरत से ज्यादा दे चुके

**वाशिंगटन।** अमेरिका आज आधिकारिक तौर पर वर्ल्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) से बाहर हो गया। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि हम डब्ल्यूएचओ में दोबारा शामिल होने की कोई योजना नहीं बना रहे हैं। अमेरिका अब देशों के साथ सीधे संपर्क करके रोग निगरानी और दूसरे प्राथमिकताओं पर काम करेगा।

अमेरिका पर डब्ल्यूएचओ की करीब 2 हजार 380 करोड़ रुपये से ज्यादा की फीस बकाया है। हालांकि, ट्रम्प प्रशासन का कहना है कहा कि वे कोई भुगतान नहीं करेंगे क्योंकि डब्ल्यूएचओ को पहले ही जरूरत से ज्यादा दिया गया है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस फैसले से अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के हेल्थ सिस्टम पर असर पड़ सकता है। इसे अमेरिकी कानून के खिलाफ भी माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2025 में राष्ट्रपति बनने के पहले ही दिन डब्ल्यूएचओ से बाहर होने का फैसला किया था। गुरुवार को अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि डब्ल्यूएचओ बीमारियों को रोकने, संभालने और जानकारी शेयर करने में नाकाम रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) यूनाइटेड नेशन की एक खास एजेंसी है, जो वैश्विक स्वास्थ्य से जुड़े मामलों पर काम करती है।

# हिटलर के बाद सबसे ताकतवर सेना बना रहा जर्मनी

## युवाओं को 2.5 लाख महीने का ऑफर, ट्रम्प का धोखा और पुतिन से डर इसकी वजह



**बर्लिन।** द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी ने लंबे समय तक सैन्य ताकत से दूरी बनाए रखी, लेकिन अब उसने सेना पर खर्च बढ़ा दिया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मन सरकार यूरोप की सबसे ताकतवर सेना बनाने के मिशन पर निकल चुकी है। युवाओं को सेना में लाने के लिए करीब 2.5 लाख महीने तक का ऑफर दिया जा रहा है। रूस के बढ़ते खतरे और ट्रम्प के दौर में अमेरिका से टूटते भरोसे ने जर्मनी को यह एहसास दिला दिया है कि अब अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी उसे खुद ही उठानी होगी। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज मई 2025 में एक सैन्य समारोह में सैनिकों का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे थे। रिपोर्ट के मुताबिक इस साल की शुरुआत से ही जर्मनी में 18 साल के लड़कों को एक जरूरी फार्म भेजा जा रहा है। इसमें उनसे पूछा जा रहा है कि वे सेना में जाने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से कितने सक्षम हैं। यह नियम पिछले महीने पास हुए एक नए कानून के बाद लागू किया गया है। वहां पर सेना में भर्ती होना स्वैच्छिक (इच्छा से) है, लेकिन नया कानून सरकार को यह अधिकार देता है कि अगर जरूरत पड़ी तो जरूरी सैन्य सेवा भी लागू की जा सकती है। सरकार का मकसद यूरोप की सबसे ताकतवर सेना बनाना है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार होगा। जर्मन सेना (बुंडेसवेयर) में पिछले साल नवम्बर तक एक्टिव आर्मी की संख्या 1 लाख 84 हजार थी। मई से नवम्बर 2025 के बीच इसमें 25000 का इजाफा किया गया। मई में ही चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने संसद से कहा था कि जर्मन सेना को 'यूरोप की सबसे मजबूत सेना' बनना होगा। बुंडेसवेयर के सैन्य इतिहासकार टीमो ग्राफ ने अल जजीरा से कहा कि बहुत लंबे समय के बाद सेना इतनी बड़ी हुई है।

# इंसानों को संघर्ष छोड़, एकता के साथ होना चाहिए: सुनीता विलियम्स

**कोझिकोड।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने इंसानों से संघर्षों पर पुनर्विचार करने और एकता का रास्ता अपनाने का आग्रह किया। सुविलियम्स ने केरल के कोझिकोड में आयोजित 'केरल लिटरेचर फेस्टिवल' (केएलएफ) में पृथ्वी पर जीवन के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे अंतरिक्ष से देखने पर पृथ्वी पर राष्ट्रों की सीमाएं गायब हो जाती हैं और पृथ्वी एक साझा घर के रूप में दिखाई देता है। अंतरिक्ष यात्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक-दूसरे से लड़ने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि अंतरिक्ष से देखने पर पृथ्वी एक साझा घर की तरह दिखती है।




# जेलेंस्की बोले: पुतिन के पास पैसा खत्म, तो जंग भी खत्म

## अगर अमेरिका रूसी तेल टैंकर रोक सकता है, तो यूरोप क्यों नहीं



■ जेलेंस्की ने संघर्ष विराम को लेकर कहा कि अमेरिका के साथ अभी तक कोई पक्का समझौता नहीं हुआ है

दावोस। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अगर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास पैसा खत्म हो जाएगा तो यूक्रेन जंग भी खत्म हो जाएगी। उन्होंने गुरुवार को यह बात स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनामिक फोरम में कही। उन्होंने कहा कि जब अमेरिका रूसी तेल टैंकर रोक सकता है और तेल जब्त कर सकता है तो यूरोप क्यों नहीं करता। यूरोप के तटों से होकर जाने वाला यही तेल यूक्रेन के खिलाफ जंग को पैसा दे रहा है। अगर पुतिन के पास पैसा नहीं बचेगा तो यूरोप में कोई युद्ध नहीं बचेगा।

जेलेंस्की ने कहा कि यही रवैया पहले ईरान के साथ भी देखा गया। वहां लोग आजादी के लिए सड़कों पर उतरे लेकिन आंदोलनों को खून में डुबो दिया गया और दुनिया चुप रही। उन्होंने यूरोप को याद दिलाया कि रूस की संपत्तियां फीज तो की गईं, लेकिन जब उन्हीं पैसों से यूक्रेन की रक्षा की बात आई तो फैसला रोक दिया गया। जेलेंस्की ने कहा कि रूस के खिलाफ 'वार क्राइम ट्रिब्यूनल' बनाने को लेकर सिर्फ बैठकें हुईं नतीजा कुछ भी नहीं निकला। उन्होंने सीधे पूछा कि क्या यह समय की कमी है या राजनीतिक हिम्मत की। जेलेंस्की ने माना कि सुरक्षा गारंटी पर बातें हो रही हैं और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने जो वादे किए हैं उसके लिए वे आभारी हैं, लेकिन हर बार बात अटक जाती है। आखिर में कहा जाता है कि ट्रम्प का सहारा चाहिए। जेलेंस्की ने संघर्ष विराम को लेकर कहा कि अमेरिका के साथ अभी तक कोई पक्का समझौता नहीं हुआ है। जेलेंस्की ने संघर्ष विराम को लेकर कहा कि अमेरिका के साथ अभी तक कोई पक्का समझौता नहीं हुआ है। जेलेंस्की ने कहा कि यूरोप को अब अपनी सुरक्षा खुद करनी होगी। नाटो पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यह संगठन सिर्फ इस भरोसे पर टिका है कि अमेरिका जरूरत पड़ने पर आगे आएगा, लेकिन अगर अमेरिका नहीं आया तो क्या होगा। उन्होंने कहा कि यूरोप को आत्मरक्षा करना सीखना होगा। वो ग्रीनलैंड में 14 या 40 सैनिक भेजकर क्या हासिल करना चाहता है? इससे पुतिन को क्या मैसेज जाता है, चीन को क्या मैसेज जाता है और शायद सबसे जरूरी बात, इससे डेनमार्क को क्या मैसेज जाता है ,उन्होंने कहा कि यूक्रेन को ठंडे इलाकों में लड़ने का असली अनुभव है और वह ग्रीनलैंड की रक्षा कर सकता है लेकिन वह नाटो का सदस्य नहीं है। ईरान और बेलारूस का जिक्र करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि जब आजादी के लिए लड़ने वालों की मदद नहीं की जाती तो उसके नतीजे लौटकर आते हैं। बेलारूस में रूस ने मिसाइलें तैनात कर दीं और मिसाइलें सिर्फ दिखावे के लिए नहीं होतीं। जेलेंस्की ने कहा कि ग्रीनलैंड के मामले में भी यूरोप वही गलती कर रहा है और यह सोचकर बैठा है कि कोई और आकर समस्या सुलझा देगा जबकि इस बीच रूस की युद्ध मशीन लगातार चल रही है।

